दृष्टि The Vision

Prelims Practice Series

# प्रिलिम्स प्रैक्टिस सीरीज़

(6 पुस्तकों की शृंखला की छठी कड़ी)

# भारत 2020, बजट, आर्थिक सर्वेक्षण, एवं करेंट अफेयर्स

IAS, PCS, CDS, NDA, CAPF, UGC-NTA NET आदि परीक्षाओं में पूछे जा सकने वाले 1500+ प्रश्नों व उनकी व्याख्याओं का संकलन

1500+ अभ्यास प्रश्न (व्याख्या सहित)

दृष्टि The Vision | drishti

Think IAS Think Drishti

अब घर बैठे कीजिये आई.ए.एस. की तैयारी क्योंकि हम आ रहे हैं आपके घर

# आई.ए.एस. प्रिलिम्स ऑनलाइन कोर्स

## (IAS Prelims Online Course)

प्रिय विद्यार्थियो,

संसाधन की कमी अक्सर हमारी उड़ान को सीमित कर देती है। हममें आगे बढ़ने की तड़प तो खूब होती है किंतु उसे साकार करने वाले साधनों का अभाव हमें मायूस कर देता है। पिछले कुछ समय से देश के विभिन्न हिस्सों से आप जैसे हज़ारों विद्यार्थियों ने हमें इस आशय के संदेश भेजे कि वो सिविल सेवा में जाने की इच्छा तो रखते हैं किंतु इसकी तैयारी के लिये दिल्ली में रहने का भारी-भरकम खर्च उठा पाना उनके लिये संभव नहीं है। साथ ही आपने हमसे यह अपेक्षा भी व्यक्त की कि हम ऐसी कोई व्यवस्था करें जिसमें आप घर-बैठे दृष्टि की कक्षा कार्यक्रम जैसी गुणवत्तापरक क्लास कर पाएँ। आपके इन्हीं निवेदनों को ध्यान में रखते हुए हम अपना पहला 'पेन ड्राइव कोर्स' जारी कर रहे हैं जो आई.ए.एस. प्रिलिम्स के पाठ्यक्रम पर केंद्रित है। इसमें आप सामान्य अध्ययन तथा सीसैट के कोर्स ले सकते हैं। लगभग 2 वर्षों की कठोर मेहनत से तैयार हुआ यह वीडियो कोर्स गुणवत्ता में अच्छे से अच्छे क्लासरूम प्रोग्राम को टक्कर दे सकता है। हमें विश्वास है कि यह कोर्स उस अंतराल को भरने में सफल होगा जो दिल्ली में रहकर तैयारी करने वाले और दिल्ली नहीं आ पाने वाले विद्यार्थियों के बीच बना रहता है। निकट भविष्य में हम IAS मुख्य परीक्षा और विभिन्न राज्यों की PCS परीक्षाओं के लिये भी ऑनलाइन कोर्स शुरू करेंगे।

# एडमिशन प्रारंभ

**विद्यार्थियों की भारी माँग को देखते हुए ऑनलाइन पेनड्राइव कोर्स पर 20% की विशेष छूट अब शुरुआती 1000 विद्यार्थियों के लिये उपलब्ध**

**मोड : पेन ड्राइव**

कक्षाओं की गुणवत्ता को परखने के लिये डेमो वीडियोज़ हमारे यूट्यूब चैनल **Drishti IAS** की प्लेलिस्ट **Online Courses** में देखें

ऑनलाइन कोर्स से जुड़ी हर जानकारी के लिये हमारी वेबसाइट **www.drishtiias.com** पर **FAQs** पेज देखें

## IAS प्रिलिम्स ऑनलाइन कोर्स की विशेषताएँ

1. 500+ घंटे की सामान्य अध्ययन की कक्षाएँ।
2. 120+ घंटे की सीसैट की कक्षाएँ।
3. प्रत्येक कक्षा को 3 बार देखने की सुविधा ताकि आप रिवीज़न भी कर सकें।
4. कक्षाओं में डिजिटल बोर्ड का इस्तेमाल। इमेज, वीडियो आदि की मदद से कठिन विषय समझाने की शैली।
5. हर क्लास के अंत में उस टॉपिक से IAS में पूछे गए और अन्य संभावित प्रश्नों का अभ्यास।
6. स्टेट-ऑफ-द-आर्ट कैमरा और साउंड क्वालिटी जो क्लास के अनुभव को एकदम वास्तविक जैसा बनाती है।
7. प्रिलिम्स के ठीक पहले करेंट अफेयर्स की 30 ऑनलाइन कक्षाएँ (निशुल्क)।
8. ऑनलाइन प्रिलिम्स टेस्ट सीरीज़ (25+5 टेस्ट) की निशुल्क सुविधा।
9. क्विक बुक सीरीज़ की 8 पुस्तकें निशुल्क, जिनके अलावा कोई और स्टडी मैटीरियल पढ़ने की ज़रूरत नहीं।
10. इस कोर्स को करने के बाद अगर आप दृष्टि की किसी भी शाखा में सामान्य अध्ययन (फाउंडेशन कोर्स) करते हैं तो आपकी ऑनलाइन कोर्स की फीस की 50% राशि की छूट दी जाएगी।

**जानकारी के लिये कॉल करें- 9319290700, 9319290701, 9319290702 या सिर्फ मिस्ड कॉल करें- 8010600300**

दिल्ली शाखा का पता : 641, प्रथम तल, डॉ. मुखर्जी नगर, दिल्ली-09

प्रयागराज शाखा का पता : ताशकंद मार्ग, निकट पत्रिका चौराहा, सिविल लाइंस, प्रयागराज

Ph.: 8448485517, 8448485519, 87501 87501, 011-47532596

# प्रिलिम्स प्रैक्टिस सीरीज़

# भारत 2020, बजट, आर्थिक सर्वेक्षण

एवं

# करेंट अफेयर्स

IAS, PCS, CDS, NDA, CAPF, UGC-NTA NET आदि परीक्षाओं में पूछे जा सकने वाले 1500+ प्रश्नों व उनकी व्याख्याओं का संकलन


दृष्टि पब्लिकेशन्स

**641,** प्रथम तल, डॉ. मुखर्जी नगर, दिल्ली-110009

दूरभाष: 011-47532596, 87501 87501

**Website:** www.drishtipublications.com, www.drishtiias.com

**E-mail :** booksteam@groupdrishti.com

**प्रथम संस्करण- जुलाई 2020**

**पुनर्मुद्रण- अगस्त 2020**

**मूल्य : ₹ 280**

***प्रकाशक***

***दृष्टि पब्लिकेशन्स,***

(A Unit of VDK Eduventures Pvt. Ltd.)

*641, प्रथम तल,*

*डॉ. मुखर्जी नगर,*

*दिल्ली-110009*

## *विधिक घोषणाएँ*

- इस पुस्तक में प्रकाशित सूचनाएँ, समाचार, ज्ञान एवं तथ्य पूरी तरह से सत्यापित किये गए हैं। फिर भी, यदि कोई जानकारी या तथ्य गलत प्रकाशित हो गया हो तो प्रकाशक, संपादक या मुद्रक उससे किसी व्यक्ति-विशेष या संस्था को पहुँची क्षति के लिये ज़िम्मेदार नहीं है।
- हम विश्वास करते हैं कि इस पुस्तक में छपी सामग्री लेखकों द्वारा मौलिक रूप से लिखी गई है। अगर कॉपीराइट उल्लंघन का कोई मामला सामने आता है, तो प्रकाशक को ज़िम्मेदार नहीं ठहराया जाएगा।
- सभी विवादों का निपटारा दिल्ली न्यायिक क्षेत्र में होगा।
- **© कॉपीराइट :** दृष्टि पब्लिकेशन्स (A Unit of VDK Eduventures Pvt. Ltd.), सर्वाधिकार सुरक्षित। इस प्रकाशन के किसी भी अंश का प्रकाशन अथवा उपयोग, प्रतिलिपीकरण, ऐसे यंत्र में भंडारण जिससे इसे पुनः प्राप्त किया जा सकता हो या स्थानांतरण, किसी भी रूप में या किसी भी विधि से (इलेक्ट्रॉनिक, यांत्रिक, फोटो-प्रतिलिपि, रिकॉर्डिंग या किसी अन्य प्रकार से) प्रकाशक की पूर्वानुमति के बिना नहीं किया जा सकता।
- एम.पी. प्रिंटर्स, बी-220, फेज़-2, नोएडा (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित।

# दो शब्द

**प्रिय पाठको,**

प्रिलिम्स प्रैक्टिस सीरीज़ की अंतिम कड़ी के रूप में हम आपके समक्ष यह पुस्तक प्रस्तुत कर रहे हैं। उम्मीद है कि आपने अब तक इस सीरीज़ की अन्य पुस्तकों का अध्ययन किया होगा तथा इसकी शैली व उपयोगिता से भली भाँति परिचित हो गए होंगे। वस्तुत: इस पूरी परियोजना के पीछे हमारा उद्देश्य एकदम स्पष्ट है कि हिंदी माध्यम के विद्यार्थियों को प्रारंभिक परीक्षा पास करने में कोई कठिनाई न हो। इसी मूलमंत्र को ध्यान में रखते हुए हमने पुस्तक की रूपरेखा तैयार की। चाहे कंटेंट को वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के रूप में ढाल कर तथा व्याख्या के माध्यम से उससे संबंधित सभी महत्त्वपूर्ण तथ्यों को शामिल करना हो या फिर सीरीज़ की सभी पुस्तकों को एक निश्चित क्रम से प्रकाशित करना हो, सबके केंद्र में एक ही दृष्टि थी कि तैयारी की रणनीति इतनी अचूक हो कि सफलता को लेकर कोई संशय न रहे। आप सब की प्रतिक्रियाओं ने इस बात की पुष्टि भी की है कि हमारी यह कोशिश आपके लिये मददगार साबित हो रही है। आपने पिछली जितनी भी पुस्तकों को पढ़ा वे सभी विषय के परंपरागत हिस्से को कवर करती थीं और हमने वहाँ आपसे कहा था कि इसके समसामयिक हिस्से को हम एक साथ अलग पुस्तक के रूप में संकलित कर आपके समक्ष प्रस्तुत करेंगे। प्रस्तुत पुस्तक हमारे उसी वादे की पूर्ति है।

हालाँकि, ऐसा नहीं है कि हम इस निष्कर्ष पर तुरंत पहुँच गए थे कि सीरीज़ का प्रारूप यही हो बल्कि इस पर गहन विमर्श हुआ तथा हमारी समृद्ध बौद्धिक टीम में इसको लेकर पर्याप्त मतांतर भी रहा। यद्यपि हमारी टीम के सभी सदस्यों को इस परीक्षा तथा इससे जुड़ी पाठ्य सामग्री का सुदीर्घ अनुभव रहा है किंतु इस मतातंर की जड़ में एक ही बात थी कि कैसे सर्वाधिक लाभ प्राप्ति हो सके। वस्तुत:, टीम के कुछ सदस्यों का मानना था कि समसामयिक खंड को भी परंपरागत खंड के साथ जोड़ा जाए, जिससे एक क्रमबद्धता बनी रहेगी, तो वहीं कुछ सदस्य इस बात के पक्षधर थे कि यदि ऐसा किया गया तो पुस्तक का वृहद आकार कहीं विद्यार्थियों की जिज्ञासा को बोझिल न कर कर दे। किंतु यदि हम पुस्तक के आकार व सीमितता पर ही ध्यान देते, तो समसामयिक घटनाक्रम को उसकी संपूर्णता में शामिल करना मुश्किल होता, जिससे यह महज़ औपचारिक उल्लेख मात्र बन कर रह जाता जोकि पाठकों के हित में नहीं होता। अंतत: पुस्तक के वर्तमान प्रारूप और समसामयिक घटनाक्रम खंड को अलग से रखने पर टीम में सहमति बनी। इसका एक विशेष लाभ यह होगा कि आप अधिक केंद्रित होकर नवीन परिवर्तनों से अवगत हो सकेंगे तथा साथ ही इस प्रक्रिया के दौरान आपका मस्तिष्क इससे जुड़ी परंपरागत धारणा को भी स्मरण कर रहा होगा। इस प्रकार आपकी दोहरी तैयारी हो जाएगी।

अब इस पुस्तक की विषयवस्तु को आपसे साझा करें तो इसमें भारत 2020, बजट, आर्थिक सर्वेक्षण तथा विभिन्न विषयों से जुड़े समसामयिक घटनाक्रमों का संक्षिप्त एवं सटीक संकलन है। आप इन खंडों से यह अनुमान लगा पा रहे होंगे कि यह पुस्तक परीक्षा के लिहाज़ से कितनी महत्त्वपूर्ण है। बीते वर्षों के प्रश्नों को देखें, तो उनका एक ख़ासा हिस्सा इन खंडों से प्रभावित होता है। किसी-किसी वर्ष तो इन खंडों से ही सर्वाधिक प्रश्न पूछ लिये जाते हैं और शेष वर्ष भी यह खंड निर्णायक, तो होता ही है। कुल मिलाकर बात यह है कि इन खंडों को तैयार करना परीक्षा पास करने के लिये अपरिहार्य है। इसकी महत्ता को लेकर किसी के मन में संदेह नहीं है, लेकिन इनमें शामिल एक-एक खंड अपने आप में इतना विस्तृत है कि इसे ठीक से तैयार कर पाना एक चुनौती है। अभ्यर्थियों के सम्मुख आने वाली इन्हीं सब चुनौतियों व दुविधाओं को ध्यान में रखते हुए इस पुस्तक में उन्हीं खंडों को विशेष रूप से शामिल किया गया है जो आपके लिये उपयोगी होंगे।

इस पुस्तक में भारत 2020 के सभी अध्यायों को शामिल करके उनके सार रूप को प्रश्नोत्तर शैली में रूपांतरित किया गया है। साथ ही जो तथ्य इसमें अद्यतित नहीं थे, हमने उसे भी ठीक कर दिया है। आर्थिक सर्वेक्षण से हमने सिर्फ उन मुद्दों को चुना है, जो प्रारंभिक परीक्षा के लिहाज़ से उपयोगी हैं। जटिल समीकरणों और अनुपयोगी आँकड़ों को शामिल कर पुस्तक को 'विश्वसनीय' बनाने के लोभ का संवरण किया गया है। पुस्तक में केवल परीक्षा को ध्यान में रखते हुए ही तथ्यों का चुनाव किया गया है। बजट संबंधी प्रावधानों के उल्लेख के समय भी यही रणनीति अपनाई गई है। इसके अतिरिक्त समसामयिक घटनाक्रम में इस बात का विशेष ध्यान रखा गया है कि जो खंड अधिक महत्त्वपूर्ण हैं तथा जिनमें हिंदी भाषा में कम सामग्री उपलब्ध है, उसे प्राथमिकता दी जाए। इसलिये आपको इसमें विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, पर्यावरण तथा आर्थिक घटनाओं पर संतुलित, सटीक और आवश्यक सामग्री मिलेगी। इसी प्रकार राजनीतिक घटनाक्रम में संवैधानिक तथा कानूनी बदलावों पर अधिक ध्यान दिया गया है। अंतर्राष्ट्रीय संबंधों के भी उन हिस्सों को शामिल किया गया है जिनसे बार-बार प्रश्न पूछने की प्रवृत्ति रही है। सार रूप में कहें, तो इस पुस्तक को इस तरह तैयार किया गया है कि यह कम समय में एक विस्तृत खंड की तैयारी में आपको सक्षम बना सके। यह लगभग 320 पृष्ठों की किताब है जिसमें 1500 से अधिक प्रश्न व उनका व्याख्या सहित हल शामिल है।

अब पुस्तक आप पाठकों के हवाले है। हमारा प्रयास कितना सफल रहा और आपकी राह इससे कितनी आसान हुई, हमें अवश्य बताएँ। यह भी कि आपको कहाँ सुधार की गुंजाइश महसूस हुई। हम यथाशीघ्र पुस्तक के आगामी संस्करण में अपेक्षित बदलाव करेंगे। आप अपने सुझाव हमें **'8130392355'** नंबर पर वाट्सएप मैसेज के माध्यम से भेज सकते हैं।

**साभार,**
**प्रधान संपादक**
**दृष्टि पब्लिकेशन्स**

# अनुक्रम

## भारत 2020


1. भारत भूमि और उसके निवासी..........................3-5
2. राष्ट्रीय प्रतीक..........................................................6
3. राजनीतिक संरचना.........................................7-10
4. कृषि ..........................................................11-13
5. संस्कृति और पर्यटन .....................................14-15
6. मूल आर्थिक आँकड़े.......................................16-17
7. वाणिज्य......................................................18-20
8. संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी ..........................21-24
9. रक्षा...........................................................25-26
10. शिक्षा.........................................................27-29
11. ऊर्जा ..............................................................30
12. पर्यावरण.....................................................31-33
13. वित्त...........................................................34-36
14. कॉर्पोरेट मामले.............................................37-38
15. खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले ...39-40
16. स्वास्थ्य और परिवार कल्याण.........................41-43
17. आवास और शहरी मामले .................................44
18. भारत और विश्व ..........................................45-46
19. उद्योग .........................................................47-48
20. विधि और न्याय ...........................................49-50
21. श्रम, कौशल विकास और रोज़गार.................51-52
22. जनसंचार ....................................................53-54
23. आयोजना.........................................................55
24. ग्रामीण विकास ..................................................56
25. वैज्ञानिक और प्रौद्योगिकीय विकास.................57-58
26. परिवहन .......................................................59-60
27. जल संसाधन ................................................61-63
28. कल्याण .......................................................64-65
29. युवा मामले और खेल ...................................66-67


## बजट एवं आर्थिक सर्वेक्षण


1. बजट 2020–21 ............................................71-74
2. आर्थिक सर्वेक्षण 2019–20.............................75-96


## करेंट अफेयर्स


1. भारतीय संविधान एवं राजव्यवस्था .............99-111
2. भारतीय इतिहास एवं कला–संस्कृति ..........112-126
3. भूगोल एवं पर्यावरण–पारिस्थितिकी ...........127-181
4. भारतीय अर्थव्यवस्था................................182-218
5. सामान्य विज्ञान एवं विज्ञान–प्रौद्योगिकी ......219-265
6. विविध......................................................266-316

# भारत 2020
# (INDIA 2020)

# 1 भारत भूमि और उसके निवासी
## (Land and the People of India)

1. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये-

| पहाड़ियाँ | क्षेत्र |
|---|---|
| 1. कार्डमम पहाड़ियाँ | कोरोमंडल तट |
| 2. कैमूर पहाड़ियाँ | कोंकण तट |
| 3. महादेव पहाड़ियाँ | मध्य भारत |
| 4. मिकिर पहाड़ियाँ | पूर्वोत्तर भारत |

उपर्युक्त युग्मों में से कौन-से सुमेलित हैं?

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 3 और 4
(d) केवल 2 और 4

**उत्तर: (c)**

**व्याख्या:**

| पहाड़ियाँ | क्षेत्र |
|---|---|
| कार्डमम पहाड़ियाँ | ये पहाड़ियाँ तमिलनाडु एवं केरल की सीमा पर मालाबार तट के समानांतर हैं न कि कोरोमंडल तट के। ये पहाड़ियाँ पश्चिमी घाट पर्वत का विस्तारित भाग हैं। |
| कैमूर पहाड़ियाँ | ये पहाड़ियाँ मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश व बिहार में 483 किमी. लंबाई व 80 किमी. चौड़ाई के साथ विस्तृत हैं। इसके दक्षिण में सोन एवं उत्तर में टोंस नदी बहती है। |
| महादेव पहाड़ियाँ | ये पहाड़ियाँ मध्य प्रदेश में अवस्थित सतपुड़ा पर्वत का विस्तारित भाग हैं, जो मध्य भारत में स्थित हैं। |
| मिकिर पहाड़ियाँ | मिकिर पहाड़ियाँ असम राज्य में काज़ीरंगा राष्ट्रीय पार्क के दक्षिण में स्थित कई पहाड़ियों का समूह हैं तथा ये कार्बी आंगलांग पठार का ही भाग हैं। ये पूर्वोत्तर में स्थित हैं। |

2. निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?
   1. भारत की उत्तर-पश्चिमी सीमा पाकिस्तान व अफगानिस्तान को स्पर्श करती है।
   2. भारत व श्रीलंका के मध्य पाक जलडमरूमध्य व मन्नार की खाड़ी स्थित है।

कूट:

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: (c)**

**व्याख्या:** भारत की सीमा उत्तर-पश्चिम में अफगानिस्तान तथा पाकिस्तान, उत्तर में चीन, भूटान एवं नेपाल, सुदूर पूर्व में म्याँमार और पूर्व में बांग्लादेश से लगती है।

- पाक जलडमरूमध्य और मन्नार की खाड़ी से निर्मित एक तंग समुद्री चैनल श्रीलंका को भारत से पृथक् करता है।

3. निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?
   1. पश्चिमी घाट व अरब सागर के मध्य संकीर्ण तटवर्ती पट्टी है।
   2. पूर्वी घाट व बंगाल की खाड़ी के मध्य वृहत्तर तटवर्ती क्षेत्र है।

कूट:

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: (c)**

**व्याख्या:** पश्चिमी घाट और अरब सागर के बीच एक संकीर्ण तटवर्ती पट्टी है, जबकि पूर्वी घाट एवं बंगाल की खाड़ी के बीच एक वृहत्तर तटवर्ती क्षेत्र है।

- प्रायद्वीप के पठार का दक्षिणी बिंदु नीलगिरि पर्वतमाला से निर्मित है, जहाँ पूर्वी और पश्चिमी घाट मिलते हैं। उसके परे कार्डमम हिल्स हैं जिन्हें पश्चिमी घाट का विस्तार माना जा सकता है।

4. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-
   1. सिंधु-गंगा का मैदान उत्तर में हिमालय पर्वत को दक्षिण के प्रायद्वीप से अलग करता है।
   2. प्रायद्वीप अपेक्षाकृत स्थिर भू-क्षेत्र है और इसमें कभी-कभार भूकंप से हलचल पैदा होती है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: (c)**

**व्याख्या:** मौसमी परिवर्तनों और भू-क्षरण के कारण चट्टानों के टूटने से मैदानों का निर्माण हुआ, जो आज हमें दिखाई देता है। सिंधु-गंगा के मैदान विस्तृत कछारी क्षेत्र हैं, जो उत्तर में हिमालय को दक्षिण के प्रायद्वीप से पृथक् करते हैं।

- प्रायद्वीप अपेक्षाकृत स्थिर क्षेत्र है और इसमें कभी-कभार भूकंप से हलचल पैदा होती है। इस क्षेत्र में 380 करोड़ वर्ष पूर्व धरती के निर्माण के समय के अत्यंत प्राचीन कायांतरित शैल पाए जाते हैं; शेष चट्टानों में गोंडवाना संरचना, दक्षिणी पठार संरचना और कम प्राचीन तलछट भूमि शामिल है।

5. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-
   1. पूर्व की ओर बहने वाली नदियों में गोदावरी, कृष्णा, कावेरी और महानदी शामिल नहीं है।
   2. नर्मदा और ताप्ती पूर्व की ओर बहने वाली प्रमुख नदियाँ हैं।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

# 2 राष्ट्रीय प्रतीक
## (National Symbols)

1. 'राष्ट्रीय ध्वज' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-
   1. ध्वज की सफेद पट्टी के मध्य में काले रंग का चक्र निर्मित है।
   2. 22 जुलाई, 1947 को भारतीय संविधान सभा द्वारा राष्ट्रीय ध्वज के प्रारूप को स्वीकार किया गया।

   उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?
   (a) केवल 1
   (b) केवल 2
   (c) 1 और 2 दोनों
   (d) न तो 1 और न ही 2

**उत्तरः (b)**
**व्याख्याः** ध्वज की लंबाई और चौड़ाई का अनुपात 3 : 2 है। सफेद पट्टी के केंद्र में गहरे नीले रंग का एक चक्र है, जिसका प्रारूप सम्राट अशोक के सारनाथ स्थित सिंह स्तंभ पर बने चक्र की तर्ज़ पर बनाया गया है।
- इसका व्यास सफेद पट्टी की चौड़ाई के समान है और इसमें 24 तीलियाँ हैं। भारत की संविधान सभा ने राष्ट्र ध्वज के प्रारूप को 22 जुलाई, 1947 को अपनाया।

2. भारत के सम्प्रतीक के नीचे उत्कीर्ण भारत की राष्ट्रीय आदर्शोक्ति 'सत्यमेव जयते' कहाँ से ली गई है?
   (a) कठ उपनिषद्  (b) छांदोग्य उपनिषद्
   (c) ऐतरेय उपनिषद्  (d) मुंडक उपनिषद्

**उत्तरः (d)**
**व्याख्याः** भारत सरकार द्वारा 26 जनवरी, 1950 को अपनाए गए राजचिह्न में केवल 3 सिंह दिखाई पड़ते हैं।
- पट्टी के मध्य में उभरी हुई नक्काशी में धर्मचक्र है, जिसके दाईं ओर एक सांड और बाईं ओर एक घोड़ा है।
- फलक के नीचे मुंडकोपनिषद् का सूत्र 'सत्यमेव जयते' देवनागरी लिपि में अंकित है जिसका अर्थ है- "सत्य की ही विजय होती है।"

3. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-
   1. भारतीय राष्ट्रगान मूल रूप से बांग्ला भाषा में रवीन्द्रनाथ टैगोर द्वारा लिखा गया था।
   2. राष्ट्रगान 27 दिसंबर, 1911 को सर्वप्रथम भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के कलकत्ता अधिवेशन में गाया गया था।

   उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?
   (a) केवल 1
   (b) केवल 2
   (c) 1 और 2 दोनों
   (d) न तो 1 और न ही 2

**उत्तरः (c)**
**व्याख्याः** रवीन्द्रनाथ टैगोर द्वारा मूल रूप से बांग्ला में रचित और संगीतबद्ध 'जन-गण-मन' के हिंदी संस्करण को संविधान सभा ने भारत के राष्ट्रगान के रूप में 24 जनवरी, 1950 को अपनाया था।
- यह सर्वप्रथम 27 दिसंबर, 1911 को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के कलकत्ता अधिवेशन में गाया गया था। पूरे गीत में 5 पद हैं।

4. 'भारतीय राष्ट्रगीत' के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही नहीं है/हैं?
   1. राष्ट्रगीत बंकिमचंद्र चटर्जी द्वारा बांग्ला भाषा में लिखा गया।
   2. यह गीत पहली बार 1896 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के कलकत्ता अधिवेशन में गाया गया।

   कूटः
   (a) केवल 1
   (b) केवल 2
   (c) 1 और 2 दोनों
   (d) न तो 1 और न ही 2

**उत्तरः (a)**
**व्याख्याः** बंकिमचंद्र चटर्जी ने संस्कृत में 'वंदे मातरम्' गीत की रचना की, जिसे 'जन-गण-मन' के समान दर्जा प्राप्त है।
- यह गीत स्वतंत्रता संग्राम में जन-जन का प्रेरणा स्रोत था। यह गीत पहली बार 1896 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के कलकत्ता अधिवेशन में गाया गया था।

5. शक संवत् पर आधारित राष्ट्रीय पंचांग (कैलेंडर) का 1 चैत्र, ग्रेगोरियन कैलेंडर पर आधारित 365 दिन के सामान्य वर्ष की निम्नलिखित तिथियों में से किस एक के तदनुरूप है?
   (a) 22 मार्च (अथवा 21 मार्च)
   (b) 15 मई (अथवा 16 मई)
   (c) 31 मार्च (अथवा 30 मार्च)
   (d) 21 अप्रैल (अथवा 20 अप्रैल)

**उत्तरः (a)**
**व्याख्याः** स्वतंत्रता के बाद 1952 में 'पंचांग सुधार समिति' का गठन मेघनाथ साहा की अध्यक्षता में किया गया। समिति की अनुशंसाओं के आधार पर भारत सरकार ने 22 मार्च, 1957 से शक संवत् को सुधारों के साथ राष्ट्रीय संवत् के रूप में अपना लिया। राष्ट्रीय पंचांग (शक संवत पर आधारित) और ग्रिगेरियन कैलेंडर की तारीखों में स्थायी सादृश्य है। चैत्र का पहला दिन सामान्यतः 22 मार्च को और अधिवर्ष (लीप वर्ष) में 21 मार्च को पड़ता है।

# 3 राजनीतिक संरचना (Political Structure)

1. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये–
   1. भारतीय संविधान 26 नवंबर, 1949 को संविधान सभा द्वारा अंगीकृत किया गया।
   2. भारत का राष्ट्रपति केंद्र की कार्यपालिका का संवैधानिक प्रमुख होता है।

   उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?
   (a) केवल 1
   (b) केवल 2
   (c) 1 और 2 दोनों
   (d) न तो 1 और न ही 2

**उत्तरः (c)**

**व्याख्याः** भारतीय गणराज्य 26 जनवरी, 1949 को संविधान सभा द्वारा स्वीकृत एवं 26 जनवरी, 1950 से लागू संविधान की व्यवस्थाओं के अनुसार प्रशासित होता है।

- संसदीय सरकार के संविधान का ढाँचा एकात्मक विशेषताओं के साथ संघात्मक भी है। भारत के राष्ट्रपति केंद्र की कार्यपालिका के संवैधानिक प्रमुख भी होते हैं।

2. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये–
   1. किसी राज्य के राज्यपाल के विरुद्ध उसकी पदावधि के दौरान किसी न्यायालय में कोई दांडिक कार्यवाही संस्थित नहीं की जाएगी।
   2. किसी राज्य के राज्यपाल की परिलब्धियाँ और भत्ते उसकी पदावधि के दौरान कम नहीं किये जाएंगे।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
   (a) केवल 1
   (b) केवल 2
   (c) 1 और 2 दोनों
   (d) न तो 1 और न ही 2

**उत्तरः (c)**

**व्याख्याः** संविधान में राज्यपाल को उसके पद के संदर्भ में अनेक विशेषाधिकार तथा उन्मुक्तियाँ प्राप्त हैं।

- उसे अपने शासकीय कृत्यों के लिये विधिक दायित्वों से निजी उन्मुक्ति प्राप्त है। उसे अपने कार्यकाल के दौरान आपराधिक कार्यवाही (चाहे वह व्यक्तिगत क्रियाकलाप हो) की सुनवाई की उन्मुक्ति प्राप्त है [अनुच्छेद 361(2)] तथा कार्यकाल के दौरान उसकी आर्थिक उपलब्धियों व भत्तों को कम नहीं किया जा सकता। अतः कथन 1 और 2 दोनों सही हैं।

3. नागरिकता संशोधन अधिनियम, 2019 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये–
   1. यह अधिनियम चार देशों—अफगानिस्तान, बांग्लादेश, पाकिस्तान और म्याँमार के धार्मिक समुदायों को भारतीय नागरिकता का अधिकार देता है।
   2. यह तीन देशों के छह धार्मिक समुदायों को भारतीय नागरिकता हासिल करने योग्य बनाता है।
   3. यह भारत में 31 दिसंबर, 2014 से पहले धर्म के आधार पर प्रताड़ना के कारण आ चुके लोगों पर लागू होगा।

   उपर्युक्त में से कौन-से कथन सत्य हैं।
   (a) केवल 1 और 2 (b) केवल 1 और 3
   (c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

**उत्तरः (c)**

**व्याख्याः** नागरिकता संशोधन विधेयक, 2019 को संसद ने 11 दिसंबर, 2019 को पारित किया और 12 दिसंबर, 2019 को इसे राष्ट्रपति की स्वीकृति मिली। यह अधिनियम अफगानिस्तान, बांग्लादेश और पाकिस्तान (तीन देशों) के छह धार्मिक समुदायों—हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाई के अवैध विदेशी प्रवासियों को भारतीय नागरिकता के योग्य बनाता है। यह उन लोगों पर लागू होता है जो अपने-अपने देशों में धर्म के आधार पर प्रताड़ना के भय से भारत में शरण लिये हुए हैं और 31 दिसंबर, 2014 के पहले भारत में प्रवेश कर चुके हैं।

4. भारत के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन-सा अधिकारों और कर्त्तव्यों के बीच सही संबंध है?
   (a) अधिकार कर्त्तव्यों के साथ सह-संबंधित हैं।
   (b) अधिकार व्यक्तिगत हैं अतः समाज और कर्त्तव्यों से स्वतंत्र हैं।
   (c) नागरिक के व्यक्तित्व के विकास के लिये अधिकार, न कि कर्त्तव्य, महत्त्वपूर्ण हैं।
   (d) राज्य के स्थायित्व के लिये कर्त्तव्य, न कि अधिकार महत्त्वपूर्ण हैं।

**उत्तरः (a)**

**व्याख्याः** 1976 में संविधान में हुए 42वें संशोधन के अंतर्गत नागरिकों के मूल कर्त्तव्यों का भी उल्लेख किया गया है। ये कर्त्तव्य संविधान के भाग 4क के अनुच्छेद 51क में दिये गए हैं।

- इसमें अन्य बातों के अलावा यह भी कहा गया है कि नागरिकों का कर्त्तव्य है कि वे संविधान का पालन करें; स्वतंत्रता प्राप्ति के लिये राष्ट्रीय संघर्ष को प्रेरित करने वाले आदर्शों का अनुसरण करें; देश की रक्षा करें और कहे जाने पर राष्ट्रीय सेवा में जुट जाएँ। धर्म भाषा और क्षेत्रीय तथा वर्ग संबंधी भिन्नताओं को भुला कर सद्भाव और भाईचारे की भावना को बढ़ावा दें।

# 4 कृषि
## (Agriculture)

1. निम्नलिखित पर विचार कीजिये–
   1. सुपारी
   2. जौ
   3. कॉफी
   4. रागी
   5. मूंगफली
   6. तिल
   7. हल्दी

   उपर्युक्त में से किनके न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति ने की है?

   (a) केवल 1, 2, 3 और 7
   (b) केवल 2, 4, 5 और 6
   (c) केवल 1, 3, 4, 5 और 6
   (d) 1, 2, 3, 4, 5, 6 और 7

**उत्तरः (b)**

**व्याख्याः** वर्ष 2018–19 के लिये आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति ने विभिन्न फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा की है। इनमें जौ, चना, मसूर, रैपसीड तथा गेहूँ जैसी रबी फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य पहले से 1.5 गुना अधिक है। वहीं, रागी के न्यूनतम समर्थन मूल्य में 54% (₹2931.2 क्विंटल) की वृद्धि होगी।

- मूंगफली का न्यूनतम समर्थन मूल्य 17.10% की वृद्धि के साथ ₹4975.4 क्विंटल, जबकि तिल का न्यूनतम समर्थन मूल्य 23.20% की वृद्धि के साथ ₹6405.5 क्विंटल रहने की संभावना है। उल्लेखनीय है कि ज्वार, रागी तथा तिल कुछ ऐसी फसलें हैं, जिनके न्यूनतम समर्थन मूल्य में केवल लागत को कवर किया जाता है। न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP), वह न्यूनतम मूल्य होता है, जिस पर सरकार किसानों द्वारा बेचे जाने वाले अनाज की पूरी मात्रा क्रय करने के लिये तैयार रहती है। इसके अंतर्गत जब बाज़ार में कृषि उत्पादों का मूल्य गिर रहा होता है, तब सरकार किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर कृषि उत्पादों की खरीदकर उनके हितों की रक्षा करती है। सरकार इस न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा फसल बोने से पूर्व करती है। कृषि लागत व मूल्य आयोग कृषि उत्पादों के न्यूनतम समर्थन मूल्य पर सलाह देता है।

2. 'प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये–
   1. इस योजना के अंतर्गत कृषकों को वर्ष के किसी भी मौसम में उनके द्वारा किसी भी फसल की खेती करने पर दो प्रतिशत की एकसमान दर से बीमा किश्त का भुगतान करना होगा।
   2. यह योजना, चक्रवात एवं गैर–मौसमी वर्षा से होने वाले कटाई–उपरांत घाटे को बीमाकृत करती है।

   उपर्युक्त में से कौन–सा/से कथन सही है/हैं?

   (a) केवल 1
   (b) केवल 2
   (c) 1 और 2 दोनों
   (d) न तो 1 और न ही 2

**उत्तरः (b)**

**व्याख्याः** प्राकृतिक आपदा, कीटों और बीमारियों, प्रतिकूल मौसम की स्थिति में फसल खराब होने से किसानों को सुरक्षा देने हेतु भारत सरकार द्वारा 'राष्ट्रीय फसल बीमा कार्यक्रम' (NCIP) शुरू किया गया है।

- 'प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना' (PMFBY) नामक नई योजना खरीफ 2016 के साथ ही क्रियान्वयन के लिये स्वीकृत की गई।
- इसके साथ, पायलट एकीकृत पैकेज बीमा योजना (UPIS) तथा पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना (WBCIS) को क्रियान्वयन हेतु अनुमोदित किया गया है। इस योजना के तहत किसानों को खरीफ की फसल के लिये दो प्रतिशत, रबी और तिलहन फसलों के लिये डेढ़ प्रतिशत और व्यावसायिक तथा बागवानी फसलों के लिये पाँच प्रतिशत की अधिकतम सलाना प्रीमियम राशि देनी होती है।

3. गन्ने की उचित एवं लाभप्रद कीमत (FRP) को निम्नलिखित में से कौन अनुमोदित करता/करती है?

   (a) आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति
   (b) कृषि लागत और कीमत आयोग
   (c) कृषि मंत्रालय का विपणन और निरीक्षण निदेशालय
   (d) कृषि उत्पाद विपणन समिति

**उत्तरः (a)**

**व्याख्याः** गन्ने की उचित एवं लाभप्रद कीमत (FRP) की सिफारिश कृषि लागत और कीमत आयोग (CACP) द्वारा की जाती है, लेकिन इसका अनुमोदन केंद्र सरकार की आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति द्वारा किया जाता है।

- गन्ना (नियंत्रण) आदेश, 1966 में 22 अक्तूबर, 2009 को संशोधन कर गन्ने के लिये सांविधिक न्यूनतम कीमत (SMP) के स्थान पर 'गन्ने की उचित एवं लाभप्रद कीमत' पद्धति की शुरुआत की गई, जिसकी उद्घोषणा और निर्धारण केंद्र सरकार द्वारा किया जाता है।
- आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि का निर्णय आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ही करती है। औद्योगिक कच्चे पदार्थों व उत्पादों का मूल्य नियंत्रण, औद्योगिक लाइसेंसिंग नीति, संयुक्त क्षेत्र उपक्रम के गठन के लिये औद्योगिक लाइसेंसिंग के मामले, सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों के निष्पादनों की समीक्षा, उनके संरचनात्मक व वित्तीय पुनर्संरचना से जुड़े मामले इस समिति की निगरानी के अंतर्गत आते हैं।

4. 'राष्ट्रीय पशुधन मिशन' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये–
   1. इस मिशन की शुरुआत 2014-15 में बारहवीं पंचवर्षीय योजना के अंतर्गत की गई थी।

# 5 संस्कृति और पर्यटन
## (Culture and Tourism)

1. 'ललित कला अकादमी' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-
   1. अकादमी के मिशन का मुख्य विषय आधुनिक और समकालीन भारतीय कला की समझ को बढ़ाना है।
   2. इसके लिये अकादमी राष्ट्रीय कला प्रदर्शनी और अंतर्राष्ट्रीय त्रिनाले-इंडिया जैसे आयोजन करती है।

   उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन असत्य है/हैं?

   (a) केवल 1　　(b) केवल 2
   (c) 1 और 2 दोनों　　(d) न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: (d)**

**व्याख्या:** ललित कला अकादमी (नेशनल एकेडमी ऑफ आर्ट्स) की स्थापना 1954 में की गई।

- यह भारत में दृश्य कलाओं के क्षेत्र में शीर्ष सांस्कृतिक संस्थान है।
- यह एक स्वायत्त संस्थान है जो पूरी तरह से संस्कृति मंत्रालय द्वारा वित्तपोषित है।
- अकादमी पूरे साल ऐसी कई प्रदर्शनियों और शैक्षिक कार्यक्रमों का आयोजन करती है जो महत्त्वपूर्ण होते हैं।
- अकादमी का अपना पुस्तकालय, कला संग्रह, अभिलेखागार और परिरक्षण प्रयोगशाला है और यह देशभर में उत्तम बौद्धिक उत्कृष्टता वाले विद्वानों तथा पब्लिकेशन्स को मदद देती है।
- अकादमी के मिशन का मुख्य विषय है- आधुनिक और समसामयिक भारतीय कला की समझ को बढ़ाना।
- इसके लिये अकादमी राष्ट्रीय कला प्रदर्शनी और अंतर्राष्ट्रीय त्रिनाले-इंडिया (International Triennale -India) जैसे आयोजन करती है।

2. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-
   1. संगीत नाटक अकादमी का गठन स्वतंत्रता के बाद हुआ था।
   2. संगीत नाटक अकादमी ने 1959 में दिल्ली में राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय और एशियाई रंगमंच संस्थान की स्थापना की।
   3. संगीत नाटक अकादमी केवल राष्ट्रीय स्तर पर सांस्कृतिक संपर्कों को बढ़ावा देती है।

   उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?

   (a) केवल 1 और 2　　(b) केवल 2
   (c) केवल 1 और 3　　(d) 1, 2 और 3

**उत्तर: (a)**

**व्याख्या:** संगीत नाटक अकादमी राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सांस्कृतिक संपर्कों को बढ़ावा भी देती है।

- अकादमी विश्व के विभिन्न देशों के साथ भारत के संपर्कों को सुदृढ़ करने के लिये विदेशों में प्रदर्शनियों और महोत्सवों का आयोजन भी करती है।

3. राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय के संदर्भ में निम्न कथनों पर विचार कीजिये-
   1. राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय की स्थापना 1959 में संगीत नाटक अकादमी द्वारा की गई।
   2. राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय के डिप्लोमा को एम.ए. की डिग्री के समतुल्य मान्यता प्राप्त है।

   उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?

   (a) केवल 1　　(b) केवल 2
   (c) 1 और 2 दोनों　　(d) न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: (c)**

**व्याख्या:** संगीत नाटक अकादमी द्वारा 1959 में स्थापित राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय दुनिया का अग्रणी रंगमंच संस्थान है और भारत में अपनी तरह का पहला है।

- 1975 में इसे एक स्वायत्त संस्थान बना दिया गया जिसका वित्तपोषण पूरी तरह संस्कृति विभाग द्वारा किया जाता है।
- विद्यालय का पाठ्यक्रम 3 वर्ष का है और इसके लिये दो चरण वाली चयन प्रक्रिया के ज़रिये विद्यार्थियों का चुनाव किया जाता है।
- राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय के डिप्लोमा को भारतीय विश्वविद्यालय संघ से एम.ए. की डिग्री के समतुल्य मान्यता प्राप्त है और इसे हासिल करके कॉलेजों/विश्वविद्यालयों में प्राध्यापक के रूप में नौकरी प्राप्त की जा सकती है तथा पी.एच.डी. डिग्री के लिये पंजीयन कराया जा सकता है।

4. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-
   1. साहित्य अकादमी द्वारा भारत की 24 मान्यता प्राप्त भाषाओं के साहित्य को बढ़ावा दिया जाता है।
   2. साहित्य अकादमी पुरस्कार के रूप में ₹5 लाख की राशि एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान किया जाता है।
   3. साहित्य अकादमी द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में साहित्य को बढ़ावा देने के लिये 'ग्रामलोक' नामक ग्रामीण संपर्क कार्यक्रम प्रारंभ किया गया है।

   उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?

   (a) केवल 1　　(b) केवल 1 और 3
   (c) केवल 2 और 3　　(d) 1, 2 और 3

**उत्तर: (b)**

**व्याख्या:** साहित्य अकादमी भारत की 24 मान्यता प्राप्त भाषाओं के साहित्य को बढ़ावा देने वाली राष्ट्रीय अकादमी है।

- पुरस्कार के रूप में ₹1 लाख की राशि और प्रशस्ति-पत्र प्रदान किया जाता है।
- अकादमी भारतीय लेखन को महत्त्व प्रदान करने के लिये हर वर्ष साहित्योत्सव का आयोजन करती है।
- दिल्ली स्थित जनजातीय और मौखिक साहित्य केंद्र एवं इंफाल में पूर्वोत्तर मौखिक साहित्य केंद्र के माध्यम से अकादमी जनजातीय और मौखिक परंपरा के साहित्य को बढ़ावा देती है।

# 6 मूल आर्थिक आँकड़े
## (Basic Economic Data)

1. निम्नलिखित में से कौन 'औद्योगिक कर्मकारों के लिये उपभोक्ता कीमत सूचकांक (कंज़्यूमर प्राइस इंडेक्स नंबर फॉर इंडस्ट्रियल वर्कर्स)' निकालता है?
   (a) भारतीय रिज़र्व बैंक  (b) आर्थिक कार्य विभाग
   (c) श्रम ब्यूरो  (d) कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग

**उत्तरः (c)**
**व्याख्याः** वर्तमान में, श्रम एवं रोज़गार मंत्रालय के अंतर्गत श्रम ब्यूरो कृषि श्रमिकों हेतु सीपीआई संकलित और प्रकाशित करता है।
- **उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (शहरी)** [Consumer Price Index (Urban)]: मूल्यों का संग्रहण राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण कार्यालय (NSSO) द्वारा 310 शहरों के 1,078 उद्धरणों (Quotations) के लिये किया जाता है।
- सीपीआई (शहरी) जनसंख्या के तीन व्यापक क्षेत्रों (धनी, मध्यम और गरीब) के आधार पर वस्तुओं के मूल्य संगृहीत करता है।

2. भारत में 'औद्योगिक उत्पादन सकल सूचकांक' में आठ मूल उद्योगों के सूचकांकों का संयुक्त भार 37.90% है। निम्नलिखित में से कौन-से उद्योग उन आठ मूल उद्योगों में सम्मिलित हैं?
   1. सीमेंट  2. उर्वरक
   3. प्राकृतिक गैस  4. रिफाइनरी उत्पाद
   5. वस्त्रोद्योग

   निम्नलिखित कूट के आधार पर सही उत्तर चुनिये-
   (a) केवल 1 और 5  (b) केवल 2, 3 और 4
   (c) केवल 1, 2, 3 और 4  (d) 1, 2, 3, 4 और 5

**उत्तरः (c)**
**व्याख्याः** औद्योगिक उत्पादन सूचकांक अर्थव्यवस्था में औद्योगिक क्रियाओं के माप का तरीका है। इसमें खनन-उत्खनन, विनिर्माण तथा विद्युत क्षेत्र से संबंधित मदों को शामिल किया जाता है। 10 जून, 2011 को केंद्रीय सांख्यिकीय कार्यालय ने 1993-94 आधार वर्ष के स्थान पर 2004-05 को नया आधार वर्ष मानते हुए नया औद्योगिक उत्पादन सूचकांक जारी किया। इसके तहत 8 मूल उद्योगों को सम्मिलित किया गया है।
- **मूल उद्योग**–विद्युत, इस्पात (धातु एवं गैर-धातु), पेट्रोलियम रिफाइनरी उत्पाद, क्रूड ऑयल (अशोधित तेल), कोयला, सीमेंट, उर्वरक, प्राकृतिक गैस।

3. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-
   1. सांख्यिकी स्कंध (Wings) का नया नाम राष्ट्रीय सांख्यिकी आयोग है। इसमें बीस सूत्री कार्यक्रम और सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना शामिल हैं।
   2. कार्यक्रम कार्यान्वयन स्कंध (Wings) के डिवीज़न हैं: केंद्रीय सांख्यिकी कार्यालय (CSO) और राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण कार्यालय (NSSO)।

   उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?
   (a) केवल 1  (b) केवल 2
   (c) 1 और 2 दोनों  (d) न तो 1 और न ही 2

**उत्तरः (d)**
**व्याख्याः** सांख्यिकी विभाग तथा कार्यक्रम कार्यान्वयन विभाग के विलय से वर्ष 1999 में एक स्वतंत्र मंत्रालय के रूप में सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (Ministry of Statistics and Programme Implementation – MoSPI) अस्तित्व में आया।
- मंत्रालय के दो स्कंध (Wings) हैं, एक का संबंध सांख्यिकी से और दूसरे का कार्यक्रम कार्यान्वयन से। सांख्यिकी स्कंध को राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (National Statistics Office–NSO) के रूप में नया नाम दिया गया है, जिसमें केंद्रीय सांख्यिकी कार्यालय (Central Statistical Office–CSO) और राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण कार्यालय (National Sample Survey Office–NSSO) शामिल हैं।

4. भारतीय सांख्यिकी संस्थान (ISI) के संदर्भ में कौन-सा कथन सही है?
   (a) भारतीय सांख्यिकी संस्थान (ISI) द्वारा प्रत्येक वर्ष राष्ट्रीय लेखा सांख्यिकी प्रकाशित की जाती है।
   (b) यह संस्थान 28 अप्रैल, 1932 को पश्चिम बंगाल सोसायटीज़ रजिस्ट्रेशन एक्ट, 1860 के अंतर्गत गठित एक लाभकारी संस्थान है।
   (c) यह राष्ट्रीय महत्त्व का संस्थान है जिसे डिग्री/डिप्लोमा प्रदान करने का अधिकार है।
   (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं।

**उत्तरः (c)**
**व्याख्याः** भारतीय सांख्यिकी संस्थान (Indian Statistical Institute)
- भारतीय सांख्यिकी संस्थान का पंजीकरण एक गैर-लाभकारी अध्ययन सोसायटी के रूप में 28 अप्रैल, 1932 को पश्चिम बंगाल सोसायटीज़ रजिस्ट्रेशन एक्ट, 1860 के अंतर्गत हुआ था।
- सैद्धांतिक और व्यावहारिक सांख्यिकी के क्षेत्र में संस्थान द्वारा दिये गए उत्कृष्ट योगदानों के फलस्वरूप इस संस्थान को 'राष्ट्रीय महत्त्व का संस्थान' के रूप में मान्यता मिली जिससे इसे डिग्री/डिप्लोमा प्रदान करने का अधिकार प्राप्त हुआ।

5. निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?
   (a) औद्योगिक उत्पादन सूचकांक का आधार वर्ष 2011–12 है।
   (b) बीस सूत्री कार्यक्रम (TPP) 2006 में शुरू किया गया।
   (c) औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (IIP) के लिये आँकड़ों का संकलन औद्योगिक नीति और संवर्द्धन विभाग से किया जाता है।
   (d) कथन (a) और (c) दोनों सही हैं।

# 7 वाणिज्य
## (Commerce)

1. निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प सही है?
   (a) भारत का पहला निर्यात प्रसंस्करण क्षेत्र (ईपीज़ेड) 1965 में गुजरात के कांडला में स्थापित किया गया।
   (b) विशेष आर्थिक क्षेत्र (एसईज़ेड) अधिनियम, 2005 को वर्ष 2005 से लागू किया गया।
   (c) विशेष आर्थिक क्षेत्र (एसईज़ेड) नीति की घोषणा 2005 में की गई।
   (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं।

**उत्तरः (a)**
**व्याख्याः** निर्यात संवर्धन के क्षेत्र में भारत निर्यात प्रसंस्करण क्षेत्रों (EPZ) की प्रभावशीलता को पहचानने वाला एशिया का पहला देश था जिसने सबसे पहले 1965 में कांडला में पहला निर्यात प्रसंस्करण क्षेत्र स्थापित किया था।
- विश्वस्तरीय आधारभूत संरचनाओं की अनुपस्थिति और अस्थिर वित्तीय व्यवस्था जैसी कमियों को दूर करने और अधिक विदेशी निवेश आकर्षित करने के उद्देश्य से अप्रैल 2000 में विशेष आर्थिक क्षेत्र (SEZ) नीति की घोषणा की गई थी।
- विशेष आर्थिक क्षेत्र (SEZ) अधिनियम, 2005 को वर्ष 2006 से लागू किया गया, जिसमें केंद्र और राज्य सरकारों से संबंधित विषयों में नियमों के सरलीकरण और एकल खिड़की स्वीकृति (Single Window Clearance) दिये जाने का प्रावधान किया गया था।

2. विदेश व्यापार नीति (FTP) 2015–2020 के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?
   (a) विदेश व्यापार नीति का उद्देश्य सीमा शुल्क समस्याओं का निराकरण और प्रौद्योगिकी उन्नयन को बढ़ावा देना है।
   (b) इसके तहत निर्यात क्षेत्र में अधिक संवर्धन को प्रोत्साहित नहीं किया जाता है।
   (c) इस नीति में सेवाओं का आयात और निर्यात शामिल नहीं है।
   (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं।

**उत्तरः (a)**
**व्याख्याः विदेश व्यापार नीति (Foreign Trade Policy)**
- विदेश व्यापार नीति (एफटीपी), 2015–2020 में वाणिज्यिक वस्तु और सेवाओं के क्षेत्र में एक स्थिर एवं दीर्घकालीन नीति का वातावरण उपलब्ध करवाना तथा वैश्विक प्रतिस्पर्धा का लाभ उठाने के लिये भारतीय अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों की सहायता कर भारत से होने वाले निर्यात में विविधता को बढ़ावा देने के तत्संबंधी सहायक नियम बनाना है। इन नियमों का उद्देश्य निर्यात एवं आयात को प्रोत्साहन देने और इस प्रक्रिया को 'मेक इन इंडिया', 'डिजिटल इंडिया', 'स्किल इंडिया' तथा 'व्यापार करने की सुगमता' (ईज़ ऑफ डूइंग बिज़नेस) जैसे प्रयासों/पहलों को बढ़ावा देना है।
- विदेश व्यापार नीति की विभिन्न योजनाओं का उद्देश्य सीमा शुल्क समस्याओं का निराकरण और प्रौद्योगिक उन्नयन को बढ़ावा देना है ताकि निर्यातकों को बराबरी का अवसर देने वाला कार्यक्षेत्र उपलब्ध करवाते हुए आधारभूत ढाँचे की अक्षमता में सुधार और लागत को कम रखते हुए भारत से निर्यात को बढ़ाया जा सके।

3. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-
   1. ईपीसीजी योजना (EPCG Scheme) के अंतर्गत भारत की निर्यात प्रतियोगिता क्षमता बढ़ाने के लिये प्रौद्योगिकी के उन्नयन एवं बेहतर सेवाओं हेतु पूंजीगत माल के आयात पर सीमा शुल्क की दर 5 प्रतिशत होगी।
   2. ईओयू/ईएचटीपी/एसटीपी तथा बीटीपी योजना में ऐसी इकाइयाँ स्थापित की जा सकेंगी जो सीमा शुल्क का भुगतान करके आयात/घरेलू आपूर्ति हेतु अपने यहाँ उत्पादित समस्त माल और सेवाओं का निर्यात करेंगी।

   उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?
   (a) केवल 1 (b) केवल 2
   (c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

**उत्तरः (d)**
**व्याख्याः** वाणिज्यिक माल और सेवाओं के निर्यात के लिये पूर्ववर्ती एफटीपी 2009–14 की 6 प्रोत्साहन योजनाओं- प्रमुख उत्पाद योजना (एफपीएस), प्रमुख बाज़ार योजना (एफएमएस), बाज़ार से जुड़े प्रमुख उत्पाद प्रतिभूति-पत्र (एमएलएफपीएस), विशेष कृषि एवं ग्राम उद्योग योजना (वीकेजीयूवाई), कृषि आधारभूत संरचना प्रोत्साहन प्रतिभूति-पत्र, वृद्धि संबंधी निर्यात प्रोत्साहन योजना को एफटीपी 2015–20 की दो अलग-अलग योजनाओं में समाहित कर लिया गया है।
- ये हैं: 'भारत से वस्तु निर्यात योजना' (एमईआईएस) और 'भारत से सेवा निर्यात योजना' (एसईआईएस)।
- **ईओयू/ईएचटीपी/एसटीपी तथा बीटीपी योजना** (EOU/EHTP/STP and BTP Schemes)**:** इस योजना के अंतर्गत ऐसी इकाइयाँ स्थापित की जा सकेंगी जो सीमा-शुल्क का भुगतान किये बिना आयात/घरेलू आपूर्ति हेतु अपने यहाँ उत्पादित समस्त माल और सेवाओं का निर्यात करेंगी।

4. निम्नलिखित देशों पर विचार कीजिये-
   1. ऑस्ट्रेलिया 2. कनाडा
   3. चीन 4. भारत
   5. जापान 6. यू.एस.ए.

   उपर्युक्त में से कौन-कौन आसियान (ए.एस.इ.ए.एन.) के 'मुक्त व्यापार भागीदारों' में से हैं?
   (a) 1, 2, 4 और 5 (b) 3, 4, 5 और 6
   (c) 1, 3, 4 और 5 (d) 2, 3, 4 और 6

# 8 संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी (Communications and Information Technology)

1. पहचान प्लेटफॉर्म 'आधार' खुला (ओपेन) 'एप्लीकेशन प्रोग्रामिंग इंटरफेस' (ए.पी.आई.) उपलब्ध कराता है। इसका क्या अभिप्राय है?
   1. इसे किसी भी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण के साथ एकीकृत किया जा सकता है।
   2. परितारिका (आईरिस) का प्रयोग कर ऑनलाइन प्रमाणीकरण संभव है।

   उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?
   (a) केवल 1 (b) केवल 2
   (c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

**उत्तरः (c)**
**व्याख्याः** पहचान प्लेटफॉर्म 'आधार' ओपेन एप्लीकेशन प्रोग्रामिंग इंटरफेस (API) एसटीक्यूसी के साथ पंजीकृत उपकरणों की अवधारणा पर कार्य करता है। इसे किसी भी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण के साथ एकीकृत किया जा सकता है।
- आईरिस का प्रयोग कर ऑनलाइन प्रमाणीकरण संभव है। अतः कथन 1 और 2 दोनों सही हैं।

2. कभी-कभी समाचारों में दिखने वाले 'डिजिलॉकर' (DigiLocker) के संबंध में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
   1. यह डिजिटल इंडिया प्रोग्राम के अंतर्गत सरकार द्वारा दिया जाने वाला एक डिजिटल लॉकर सिस्टम है।
   2. यह आपके ई-दस्तावेज़ों तक आपकी पहुँच को संभव बनाता है, चाहे भौतिक रूप से आपकी उपस्थिति कहीं भी हो।

   नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये-
   (a) केवल 1 (b) केवल 2
   (c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

**उत्तरः (c)**
**व्याख्याः** डिजिटल लॉकर भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के डिजिटल इंडिया का महत्त्वपूर्ण हिस्सा है। इस सेवा के ज़रिये भारत का कोई भी नागरिक अपने दस्तावेज़ों को ऑनलाइन सुरक्षित (Store) कर सकता है। इस सुविधा को पाने के लिये आधार कार्ड का होना अनिवार्य है, क्योंकि आधार कार्ड का नंबर फीड करके ही इस अकाउंट को खोला जा सकता है। इस सेवा का एक महत्त्वपूर्ण लाभ यह है कि व्यक्ति भौतिक रूप से कहीं भी उपस्थित हो, इस लिंक के ज़रिये अपने महत्त्वपूर्ण दस्तावेज़ों को जहाँ ज़रूरी हो वहाँ भेज सकता है तथा बार-बार कागज़ों के प्रयोग से बच सकता है। अतः दोनों कथन सही हैं।

3. डिजिटल भुगतान के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-
   1. भीम (BHIM) एप उपयोग करने वाले के लिये यह एप यू.पी.आई. (UPI) सक्षम बैंक खाते से किसी को धन का हस्तांतरण करना संभव बनाता है।
   2. जहाँ एक चिप-पिन डेबिट कार्ड में प्रमाणीकरण के चार घटक होते हैं, भीम एप में प्रमाणीकरण के सिर्फ दो घटक हैं।

   उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?
   (a) केवल 1 (b) केवल 2
   (c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

**उत्तरः (a)**
**व्याख्याः** भीम एक यूपीआई (UPI) आधारित भुगतान इंटरफेस है जो उपयोगकर्त्ताओं को मोबाइल नंबर या उनके नाम के आधार पर वास्तविक समय में भुगतान की सुविधा प्रदान करता है।
- यूपीआई या यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस, भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम-NPCI द्वारा विकसित एक त्वरित भुगतान प्रणाली है। यह प्रणाली तत्काल भुगतान सेवा-आईएमपीएस स्ट्रक्चर पर कार्य करती है जिसके द्वारा उपयोगकर्त्ता को वास्तविक समय में अंतर-बैंक इलेक्ट्रॉनिक धन हस्तांतरण की सुविधा मिलती है। अतः कथन 1 सही है।
- भीम एप में प्रमाणीकरण के लिये तीन घटकों का प्रयोग किया जाता है। पहले चरण में एप को मोबाइल डिवाइस आईडी और मोबाइल नंबर से जोड़ा जाता है। दूसरे चरण में प्रयोगकर्त्ता अपने बैंक खाते को भीम एप से जोड़ता है और तीसरे चरण में प्रयोगकर्त्ता को ट्रांज़ैक्शन करने के लिये एक UPI पिन बनाना पड़ता है। अतः कथन 2 सही नहीं है।

4. भारत में, साइबर सुरक्षा घटनाओं पर रिपोर्ट करना निम्नलिखित में से किसके/किनके लिये विधितः अधिदेशात्मक है/हैं?
   1. सेवा प्रदाता (सर्विस प्रोवाइडर)
   2. डेटा सेंटर
   3. कॉर्पोरेट निकाय (बॉडी कॉर्पोरेट)

   नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये-
   (a) केवल 1 (b) केवल 1 और 2
   (c) केवल 3 (d) 1, 2 और 3

**उत्तरः (d)**
**व्याख्याः** केंद्र सरकार ने सूचना प्रौद्योगिकी नियम, 2013 जारी किया था। सीईआरटी नियम सेवादाताओं, मध्यस्थों, डेटा केंद्रों और बॉडी कॉर्पोरेट पर साइबर घटनाओं की रिपोर्ट करने के लिये एक दायित्व है। अतः विकल्प (d) सही है।

5. भारतीय डाक प्रणाली के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-
   1. भारत में आधुनिक डाक प्रणाली का प्रारंभ लॉर्ड क्लाइव ने 1766 में किया था।
   2. 1880 से मनी ऑर्डर सेवा प्रारंभ की गई।
   3. वर्तमान में डाक प्रणाली धन का हस्तांतरण, बैंकिंग और बीमा सेवा आदि संचालित कर रहा है।

# 9 रक्षा
## (Defence)

1. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये–
   1. देश में रक्षा एवं सुरक्षा से संबंधित सभी मामलों में नीति–निर्देश बनाने एवं उन्हें कार्यान्वित करने की ज़िम्मेदारी केवल डीआरडीओ की होती है।
   2. देश में भूतपूर्व सैनिक कल्याण विभाग, भूतपूर्व सैनिकों के पुनर्वास, कल्याण तथा पेंशन संबंधी सभी मामलों को रक्षा मंत्रालय देखता है।

   उपर्युक्त में से कौन–सा/से कथन सही है/हैं?

   (a) केवल 1 (b) केवल 2
   (c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

**उत्तरः (b)**

**व्याख्याः** रक्षा मंत्रालय का मुख्य कार्य रक्षा और सुरक्षा संबंधी सभी मामलों में नीति–निर्देश बनाना और उन्हें कार्यान्वित करने के लिये सेना मुख्यालयों, अंतर–सेवा संगठनों, उत्पादन प्रतिष्ठानों (Production Establishments) और अनुसंधान तथा विकास संगठनों को भेजना है।

- रक्षा विभाग रक्षा बजट, स्थापना मामलों, रक्षा नीति, संसदीय मामलों, अन्य देशों के साथ रक्षा सहयोग और रक्षा संबंधी सभी कार्यकलापों के लिये उत्तरदायी है।
- रक्षा उत्पादन विभाग रक्षा उत्पादन कार्यों, आयात किये जाने वाले सामान, उपस्करों और कलपुर्जों के देशीकरण, आयुध निर्माण बोर्ड और रक्षा क्षेत्र के सार्वजनिक उपक्रमों की विभागीय उत्पादन इकाइयों के बारे में योजना तैयार करने तथा उन पर नियंत्रण रखने से संबंधित कार्य करता है।
- रक्षा अनुसंधान एवं विकास विभाग, सैन्य उपस्करों और संभारतंत्र (Military Equipment and Logistics) से संबंधित वैज्ञानिक पहलुओं पर सरकार को सलाह देता है और तीनों सेनाओं द्वारा अपेक्षित साजो–सामान के अनुसंधान, डिज़ाइन और विकास कार्यों के लिये योजनाएँ तैयार करता है।

2. भारतीय सेनाओं (थल सेना, वायु सेना, नौसेना) से संबंधित कथनों पर विचार कीजिये–
   1. संविधान के अनुच्छेद 53(2) के तहत सेनाओं की सर्वोच्च कमान राष्ट्रपति में निहित होती है।
   2. भारतीय थल सेना, संयुक्त राष्ट्र के शांति अभियानों में सबसे बड़ी सेना भेजने वालों में से एक है।
   3. ऑपरेशन राहत, 2015 भारतीय नौसेना का एक मुख्य अभियान था।

   उपर्युक्त में से कौन–सा/से कथन सही है/हैं?

   (a) केवल 1 और 2 (b) केवल 2 और 3
   (c) केवल 3 (d) उपर्युक्त सभी

**उत्तरः (d)**

**व्याख्याः** भारतीय संविधान के अनुच्छेद 53(2) के तहत सशस्त्र सेनाओं की सर्वोच्च कमान राष्ट्रपति में निहित होती है। साथ ही राष्ट्रीय सुरक्षा की ज़िम्मेदारी केंद्रीय मंत्रिमंडल के पास होती है।

- भारतीय थल सेना इस समय संयुक्त राष्ट्र के 15 अभियानों में से 7 अभियानों में सबसे बड़ी सेना भेजने वालों में से एक है।
- भारत ने सीनियर मिशन अधिकारियों, महिला सैन्य अधिकारियों और चुनिंदा अफ्रीकी सहयोगियों के लिये बड़े स्तर पर यूएन पीसकीपिंग कोर्स आयोजित किये हैं और वह एक प्रमुख प्रशिक्षक बनकर उभरा है।

3. वर्ष 1962 में रक्षा उत्पादन विभाग का गठन निम्नलिखित उद्देश्यों हेतु किया गया–
   1. निश्चित समयावधि में उपकरणों/हथियारों के डिज़ायन, विकास और उत्पादन को पूरा करना।
   2. केवल रक्षा आवश्यकताओं के आयात प्रतिस्थापन के लिये योजनाएँ बनाने एवं कार्यान्वित करने हेतु।
   3. रक्षा उपकरणों के उत्पादन के कार्यों को देखने के लिये।

   उपर्युक्त में से कौन–सा/से कथन सही है/हैं?

   (a) केवल 1 (b) केवल 2
   (c) 1 और 3 (d) इनमें से कोई नहीं

**उत्तरः (c)**

**व्याख्याः रक्षा उत्पादन विभाग (Department of Defence Production)**– देश की रक्षा के लिये सशस्त्र बलों के लिये आवश्यक हथियारों, उपकरणों, प्लेटफॉर्मों और उपस्करों के उत्पादन के लिये औद्योगिक आधार को विकसित करने और बढ़ावा देने के उद्देश्य से 1962 में रक्षा उत्पादन विभाग की स्थापना की गई थी।

- इस विभाग का लक्ष्य निश्चित समयावधि में उपकरणों/हथियारों के डिज़ाइन, विकास और उत्पादन को पूरा करना है।

4. भारतीय रक्षा उपक्रम (Defence Undertakings) से संबंधित कथनों पर विचार कीजिये–
   1. 1940 में स्थापित हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) एशिया की प्रमुख अग्रणी एयरोनॉटिकल कंपनी है।
   2. हिंदुस्तान शिपयार्ड लिमिटेड (एचएसएल) देश के पूर्वी तट पर स्थित है और यह जलपोतों का निर्माण और पनडुब्बियों की मरम्मत करती है।
   3. भारत डायनामिक्स लिमिटेड, सेना की मांग के अनुसार पुरानी मिसाइलों का आधुनिकीकरण और उनकी जीवन अवधि बढ़ाने का काम करती है।

# 10 शिक्षा
## (Education)

1. सूची-I और सूची-II को सुमेलित कीजिये और सूचियों के नीचे दिये गए कूट की सहायता से सही उत्तर चुनिये-

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| A. कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय | 1. बुनियादी शिक्षा पर ध्यान केंद्रित करना |
| B. डिजिटल जेंडर एटलस | 2. अजा., अजजा., ओबीसी और अल्पसंख्यक परिवारों की लड़कियों के लिये आवासीय विद्यालय |
| C. राष्ट्रीय आविष्कार अभियान | 3. 6 से 18 वर्ष की आयु के बच्चों को विज्ञान, गणित तथा प्रौद्योगिकी की ओर आकर्षित करना |
| D. पढ़े भारत बढ़े भारत | 4. उन क्षेत्रों की पहचान जहाँ अजा., अजजा. और मुस्लिम बालिकाओं की शिक्षा की स्थिति कमज़ोर है। |

कूट:

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (b) | 2 | 4 | 3 | 1 |
| (c) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (d) | 3 | 4 | 2 | 1 |

**उत्तर: (b)**

**व्याख्या:** कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय (केजीबीवी)-अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अ.पि.व/मुस्लिम समुदायों और बीपीएल (गरीबी रेखा से नीचे) परिवारों की लड़कियों के आवासीय विद्यालय हैं।

- ये विद्यालय उन विकास खंडों में खोले गए हैं जो शिक्षा की दृष्टि से पिछड़े हुए हैं और जहाँ विद्यालय काफी दूरी पर हैं तथा लड़कियों की सुरक्षा एक चुनौती है।
- स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग ने अपनी वेबसाइट पर भारत में बालिका शिक्षा की प्रगति पर एक एटलस तैयार किया है। यूनीसेफ (UNICEF) की सहायता से निर्मित यह साधन उन क्षेत्रों की पहचान में मदद करेगा जहाँ पर अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और मुस्लिम समुदायों जैसे वंचित वर्गों की बालिकाओं की शिक्षा की स्थिति कमज़ोर है।

**पढ़े भारत बढ़े भारत**

- सर्व शिक्षा अभियान के इस उप-कार्यक्रम का उद्देश्य पहली और दूसरी कक्षा में समझ के साथ पढ़ाई, लिखाई और गणित पर ज़ोर देते हुए बुनियादी शिक्षा पर ध्यान केंद्रित करना है।
- राज्य और केंद्रशासित प्रदेश विशिष्ट कार्यक्रम लागू कर रहे हैं, जैसे- तमिलनाडु में 'एबीएल', कर्नाटक में 'नल्ली काली' और गुजरात में 'प्रज्ञा' के तहत पहली और दूसरी कक्षा के विद्यार्थियों को पढ़ाने वाले शिक्षकों के लिये विशिष्ट प्रशिक्षण का मॉड्यूल विकसित करने के कदम उठाए गए हैं।
- इस कार्यक्रम का उद्देश्य 6 से 18 वर्ष की आयु के बच्चों को विज्ञान, गणित तथा प्रौद्योगिकी की ओर आकर्षित व प्रेरित करना है।
- ऐसा कक्षा के अंदर और बाहर ऑब्ज़र्वेशन, एक्सपेरीमेंटेशन, इंफरेंस ड्रॉइंग तथा मॉडल बिल्डिंग जैसी गतिविधियों के माध्यम से किया जाता है।

2. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-
   1. आरटीई अधिनियम, 2009 6 से 14 वर्ष तक की आयु के सभी बच्चों को प्राथमिक शिक्षा का अधिकार प्रदान करता है।
   2. केंद्र प्रायोजित सर्व शिक्षा अभियान (SSA) आरटीई अधिनियम को लागू करने में राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों के प्रयासों में सहयोग और समर्थन देता है।
   3. निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार (आरटीई) अधिनियम, 2009 1 अप्रैल, 2010 से देश में प्रभावी है।

   उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

   (a) केवल 1 और 3 (b) केवल 2 और 3
   (c) केवल 2 (d) 1, 2 और 3

**उत्तर: (d)**

**व्याख्या:** निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार (आरटीई) अधिनियम, 2009 और अनुच्छेद 21क 1 अप्रैल, 2010 से देश में प्रभावी है।

- आरटीई अधिनियम 6 से 14 वर्ष की आयु के सभी बच्चों को किसी औपचारिक स्कूल (Formal school) में समानता के आधार पर प्राथमिक शिक्षा का अधिकार प्रदान करता है। इन स्कूलों को कुछ अनिवार्य सिद्धांतों और मानकों का पालन करना होता है।
- सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों द्वारा अपने-अपने आरटीई (RTE) नियमों की अधिसूचना जारी की जा चुकी है।
- केंद्र-प्रायोजित सर्व शिक्षा अभियान (SSA) आरटीई अधिनियम को लागू करने में राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के प्रयासों में सहयोग और समर्थन देता है।
- इसमें नए विद्यालयों की स्थापना, स्कूलों एवं अतिरिक्त कक्षाओं का निर्माण, शिक्षकों की व्यवस्था, शिक्षकों को सेवाकालीन प्रशिक्षण, शैक्षिक संसाधन सहायता, निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें, यूनीफॉर्म, सीखने (अध्ययन) के स्तर में सुधार हेतु सहयोग, अनुसंधान, मूल्यांकन और निगरानी जैसे हस्तक्षेप (सहयोग) शामिल होते हैं।

# 11

# ऊर्जा
## (Energy)

1. कोयले के वृहद् सुरक्षित भंडार होते हुए भी भारत क्यों मिलियन टन कोयले का आयात करता है?
   1. भारत की यह नीति है कि वह अपने कोयले के भंडार को भविष्य के लिये सुरक्षित रखे और वर्तमान उपयोग के लिये इसे अन्य देशों से आयात करे।
   2. भारत के अधिकतर विद्युत संयंत्र कोयले पर आधारित हैं और उन्हें देश से पर्याप्त मात्रा में कोयले की आंतरिक आपूर्ति नहीं हो पाती।
   3. इस्पात कंपनियों को बड़ी मात्रा में कोक कोयले की आवश्यकता पड़ती है, जिसे आयात करना पड़ता है।

   उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

   (a) केवल 1 (b) केवल 2 और 3
   (c) केवल 1 और 3 (d) 1, 2 और 3

**उत्तरः (b)**
**व्याख्याः** भारत में विश्व का 5वाँ सबसे बड़ा कोयला भंडार है। अमेरिकी ऊर्जा सूचना प्रशासन और विश्व कोयला संगठन के अनुसार, भारत विश्व का दूसरा सबसे बड़ा कोयला उत्पादक है। इसके बावजूद भारत मिलियन टन कोयले का आयात निम्नांकित कारणों से करता है:

- भारत में कोयले के वृहद् भंडार होने के बावजूद इसके ऊर्जा संयंत्रों व स्टेशनों पर ईंधन की आपूर्ति अपर्याप्त है जिसके चलते विद्युत उत्पादन और पारेषण क्षमता (Transmission Capacity) भी अपर्याप्त है। यह स्थिति देश में पर्याप्त मात्रा में कोयले की आंतरिक आपूर्ति में बाधा डालती है।
- कोयला स्टेशनों में ईंधन की अपर्याप्त आपूर्ति के चलते विद्युत की कमी और रोलिंग ब्लैकआउट की समस्या सामने आती है। देश में कोयला के संबंध में विनियामक कानूनों, भूमि अधिग्रहण, तकनीकी तथा वितरण संबंधी चुनौतियों के चलते आपूर्ति पर प्रभाव पड़ता है। कोयला आधारित तापीय परियोजनाएँ इसके चलते काफी समय तक लंबित रहती हैं। इसलिये भारत कोयले का आयात करता है।
- भारतीय इस्पात कंपनियों को बड़ी मात्रा में कोकिंग कोयले की आवश्यकता पड़ती है। इस मामले में भी घरेलू आपूर्ति में कमी के चलते भारतीय इस्पात निर्माता अपनी कोकिंग कोयले की आवश्यकता का लगभग 70 प्रतिशत आयात करते हैं। इस्पात निर्माता कंपनी के कुल विनिर्माण लागत के 30 प्रतिशत के लिये कोकिंग कोयला ज़िम्मेदार है।

**नोटः** इसके अतिरिक्त लौह-इस्पात उद्योग के लिये उच्च गुणवत्तायुक्त कोयले की आवश्यकता होती है, जिसका अभाव है।

2. निम्नलिखित में से कौन-सा, सरकार की योजना 'UDAY' का एक प्रयोजन है?

   (a) ऊर्जा के नवीकरणीय स्रोतों के क्षेत्र में नव-प्रयासी (स्टार्ट-अप) उद्यमियों को तकनीकी एवं वित्तीय सहायता प्रदान करना।
   (b) 2018 तक देश में हर घर में बिजली उपलब्ध कराना।
   (c) एक समयावधि के अंदर कोयला आधारित शक्ति संयंत्रों के स्थान पर प्राकृतिक गैस, नाभिकीय, सौर, वायु एवं ज्वारीय शक्ति संयंत्र स्थापित करना।
   (d) विद्युत वितरण कंपनियों की वित्तीय कायापलट और पुनरुत्थान का प्रबंध करना।

**उत्तरः (d)**
**व्याख्याः** 5 नवंबर, 2015 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा उज्ज्वल डिस्कॉम एश्योरेंस योजना (Ujjwal DISCOM Assurance Yojana) या उदय (UDAY) को स्वीकृति प्रदान की गई थी। इस योजना का लक्ष्य विद्युत वितरण कंपनियों की वित्तीय कायापलट और उनके पुनरुत्थान का प्रबंध करना है। इस योजना द्वारा सभी लोगों को 24 घंटे किफायती एवं सुविधाजनक बिजली की उपलब्धता सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी। अतः कथन (d) सत्य है।

3. निम्नलिखित में से किसमें आप ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (Bureau of Energy Efficiency) का स्टार लेबल पाते हैं?
   1. छत के (सीलिंग) पंखे 2. विद्युत गीज़र
   3. नलिकारूप प्रतिदीप्ति (ट्यूबुलर फ्लूओरेसेंट) लैंप

   नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये-

   (a) केवल 1 और 2
   (b) केवल 3
   (c) केवल 2 और 3
   (d) 1, 2 और 3

**उत्तरः (d)**
**व्याख्याः** मानक व लेबलिंग कार्यक्रम का उद्देश्य उपभोक्ताओं को ऊर्जा उपकरणों के ऊर्जा बचत के संबंध में सूचनाएँ प्रदान करना है ताकि बाज़ार में उपलब्ध ऊर्जा उपकरणों के चुनाव में सही निर्णय ले सकें। वर्तमान में इसका उपयोग एयर कंडीशनर, सीलिंग फैन, रंगीन टेलीविज़न, कंप्यूटर, रेफ्रीजरेटर, डीज़ल जेनरेटर, एलईडी लैंप व इनवर्टर एसी इत्यादि के लिये किया जा रहा है।

4. कभी-कभी समाचारों में 'नेट मीटरिंग' (Net metering) निम्नलिखित में से किसको प्रोत्साहित करने के संदर्भ में देखा जाता है?

   (a) परिवारों/उपभोक्ताओं द्वारा सौर ऊर्जा का उत्पादन और उपयोग
   (b) घरों के रसोईघरों में पाइप्ड नैचुरल गैस का उपयोग
   (c) मोटरगाड़ियों में CNG किट लगवाना
   (d) शहरी घरों में पानी के मीटर लगवाना

**उत्तरः (a)**
**व्याख्याः** विकल्प (a) सही है।

# 12 पर्यावरण
# (Environment)

1. 'मोमेंटम फॉर चेंज: क्लाइमेट न्यूट्रल नाउ' यह पहल किसके द्वारा प्रवर्तित की गई है?
   (a) जलवायु परिवर्तन पर अंतर-सरकारी पैनल द्वारा
   (b) UNEP सचिवालय द्वारा
   (c) UNFCCC सचिवालय द्वारा
   (d) विश्व मौसमविज्ञान संगठन द्वारा

**उत्तर: (c)**
**व्याख्या:** 'मोमेंटम फॉर चेंज: क्लाइमेट न्यूट्रल नाउ' नामक पहल यूनाइटेड नेशंस फ्रेमवर्क कन्वेंशन ऑन क्लाइमेट चेंज सचिवालय द्वारा प्रस्तावित की गई है। अत: विकल्प (c) सही है।

2. वन्यजीव (सुरक्षा) अधिनियम, 1972 के अनुसार, किसी व्यक्ति द्वारा, विधि द्वारा किये गए कतिपय उपबंधों के अधीन होने के सिवाय, निम्न में से कौन-सा/से प्राणी का शिकार नहीं किया जा सकता?
   1. घड़ियाल
   2. भारतीय जंगली गधा
   3. जंगली भैंस

   नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये-
   (a) केवल 1
   (b) केवल 2 और 3
   (c) केवल 1 और 3
   (d) 1, 2 और 3

**उत्तर: (d)**
**व्याख्या:** घड़ियाल को 1972 के वन्यजीव सुरक्षा अधिनियम की अनुसूची-I के तहत सुरक्षा प्रदान की गई है।
- भारतीय जंगली गधा, एशियाई गधे की एक उपप्रजाति है। इसे IUCN द्वारा खतरे के निकट (Near Threatened) सूची में रखा गया है। इसे भी वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 की अनुसूची-I के तहत सूचीबद्ध किया गया है।
- जंगली भैंस भी वन्य जीव संरक्षण अधिनियम, 1972 की अनुसूची-I के तहत सूचीबद्ध है।

3. 'M-STrIPES' शब्द कभी-कभी समाचारों में किस संदर्भ में देखा जाता है?
   (a) वन्य प्राणिजात का बद्ध प्रजनन
   (b) बाघ अभयारण्यों का रख-रखाव
   (c) स्वदेशी उपग्रह दिक्चालन प्रणाली
   (d) राष्ट्रीय राजमार्गों की सुरक्षा

**उत्तर: (b)**
**व्याख्या:** M-STrIPES का संबंध बाघ अभयारण्यों के रख-रखाव से संबंधित है।

4. भारत में यदि कछुए की एक जाति को वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 की अनुसूची I के अंतर्गत संरक्षित घोषित किया गया हो, तो इसका निहितार्थ क्या है?
   (a) इसे संरक्षण का वही स्तर प्राप्त है जैसा कि बाघ को।
   (b) इसका अब वन्य क्षेत्रों में अस्तित्व समाप्त हो गया है, कुछ प्राणी बंदी संरक्षण के अंतर्गत हैं; और अब इसके विलोपन को रोकना असंभव है।
   (c) यह भारत के एक विशेष क्षेत्र में स्थानिक है।
   (d) इस संदर्भ में उपर्युक्त कथन (b) और (c) दोनों सही हैं।

**उत्तर: (a)**
**व्याख्या:** भारत में, यदि किसी प्रजाति को वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 की अनुसूची I के अंतर्गत संरक्षित घोषित करने पर इसे संरक्षण का वही स्तर प्राप्त है जैसा कि बाघ को प्राप्त है। अत: विकल्प (a) सही है।

5. हमारे देश के शहरों में वायु गुणवत्ता सूचकांक (Air Quality Index) का परिकलन करने में साधारणतया निम्नलिखित वायुमंडलीय गैसों में से किनको विचार में लिया जाता है?
   1. कार्बन डाइऑक्साइड
   2. कार्बन मोनोऑक्साइड
   3. नाइट्रोजन डाइऑक्साइड
   4. सल्फर डाइऑक्साइड
   5. मीथेन

   नीचे दिये गए कूटों का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये-
   (a) केवल 1, 2 और 3
   (b) केवल 2, 3 और 4
   (c) केवल 1, 4 और 5
   (d) 1, 2, 3, 4 और 5

**उत्तर: (b)**
**व्याख्या:** राष्ट्रीय वायु गुणवत्ता सूचकांक **'पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय'** द्वारा (17 अक्तूबर, 2014 को) जारी किया गया। यह 'स्वच्छ भारत मिशन' के तहत एक बड़ी पहल है। यह एक संख्या-एक रंग-एक-वर्णन (One Colour-One Number-One Description) के रूप में कार्य करता है। AQI को छ: श्रेणियों (Good, Satisfactroy, Moderately, Poor, Very poor तथा Severe) के रूप में वर्गीकृत किया गया है तथा इसमें 8 प्रदूषणकारी गैसों, जैसे-$PM_{10}$, $PM_{2.5}$, $NO_2$, $SO_2$, CO, $O_3$, $NH_3$ तथा Pb की पहचान की गई है।

**नोट:** इसमें $CO_2$ (कार्बन डाइऑक्साइड) को शामिल नहीं किया गया है।

6. 'मरुस्थलीकरण को रोकने के लिये संयुक्त राष्ट्र अभिसमय' (United Nations Convention to Combat Desertification) का क्या महत्त्व है?
   1. इसका उद्देश्य नवप्रवर्तनकारी राष्ट्रीय कार्यक्रमों एवं समर्थक अंतर्राष्ट्रीय भागीदारियों के माध्यम से प्रभावकारी कार्रवाई को प्रोत्साहित करना है।
   2. यह विशेष/विशिष्ट रूप से दक्षिणी एशिया एवं उत्तरी अफ्रीका के क्षेत्रों पर केंद्रित होता है तथा इसका सचिवालय इन क्षेत्रों को वित्तीय संसाधनों के बड़े हिस्से का नियतन सुलभ कराता है।

# 13 वित्त (Finance)

1. 'वस्तु एवं सेवा कर (Goods & Services-GST)' के क्रियान्वित किये जाने का/के सर्वाधिक संभावित लाभ क्या है/हैं?
   1. यह भारत में बहु-प्राधिकरणों द्वारा वसूल किये जा रहे बहुल करों का स्थान लेगा और इस प्रकार एकल बाज़ार स्थापित करेगा।
   2. यह भारत के 'चालू खाता घाटे' को प्रबलता से कम कर उसके विदेशी मुद्रा भंडार को बढ़ाने हेतु उसे सक्षम बनाएगा।
   3. यह भारत की अर्थव्यवस्था की संवृद्धि एवं आकार को बृहद रूप से बढ़ाएगा और उसे निकट भविष्य में चीन से आगे निकल जाने योग्य बनाएगा।

   नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये-

   (a) केवल 1 (b) केवल 2 और 3
   (c) केवल 1 और 3 (d) 1, 2 और 3

**उत्तर: (a)**

**व्याख्या:** वस्तु एवं सेवा कर की अवधारणा पूरे देश में अप्रत्यक्ष करों से संबंधित एकल कर के रूप में विकसित की गई है, जबकि चालू खाते घाटे का संबंध व्यापार संतुलन से है। जीएसटी को लागू किये जाने से भारत की अर्थव्यवस्था को अवश्य ही मज़बूती मिलेगी, किंतु यह निश्चयपूर्वक नहीं कहा जा सकता है कि यह भविष्य में चीन से आगे होगी।

2. 'वैश्विक वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट' (Global Financial Stability Report) किसके द्वारा तैयार की जाती है?
   (a) यूरोपीय केंद्रीय बैंक
   (b) अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष
   (c) अंतर्राष्ट्रीय पुनर्निर्माण एवं विकास बैंक
   (d) आर्थिक सहयोग तथा विकास संगठन (Organization for Economic Cooperation and Development)

**उत्तर: (b)**

**व्याख्या:** वैश्विक वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष द्वारा तैयार की जाती है।

- 'वैश्विक वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट' वैश्विक स्तर पर वित्तीय व्यवस्था और उभरते बाज़ारों की स्थिति का आकलन प्रस्तुत करती है। मुख्यत: यह रिपोर्ट समसामयिक आर्थिक गतिविधियों पर नज़र रखकर वहाँ आर्थिक व्यापार व समावेशन हेतु स्थितियों का जायज़ा लेती है। साथ ही वैश्विक वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट में विश्व बैंक व अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के पूर्वानुमानों पर भी गौर किया जाता है। अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय व्यवस्था से संबंधित सभी गतिविधियों पर ध्यान देकर ही रिपोर्ट तैयार की जाती है।

3. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-
   1. न्यू डेवेलपमेंट बैंक की स्थापना ए.पी.ई.सी. (APEC) द्वारा की गई है।
   2. न्यू डेवेलपमेंट बैंक का मुख्यालय शंघाई में है।

   उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

   (a) केवल 1 (b) केवल 2
   (c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: (b)**

**व्याख्या:** न्यू डेवेलपमेंट बैंक की स्थापना BRICS देशों (ब्राज़ील, रूस, इंडिया, चीन और दक्षिण अफ्रीका) द्वारा की गई है।

- न्यू डेवेलपमेंट बैंक की स्थापना विकासशील देशों में संरचनात्मक एवं समावेशी विकास को प्रोत्साहन राशि प्रदान करने के उद्देश्य के साथ की गई। ब्रिक्स सम्मेलन, 2014 में 100 अरब डॉलर की राशि के साथ न्यू डेवेलपमेंट बैंक की स्थापना की उद्घोषणा की गई। माना जा रहा है कि इस बैंक व फंड को पश्चिमी देशों के वर्चस्व वाली संस्था आईएमएफ व विश्व बैंक की टक्कर में खड़ा किया गया है। इस बैंक का सबसे बड़ा उद्देश्य वैश्विक, राष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय स्तर पर सहयोग बढ़ाना है।

4. 'अटल पेंशन योजना' के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?
   1. यह एक न्यूनतम गारंटित पेंशन योजना है, जो मुख्य रूप से असंगठित क्षेत्र के मज़दूरों को लक्ष्य बनाती है।
   2. परिवार का केवल एक ही व्यक्ति इस योजना में शामिल हो सकता है।
   3. अभिदाता (सब्स्क्राइबर) की मृत्यु के पश्चात् जीवनसाथी को आजीवन पेंशन की समान राशि गारंटित रहती है।

   नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये-

   (a) केवल 1 (b) केवल 2 और 3
   (c) केवल 1 और 3 (d) 1, 2 और 3

**उत्तर: (c)**

**व्याख्या:** अटल पेंशन योजना 1 जून, 2015 से प्रभावी है। यह योजना मूल रूप से असंगठित क्षेत्र के लोगों के लिये है जो किसी भविष्य निधि से जुड़े नहीं हैं। इसमें अभिदाता की मृत्यु के बाद उसके जीवनसाथी को आजीवन पेंशन की राशि मिलती है। इस योजना में एक परिवार के एक ही सदस्य को लाभ प्रदान करने का ज़िक्र नहीं है।

5. प्रधानमंत्री MUDRA योजना का लक्ष्य क्या है?
   (a) लघु उद्यमियों को औपचारिक वित्तीय प्रणाली में लाना
   (b) निर्धन कृषकों को विशेष फसलों की कृषि के लिये ऋण उपलब्ध कराना
   (c) वृद्ध एवं निस्सहाय लोगों को पेंशन देना
   (d) कौशल विकास एवं रोज़गार सृजन में लगे स्वयंसेवी संगठनों का निधीयन (फंडिंग) करना

# 14 कॉर्पोरेट मामले
## (Corporate Affairs)

1. 'व्यापार करने की सुविधा का सूचकांक' (Ease of Doing Business Index)' में भारत की रैंकिंग समाचार-पत्रों में कभी-कभी दिखती है। निम्नलिखित में से किसने इस रैंकिंग की घोषणा की है?
(a) आर्थिक सहयोग और विकास संगठन (OECD)
(b) विश्व आर्थिक मंच
(c) विश्व बैंक
(d) विश्व व्यापार संगठन (WTO)

**उत्तर: (c)**
**व्याख्या:** व्यापार करने में सुविधा का सूचकांक (Ease of Doing Business) की घोषणा विश्व बैंक द्वारा की जाती है। वर्ष 2019 के लिये व्यापार करने में सुविधा का सूचकांक, 2020 में 190 देशों की सूची में भारत का स्थान 63वाँ रहा जो पूर्व में (2018 के लिये) 77वाँ था।
- 'व्यापार करने की सुविधा का सूचकांक (Ease of Doing Business Index) किसी भी देश में व्यापार या व्यवसाय करने योग्य स्थितियों एवं सुविधाओं के आधार पर तैयार किया जाता है। इसमें यह देखा जाता है कि किसी देश में व्यवसाय करने के लिये नियम कितने सरल या कठिन हैं, कितना जोखिम है, व्यवसाय से बाहर निकलने की प्रक्रिया, अवसंरचना या सरकार की नीतियाँ कैसी हैं। इन सभी पहलुओं को देखकर ही सूचकांक का निर्धारण किया जाता है। इस मामले में भारत में सुधार देखा गया है।

2. कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय का मुख्यालय कहाँ स्थित है?
(a) हैदराबाद (b) चंडीगढ़
(c) नई दिल्ली (d) अहमदाबाद

**उत्तर: (b)**
**व्याख्या:** विकल्प (b) सही है।

3. कंपनी अधिनियम के प्रावधानों के अंतर्गत प्रतिस्पर्धा अपीली अधिकरण का विलय किसके साथ किया गया है?
(a) राष्ट्रीय कंपनी कानून अधिकरण (एनसीएलटी)
(b) राष्ट्रीय कंपनी कानून अपीली अधिकरण (एनसीएलएटी)
(c) कंपनी कानून बोर्ड (सीएलबी)
(d) इनमें से कोई नहीं

**उत्तर: (b)**
**व्याख्या:** कंपनी अधिनियम के प्रावधानों के अंतर्गत प्रतिस्पर्धा अपीली अधिकरण को 2017 में भंग करके एनसीएलएटी में विलय कर दिया गया है।
- भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग के आदेशों के विरुद्ध अपील एनसीएलएटी में सुनी जाएगी।

4. कंपनी अधिनियम, 2013 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-
1. सरकारी स्वीकृति आधारित व्यवस्था के स्थान पर प्रकटीकरण/पारदर्शिता सहित स्व-नियमन का प्रावधान।
2. एक व्यक्ति कंपनी (ओपीसी) की शुरुआत।
3. निदेशक मंडल में कम-से-कम 3 महिला सदस्यों की अनिवार्यता।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?
(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 2 और 3
(c) केवल 3 (d) उपर्युक्त सभी

**उत्तर: (a)**
**व्याख्या: कंपनी अधिनियम, 2013 की प्रमुख विशेषताएँ** (Key Features of the Companies Act, 2013)—
- सरकारी स्वीकृति आधारित व्यवस्था के स्थान पर प्रकटीकरण/पारदर्शिता सहित स्व-नियमन का प्रावधान;
- कंपनियों के रिकॉर्डों/बैठकों का ऑटोमेशन- (1) कंपनियों द्वारा इलेक्ट्रॉनिक रूप में दस्तावेज़ों को रखने के लिये (2) बोर्ड बैठक आदि के लिये वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग प्रणाली की वैधानिक मान्यता;
- संक्षिप्त विलय एवं सीमापार विलय सहित त्वरित विलय और अधिग्रहण;
- ₹1 करोड़ और उससे कम की परिसंपत्तियों वाली कंपनियों के लिये आधिकारिक परिसमापकों (Official Liquidators) को निर्णय लेने की शक्तियाँ प्रदान की गई हैं;
- निष्क्रिय कंपनियों (Dormant Companies) की अवधारणा प्रारंभ (लगातार दो वर्षों तक व्यवसाय नहीं करने वाली कंपनियों को निष्क्रिय घोषित किया जा सकता है);
- एक व्यक्ति कंपनी (ओपीसी) की शुरुआत;
- निदेशक मंडल में कम-से-कम एक महिला सदस्य का होना अनिवार्य;
- छोटे अंशधारकों का संरक्षण;
- सूचीबद्ध कंपनियों में छोटे अंशधारियों के प्रतिनिधित्व के लिये निदेशक;
- निवेशक शिक्षा और संरक्षण कोष (आईईपीएफ) की भूमिका को मज़बूत बनाना;
- छोटे अंशधारियों की सुरक्षा के लिये न्यायाधिकरण (Tribunal) को अधिक शक्तियाँ।

5. कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व अधिनियम, 2013 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-
1. इसका प्रावधान उन कंपनियों पर लागू होता है जिनका कुल कारोबार (Turnover) ₹ 1000 करोड़ से अधिक हो।
2. इस अधिनियम के अनुसार कंपनियों को अपने पिछले तीन वर्षों के शुद्ध लाभों के औसत का 2 प्रतिशत कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) पर खर्च करना होता है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

# 15 खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले (Food, Civil Supplies and Consumer Affairs)

1. निम्नलिखित में से कौन-सा खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग का प्रमुख कार्य नहीं है?
   (a) न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खाद्यान्नों की खरीद।
   (b) अनाज का बफर स्टॉक बनाए रखना।
   (c) खाद्यान्नों के उत्पादन, स्टॉक एवं मूल्यों की निगरानी करना।
   (d) खाद्यान्न उत्पादन को बढ़ावा देना।

**उत्तरः (d)**
**व्याख्याः** खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग का उद्देश्य न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) पर खाद्यान्नों की पर्याप्त खरीद, भंडारण तथा खाद्यान्न वितरण कर अनाज का बफर स्टॉक बनाए रखने सहित नीतिगत उपायों के ज़रिये खाद्यान्न, चीनी तथा खाद्य तेल की उपलब्धता सुनिश्चित करके लक्षित सार्वजनिक प्रणाली के माध्यम से, विशेष रूप से समाज के कमज़ोर और वंचित वर्गों के लिये उचित मूल्य पर खाद्यान्न उपलब्ध कराना है।

2. किसानों को उनकी उपज के लिये उचित लाभ प्राप्ति को ध्यान में रखकर सरकार किसकी सिफारिश पर न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की घोषणा करती है?
   (a) नाबार्ड
   (b) भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद
   (c) कृषि लागत और मूल्य आयोग (सीएसीपी)
   (d) भारतीय अनाज भंडारण प्रबंधन और अनुसंधान संस्थान

**उत्तरः (c)**
**व्याख्याः** प्रत्येक रबी/खरीफ मौसम के पहले केंद्र सरकार कृषि लागत और मूल्य आयोग (CACP) की सिफारिशों के अनुसार न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) की घोषणा करती है, जिसमें विभिन्न कृषि निवेशों की लागत और किसानों को उनकी उपज के लिये उचित लाभ प्राप्ति को ध्यान में रखा जाता है।

3. राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013 के अधीन बनाए गए उपबंधों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-
   1. केवल वे ही परिवार सहायता प्राप्त खाद्यान्न लेने की पात्रता रखते हैं जो 'गरीबी रेखा से नीचे' (बी.पी.एल.) श्रेणी में आते हैं।
   2. परिवार में 18 वर्ष या उससे अधिक उम्र की सबसे अधिक उम्र वाली महिला ही राशन कार्ड निर्गत किये जाने के प्रयोजन से परिवार की मुखिया होगी।
   3. गर्भवती महिलाएँ एवं दुग्ध पिलाने वाली माताएँ गर्भावस्था के दौरान और उसके छः महीने बाद तक प्रतिदिन 1600 कैलोरी वाला राशन घर ले जाने की हकदार हैं।

   उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?
   (a) 1 और 2 (b) केवल 2
   (c) 1 और 3 (d) केवल 3

**उत्तरः (b)**
**व्याख्याः** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013 में देश के गरीब नागरिकों को राजकीय सहायता पर अनाज प्राप्त करने का कानूनी अधिकार है। इस अधिनियम के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्र की 75% तथा शहरी क्षेत्र की 50% आबादी को कवर किया गया है।
- इस अधिनियम के अंतर्गत पात्र परिवार को चावल, गेहूँ व मोटे अनाज क्रमशः ₹ 3/ ₹ 2/ ₹ 1 प्रति किलो की सहायकी दर पर प्रतिमाह देने का प्रावधान किया गया है।
- पात्र परिवारों की पहचान करना तथा उनको राशन कार्ड जारी करना राज्य सरकारों के अधीन है। राशन कार्ड पर 18 वर्ष या इससे अधिक उम्र की महिलाओं को मुखिया के तौर पर नामित करने एवं ऐसा नहीं होने पर परिवार के सबसे वरिष्ठ सदस्य को मुखिया के तौर पर नामित करने का प्रावधान किया गया है।
- अधिनियम में गर्भवती महिलाओं तथा बच्चों पर विशेष ध्यान दिया गया है। गर्भवती महिलाएँ तथा स्तनपान कराने वाली माताएँ गर्भावस्था के दौरान तथा बच्चे के जन्म के 6 माह बाद तक भोजन के अलावा कम-से-कम ₹ 6000 मातृत्व लाभ प्राप्त करने की भी हकदार होंगी।

अतः केवल कथन 2 सही है।

4. 'मध्याह्न भोजन योजना' के संदर्भ में निम्नलिखित में से असत्य कथन की पहचान कीजिये-
   (a) यह योजना मानव संसाधन विकास मंत्रालय चलाता है।
   (b) इसमें प्रत्येक स्कूल दिवस में निःशुल्क, प्राथमिक स्तर पर 100 ग्राम की दर से तथा उच्च प्राथमिक स्तर पर 150 ग्राम की दर से अनाज की आपूर्ति की जाती है।
   (c) इसके अंतर्गत विद्यार्थियों को प्रतिमाह 5 किलोग्राम गेहूँ वितरित किया जाता है।
   (d) इनमें से कोई नहीं।

**उत्तरः (c)**
**व्याख्याः** मध्याह्न भोजन योजना मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा कार्यान्वित है।
- यह योजना सरकारी/सरकारी सहायता प्रदत्त/स्थानीय निकायों द्वारा चलाए जा रहे स्कूलों के प्राथमिक तथा उच्च प्राथमिक कक्षाओं के विद्यार्थियों को कवर करती है।
- इसमें प्रत्येक स्कूल दिवस में निःशुल्क, प्राथमिक स्तर पर 100 ग्राम की दर से तथा उच्च प्राथमिक स्तर पर 150 ग्राम की दर से अनाज की आपूर्ति की जाती है, जिसके अंतर्गत पका भोजन/प्रसंस्कृत गर्म खाना परोसा जाता है या प्रति विद्यार्थी प्रति महीने 3 किलोग्राम अनाज वितरित किया जाता है।

# 16 स्वास्थ्य और परिवार कल्याण
## (Health and Family Welfare)

1. राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति, 2017 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये–
   1. राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति, 2017 में संसाधनों का बड़ा हिस्सा (दो–तिहाई या अधिक) प्राथमिक चिकित्सा सेवाओं के लिये आवंटित करने की बात कही गई है।
   2. इस नीति में भारतीयों को परंपरागत स्वदेशी उत्पाद उपलब्ध कराने के लिये स्थानीय विनिर्माताओं को प्रोत्साहित करने पर ज़ोर दिया गया है।
   3. स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक प्रभावी बनाने और उनमें सुधार के लिये डिजिटल उपकरणों के इस्तेमाल को बढ़ावा देने पर ज़ोर दिया गया है।

   उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?
   (a) केवल 1 और 2 (b) केवल 2
   (c) केवल 1 और 3 (d) उपर्युक्त सभी

**उत्तर: (d)**

**व्याख्या:** राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति, 2017 में संसाधनों का बड़ा हिस्सा (दो–तिहाई या इससे अधिक) प्राथमिक चिकित्सा सेवाओं के लिये आवंटित करने की सिफारिश की गई है और यह सुनिश्चित करने को कहा गया है कि प्रति 1,000 की आबादी के लिये कम-से-कम दो बिस्तरों की उपलब्धता इस तरह से सुनिश्चित करना है ताकि आपात स्थिति में ज़रूरत पड़ने पर इसे उपलब्ध कराया जा सके।

**नोट:** राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति, 2017 की परिकल्पना के अनुसार 1.5 लाख स्वास्थ्य देखभाल केंद्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाया जाएगा। बजट 2020-21 में स्वास्थ्य क्षेत्र के लिये कुल ₹ 69,000 करोड़ का प्रावधान किया गया, जिसमें प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (पीएमजेएवाई) के लिये ₹6,400 करोड़ का प्रावधान है।

- **राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति की विशेषताएँ–**
  - **सुनिश्चितता आधारित दृष्टिकोण:** यह निवारक और प्रोत्साहक स्वास्थ्य सेवाओं पर ध्यान केंद्रित करने के साथ तेज़ी से बढ़ने वाले सुनिश्चितता आधारित दृष्टिकोण की सिफारिश करती है।
  - **अल्प पोषकता अपूर्णता:** अल्प पोषकता तथा कुपोषण को कम करने और सभी क्षेत्रों में पोषकता की कमी की विविधता के समाधान के लिये व्यवस्थित तरीके अपनाना।
  - **मेक इन इंडिया पहल:** भारतीयों को परंपरागत स्वदेशी उत्पाद उपलब्ध कराने के लिये स्थानीय विनिर्माताओं को प्रोत्साहित करने पर ज़ोर देना।
  - **डिज़िटल उपकरणों का इस्तेमाल:** स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक प्रभावी बनाने और उनमें सुधार के लिये डिजिटल उपकरणों के इस्तेमाल को बढ़ावा देना ताकि दक्षता, पारदर्शिता और नागरिक अनुभव में सुधार हो सके।

2. AIDS का कारण ह्यूमन इम्युनोडेफिशिएन्सी वाइरस (HIV) है। सामान्यत: HIV संक्रमण का पारगमन किसके माध्यम से होता है?
   (a) संदूषित भोजन एवं जल ग्रहण करने से
   (b) संदूषित रक्त एवं रक्त उत्पादों के संचरण से
   (c) प्रदूषित हवा में साँस लेने से
   (d) संक्रमित व्यक्ति से हाथ मिलाने से

**उत्तर: (b)**

**व्याख्या:** विकल्प (b) सही है।

3. राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये–
   1. यह कार्यक्रम वर्ष 2013 में शुरू किया गया।
   2. इस कार्यक्रम के तहत देश भर में चरणबद्ध तरीके से 18 वर्ष तक के बच्चों को शामिल किये जाने की योजना है।
   3. इसमें 30 स्वास्थ्य ख़ामियों का नि:शुल्क निदान भी किया जाता है।

   उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?
   (a) केवल 1
   (b) केवल 2 और 3
   (c) केवल 1 और 3
   (d) उपर्युक्त सभी

**उत्तर: (d)**

**व्याख्या: राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (Rashtriya Bal Swasthya Karyakram)–**

- यह कार्यक्रम 2013 में शुरू किया गया था।
- इसके तहत बच्चों के स्वास्थ्य की जाँच और चार परेशानियों- जन्म के समय किसी प्रकार के विकार, बीमारी, कमियाँ, अपंगता तथा विकास में देरी के बारे में पता लगाकर उनका निदान किया जाता है।
- इस कार्यक्रम के अंतर्गत 30 स्वास्थ्य खामियों का नि:शुल्क निदान भी किया जाता है।
- इसके तहत देश भर में चरणबद्ध तरीके से 0–18 वर्ष तक के बच्चों को शामिल किये जाने की योजना है।

4. राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये–
   1. इसमें स्वास्थ्य देखभाल के लिये वित्तपोषण बढ़ाकर सकल घरेलू उत्पाद का कम-से-कम 2 प्रतिशत करने पर ज़ोर दिया गया।
   2. इसके अंतर्गत 2005 में राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन तथा 2013 में राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन की शुरुआत की गई।
   3. इसका लक्ष्य आवश्यकतानुसार एक समान, सस्ती और सर्वोत्तम स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराना है।

# 17 आवास और शहरी मामले (Housing and Urban Affairs)

1. प्रधानमंत्री आवास योजना सभी के लिये आवास (शहरी) के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?
   1. यह योजना वर्ष 2014 में आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय द्वारा, वर्ष 2022 तक सभी को आवास उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से चलाई गई।
   2. इस योजना के अंतर्गत 25 वर्गमीटर कार्पेट एरिया वाले आवास उपलब्ध करवाए जाएंगे।
   3. इसके अंतर्गत मलिन बस्ती पुनर्वास कार्यक्रम चलाया गया।
   4. इस योजना के अंतर्गत आवासों का निर्माण लोक एवं निजी क्षेत्र की भागीदारी से किया जाएगा।

   कूट:
   (a) केवल 1, 2 और 3 (b) केवल 2
   (c) केवल 1 और 3 (d) केवल 3 और 4

**उत्तर: (d)**

**व्याख्या:** वर्ष 2022 तक सभी को आवास उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से भारत सरकार ने 2015 में पीएमएवाई-सभी के लिये आवास (शहरी) मिशन प्रारंभ किया।

- यह अभियान मलिन बस्तियों में रहने वाले शहरी गरीबों तथा ऐसे ही अन्य लोगों के लिये है। इसमें विभिन्न तबकों के शहरी गरीबों के लिये सरकार की निम्नलिखित पहलें शामिल हैं-
  - मलिन बस्ती पुनर्वास-भूमि को संसाधन रूप में उपयोग करते हुए निजी विकास कर्त्ताओं की सहभागिता से मलिन बस्तियों को पुन: विकसित करना, ऐसी सभी परियोजनाओं में सभी पात्र मलिन बस्ती निवासियों को औसतन ₹1 लाख प्रति आवास की अनुदान सहायता देना;
  - ऋण युक्त अनुदान के माध्यम से कमज़ोर वर्गों के लिये मूल्य वहन योग्य आवासों को बढ़ावा देना;
  - लोक एवं निजी क्षेत्र की भागीदारी से मूल्य वहन योग्य आवास निर्माण;
  - लाभार्थी द्वारा स्वयं का आवास निर्माण या उसके प्रोत्साहन हेतु अनुदान सहायता।
- सामुदायिक केंद्र, पार्क और खेल के मैदान सरीखी सामाजिक आधारभूत संरचना युक्त 30 वर्गमीटर कॉर्पेट एरिया वाले आवास उपलब्ध करवाए जाएंगे।

2. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-
   1. दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (DAY-NULM) का प्राथमिक लक्ष्य अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अल्पसंख्यकों, महिला प्रमुख परिवारों, दिव्यांगजनों को सामाजिक रूप से जागरूक करना है।
   2. दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (DAY-NULM) के अंतर्गत फेरी लगाने वालों को संस्थागत ऋण और प्रशिक्षण दिया जाएगा।

   उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?
   (a) केवल 1 (b) केवल 2
   (c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: (c)**

**व्याख्या:** राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (NULM) एवं राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (NRLM) को मिलाकर दीनदयाल अंत्योदय योजना (DAY) नाम दिया गया है।

- एनयूएलएम का कार्य विस्तार सभी वैधानिक नगरों में करके नया नाम 'डीएवाई-एनयूएलएम' दिया गया है।
- इसका प्राथमिक लक्ष्य अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अल्पसंख्यकों, महिला प्रमुख परिवारों, दिव्यांगजनों, निराश्रितों (Destitute), प्रवासी श्रमिकों, विशेष रूप से फेरी वाले, कबाड़ बीनने वाले, घरेलू कामगार, भिखारी, निर्माण कार्यों में लगे श्रमिकों को जागरूक करना और बेघर लोगों को चरणबद्ध क्रम में आवश्यक सेवाओं से युक्त आश्रय उपलब्ध करवाना है।
- मिशन के अंतर्गत गलियों में फेरी लगाने वालों को उनके व्यवसाय हेतु उचित जगह, संस्थागत ऋण, सामाजिक सुरक्षा और बाज़ार में भविष्य में मिल सकने वाले अवसरों एवं चुनौतियों के अनुरूप प्रशिक्षण देकर रोज़गार उपलब्ध करवाया जाएगा।

3. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-
   1. फेरी विक्रेता (आजीविका संरक्षण एवं फेरी विक्रय नियमन) अधिनियम, 2014 का उद्देश्य शहरी इलाकों के फेरी विक्रेताओं के हितों की रक्षा करना एवं फेरी विक्रय गतिविधियों को नियमित करना है।
   2. रियल एस्टेट (विनियमन एवं विकास) अधिनियम, 2016 भारतीय संसद का एक अधिनियम है जो घरेलू खरीददारों की रक्षा करने के साथ-साथ स्थावर संपदा (रियल एस्टेट) में पूंजी निवेश को बढ़ावा देने में मदद करता है।

   उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?
   (a) केवल 1 (b) केवल 2
   (c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: (c)**

**व्याख्या:** भारत सरकार ने फेरी विक्रेता (आजीविका संरक्षण एवं फेरी विक्रय नियमन) अधिनियम, 2014 लागू किया है जिसका उद्देश्य एक ऐसा सकारात्मक वातावरण तैयार करना है जिसमें फेरी विक्रेता उचित और पारदर्शी ढंग से बिना किसी उत्पीड़न अथवा बेदखली के अपना कारोबार कर सकें।

- अधिनियम में अनिवार्य किये गए प्रकल्पों के अंतर्गत भारत सरकार तत्संबंधी नियम बनाने के कार्य में राज्य सरकारों/केंद्रशासित प्रदेश प्रशासनों की सहायता कर रही है।

# 18 भारत और विश्व
## (India and the World)

1. कभी-कभी समाचारों में उल्लिखित पद 'टू-स्टेट सोल्यूशन' किसकी गतिविधियों के संदर्भ में आता है?
(a) चीन (b) इज़राइल
(c) इराक (d) यमन

**उत्तर: (b)**
**व्याख्या:** 'टू-स्टेट सोल्यूशन' का प्रयोग इज़राइल-फिलिस्तीन संघर्ष के संदर्भ में किया जाता है। इसके अंतर्गत दो स्वतंत्र राज्यों- फिलिस्तीन और इज़राइल के गठन पर बल दिया जाता है। इसके अंतर्गत यह माना जाता है कि इज़राइल और फिलिस्तीन दोनों अपने तरीके से अपने देशों को संचालित करना चाहते हैं, अत: विवाद रहित सीमा के साथ दो स्वतंत्र देशों का गठन किया जाना चाहिये। अत: विकल्प (b) सही है।

2. भारत द्वारा चाबहार बंदरगाह विकसित करने का क्या महत्त्व है?
(a) अफ्रीकी देशों से भारत के व्यापार में अपार वृद्धि होगी।
(b) तेल-उत्पादक अरब देशों से भारत के संबंध सुदृढ़ होंगे।
(c) अफगानिस्तान और मध्य एशिया में पहुँच के लिये भारत को पाकिस्तान पर निर्भर नहीं होना पड़ेगा।
(d) पाकिस्तान, इराक और भारत के बीच गैस पाइपलाइन का संस्थापन सरल बनाएगा और उसकी सुरक्षा करेगा।

**उत्तर: (c)**
**व्याख्या:** ईरान के तट पर स्थित चाबहार बंदरगाह को भारत द्वारा विकसित करने का मुख्य उद्देश्य यह है कि बिना पाकिस्तान के संपर्क के भारत के अफगानिस्तान एवं अन्य मध्य एशिया के देशों से द्विपक्षीय व्यापारिक संबंध बनाए जा सकें।

3. निम्नलिखित में से कौन 'खाड़ी सहयोग परिषद्' (गल्फ कोऑपरेशन काउन्सिल) का सदस्य नहीं है?
(a) ईरान (b) सऊदी अरब
(c) ओमान (d) कुवैत

**उत्तर: (a)**
**व्याख्या:** खाड़ी सहयोग परिषद में बहरीन, कुवैत, ओमान, कतर, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात शामिल हैं।
- 'खाड़ी सहयोग परिषद' का गठन राजनीतिक एवं आर्थिक उद्देश्यों की पूर्ति हेतु 6 मध्य पूर्वी देशों द्वारा मिलकर किया गया। इसके 6 सदस्य हैं:- सऊदी अरब, कुवैत, संयुक्त अरब अमीरात, कतर, बहरीन और ओमान। खाड़ी सहयोग परिषद की स्थापना 1981 में रियाद (सऊदी अरब) शहर में की गई थी।
- इस संगठन का उद्देश्य इस्लामिक संस्कृति के आधार पर राजनीतिक, सांस्कृतिक व आर्थिक उद्देश्यों की पूर्ति करना है। अध्यक्षता का क्रम इन्हीं देशों में बदलता रहता है।

4. 'रीजनल कॉम्प्रिहेन्सिव इकॉनमिक पार्टनरशिप' (Regional Comprehensive Economic Partnership) पद प्राय: समाचारों में देशों के एक समूह के मामलों के संदर्भ में आता है। देशों के उस समूह को क्या कहा जाता है?
(a) G20 (b) ASEAN
(c) SCO (d) SAARC

**उत्तर: (b)**
**व्याख्या:** रीजनल कॉम्प्रिहेंसिव इकॉनमिक पार्टनरशिप का संबंध 'आसियान' (ASEAN) देशों से है।
- इस पार्टनरशिप का उद्देश्य आसियान देशों के मध्य मुक्त व्यापार (Free Trade) समझौते से है। इसकी घोषणा आसियान सम्मेलन पेन्ह (कंबोडिया) में 20 नवंबर, 2012 को की गई। आसियान सदस्य देश हैं- ब्रुनेई, म्याँमार, कंबोडिया, इंडोनेशिया, लाओस, मलेशिया, फिलीपींस, सिंगापुर, थाईलैंड और वियतनाम। साथ ही यह मुक्त व्यापार समझौता छ: अन्य देशों के साथ भी आसियान समूह ने किया है।
- ये छ: देश हैं- ऑस्ट्रेलिया, चीन, भारत, जापान, दक्षिण कोरिया और न्यूज़ीलैंड।

5. कभी-कभी समाचारों में आने वाला 'बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव' (Belt and Road Initiative) किसके मामलों के संदर्भ में आता है?
(a) अफ्रीकी संघ (b) ब्राज़ील
(c) यूरोपीय संघ (d) चीन

**उत्तर: (d)**
**व्याख्या:** बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव चीन द्वारा शुरू की गई कार्य योजना है जिसे प्राचीन सिल्क मार्ग से जोड़ कर देखा जा रहा है।
- 'बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव' को ही 'वन बेल्ट, वन रोड' (One Belt, One Road) नाम से भी जाना जाता है। यह चीनी राष्ट्रपति शि जिनपिंग का विचार है, जिसके तहत वे प्राचीन रेशम मार्ग की पुन: स्थापना करना चाहते हैं और इसे जनवादी चीनी क्षेत्र के साथ-साथ यूरेशिया तक विस्तार करना चाहते हैं। इसके पीछे चीन की मंशा आर्थिक व विनिर्माण क्षेत्र में स्थायित्व प्राप्त करने की है।

6. मेकांग-गंगा सहयोग में, जो छ: देशों की पहल है, निम्नलिखित में से कौन-सा/से देश प्रतिभागी नहीं है/हैं?
1. बांग्लादेश 2. कंबोडिया
3. चीन 4. म्याँमार
5. थाईलैंड
नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये-
(a) केवल 1 (b) केवल 2, 3 और 4
(c) केवल 1 और 3 (d) केवल 1, 2 और 5

# 19 उद्योग
## (Industry)

1. 'राष्ट्रीय बौद्धिक संपदा अधिकार नीति' (नेशनल इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी राइटस पॉलिसी) के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये–
   1. यह दोहा विकास एजेंडा और TRIPS समझौते के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को दोहराता है।
   2. औद्योगिक नीति और संवर्धन विभाग भारत में बौद्धिक संपदा अधिकारों के विनियमन के लिये, केंद्रक अभिकरण (नोडल एजेंसी) है।

   उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

   (a) केवल 1 (b) केवल 2
   (c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: (c)**

**व्याख्या:** राष्ट्रीय बौद्धिक संपदा अधिकार नीति एक विज़न दस्तावेज़ है जिससे समस्त बौद्धिक संपदाओं के बीच सहयोग संभव बनाया जाएगा। इसके तहत इस बात पर बल दिया गया है कि भारत बौद्धिक संपदा कानूनों को मानता है तथा भारत में बौद्धिक संपदा की सुरक्षा के लिये प्रशासनिक एवं न्यायिक ढाँचा मौजूद है। अत: इसके द्वारा भारत दोहा विकास एजेंडा और ट्रिप्स (TRIPS) समझौते के प्रति प्रतिबद्धता भी प्रदर्शित करता है।

- औद्योगिक नीति और संवर्द्धन विभाग वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय भारत सरकार के अधीन कार्यरत एक विभाग है जो बौद्धिक संपदा अधिकारों के विनियमन के लिये केंद्रक अभिकरण (नोडल एजेंसी) है।

2. भारत में इस्पात उत्पादन उद्योग को निम्नलिखित में से किसके आयात की अपेक्षा होती है?

   (a) शोरा
   (b) शैल फॉस्फेट (रॉक फॉस्फेट)
   (c) कोककारी (कोकिंग) कोयला
   (d) उपर्युक्त सभी

**उत्तर: (c)**

**व्याख्या:** कोकिंग कोल का प्रयोग लौह अयस्क को पिघलाने में ईंधन के रूप में होता है। इसका अधिकतर आयात ऑस्ट्रेलिया से होता है। शोरा पोटैशियम नाइट्रेट तथा अन्य रासायनिक यौगिकों का मिश्रण है। यह नाइट्रोजन का ठोस रूप है। इसका प्रयोग रॉकेट के नोदकों, पटाखों तथा उर्वरक के रूप में होता है। जबकि रॉक फॉस्फेट/शैल फॉस्फेट एपेटाइट समूह के अंतर्गत आते हैं। इसका सर्वाधिक प्रयोग फॉस्फेट उर्वरकों के निर्माण में होता है।

- विश्व में कच्चे इस्पात के कुल उत्पादन में (जनवरी-अगस्त 2019 के दौरान) 6.1 प्रतिशत की भागीदारी के साथ भारत दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक रहा, जबकि चीन पहले स्थान पर बना हुआ है।

3. भारत सरकार केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यमों (CPSEs) में लगी अपनी इक्विटी का विनिवेश क्यों कर रही है?
   1. सरकार अपनी इक्विटी के विनिवेश से मिले राजस्व का उपयोग मुख्यत: अपने बाह्य ऋण को लौटाने में करना चाहती है।
   2. सरकार अब CPSEs के प्रबंधन का नियंत्रण अपने हाथों में नहीं रखना चाहती।

   उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

   (a) केवल 1 (b) केवल 2
   (c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: (d)**

**व्याख्या:** भारत सरकार द्वारा केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यमों (CPSEs) में लगी अपनी इक्विटी का विनिवेश यानी उद्यमों में अपनी वित्तीय साझेदारी अथवा अंशधारिता को कम करने का उद्देश्य बाह्य ऋण लौटाना अथवा इन उद्यमों के प्रबंधन का नियंत्रण अपने हाथों में रखने की इच्छा नहीं है।

4. राष्ट्रीय डिज़ाइन नीति के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये–
   1. राष्ट्रीय डिज़ाइन नीति का अनुमोदन 2017 में किया गया।
   2. यह भारत सरकार के मेक इन इंडिया कार्यक्रम में सहायता प्रदान करती है।

   उपर्युक्तें में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

   (a) केवल 1 (b) केवल 2
   (c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: (b)**

**व्याख्या:** राष्ट्रीय डिज़ाइन नीति का अनुमोदन 2007 में किया गया था। इसका लक्ष्य देशभर में क्रियान्वित की जा रही डिज़ाइन क्लिनिक स्कीम परियोजना का उद्देश्य MSME के उत्पादों और सेवाओं में डिज़ाइन संबंधी कार्यक्रमों को शामिल करके उनकी विनिर्माण क्षमता को बेहतर बनाना और वैश्विक बाज़ार में उनके डिज़ाइन को ऊँचा दर्जा प्रदान करना है और इस प्रकार यह भारत सरकार के मेक इन इंडिया कार्यक्रम में सहायता प्रदान करता है।

5. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये–
   1. खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग (Khadi and Village Industries Commission) सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय के अंतर्गत एक संवैधानिक संस्था है।
   2. कॉइर बोर्ड, कॉइर उद्योग अधिनियम, 1956 के अंतर्गत स्थापित एक सांविधिक संस्था है।
   3. सार्वजनिक उपक्रम विभाग, सभी केंद्रीय सार्वजनिक उपक्रमों के लिये नोडल विभाग है।

# 20 विधि और न्याय
## (Law and Justice)

1. निम्नलिखित में से कौन भारत के संविधान का अभिरक्षक (कस्टोडियन) है?
(a) भारत का राष्ट्रपति (b) भारत का प्रधानमंत्री
(c) लोकसभा सचिवालय (d) भारत का उच्चतम न्यायालय

**उत्तरः (d)**

**व्याख्याः** भारत का उच्चतम न्यायालय संविधान का अभिरक्षक है। जब भी कोई संवैधानिक प्रावधान अस्पष्ट होता है तो उच्चतम न्यायालय उसकी व्याख्या कर उसे स्पष्ट करता है। इसी प्रकार जब भी कोई संसदीय विधान संविधान के आधारभूत ढाँचे का उल्लंघन करता है तो उच्चतम न्यायालय उसे अवैध घोषित कर संविधान के अभिरक्षक की भूमिका अदा करता है।

- केन्द्र सरकार ने नौवीं अनुसूची के अंतर्गत कानूनों को शामिल करके उन्हें सर्वोच्च न्यायालय के परीक्षण से बचाने का प्रयास किया किंतु सर्वोच्च न्यायालय ने स्पष्ट कर दिया कि यदि नौवीं अनुसूची में शामिल किया गया कोई भी प्रावधान संविधान के उपबंधों का उल्लंघन करता है तो उसका न्यायिक परीक्षण किया जा सकता है।
- केंद्र सरकार ने 24वें संविधान (संशोधन) अधिनियम, 1971 द्वारा सर्वोच्च न्यायालय की शक्ति (न्यायिक पुनर्विलोकन) को सीमित करने का प्रयास किया, तो सर्वोच्च न्यायालय ने इसे असंवैधानिक घोषित कर दिया।
- वर्ष 1973 में सर्वोच्च न्यायालय ने केशवानंद भारती मामले में ऐतिहासिक निर्णय दिया। इसमें सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि यद्यपि संसद को संविधान के प्रत्येक उपबंध को संशोधित करने का अधिकार है, किंतु संशोधन की इस शक्ति के द्वारा संसद संविधान के आधारभूत ढाँचे का उल्लंघन नहीं कर सकती।
- इस प्रकार सर्वोच्च न्यायालय ने जहाँ एक ओर समय एवं परिस्थिति के अनुसार संविधान को संशोधित करने का मार्ग प्रशस्त किया है, वहीं इस संशोधन की शक्ति के दुरुपयोग को रोककर संविधान की मौलिकता को भी बरकरार रखा है।

2. भारत के उच्चतम न्यायालय में न्यायाधीशों की संख्या में वृद्धि करने की शक्ति किसमें निहित है?
(a) भारत के राष्ट्रपति (b) संसद
(c) भारत के मुख्य न्यायमूर्ति (d) विधि आयोग

**उत्तरः (b)**

**व्याख्याः** भारतीय संविधान के अनुच्छेद 124(1) के तहत उच्चतम न्यायालय में न्यायाधीशों की संख्या में वृद्धि करने की शक्ति संसद में निहित है। संविधान में मुख्य न्यायमूर्ति के अतिरिक्त 7 न्यायाधीशों की व्यवस्था की गई थी। संसद द्वारा पारित उच्चतम न्यायालय (न्यायाधीशों की संख्या) संशोधन अधिनियम, 2019 के द्वारा अब यह संख्या 33 (मुख्य न्यायमूर्ति के अतिरिक्त) हो गई है।

3. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-
1. उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश 62 वर्ष की उम्र में सेवानिवृत्त होते हैं।
2. उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश सेवानिवृत्ति के पश्चात् भारत के किसी भी न्यायालय में वकालत नहीं कर सकते हैं।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

**उत्तरः (b)**

**व्याख्याः** उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश 65 वर्ष की उम्र में सेवानिवृत्त होते हैं।

- कोई भी व्यक्ति जो उच्चतम न्यायालय का न्यायाधीश रह चुका है उसको किसी भी न्यायालय अथवा भारत के किसी अन्य प्राधिकरण में वकालत करने पर रोक है।
- उच्चतम न्यायालय की कार्यवाही केवल अंग्रेज़ी भाषा में ही होती है।

4. उच्चतम न्यायालय का न्यायाधीश होने के लिये निम्नलिखित में से कौन-सी योग्यताएँ ज़रूरी हैं?
1. वह भारत का नागरिक हो।
2. वह पाँच वर्ष के लिये किसी उच्च न्यायालय में न्यायाधीश रहा हो।
3. वह राष्ट्रपति की राय में प्रतिष्ठित विधिवेत्ता हो।
4. उसकी आयु 30 वर्ष से अधिक हो।

कूटः
(a) केवल 1 और 3 (b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1, 2 और 3 (d) 1, 2, 3 और 4

**उत्तरः (c)**

**व्याख्याः** उच्चतम न्यायालय का न्यायाधीश नियुक्त होने के लिये किसी भी व्यक्ति का भारत का नागरिक होना ज़रूरी है और वह कम-से-कम पाँच वर्ष के लिये उच्च न्यायालय अथवा ऐसे ही दो या अधिक न्यायालयों में न्यायाधीश रह चुका हो, अथवा किसी उच्च न्यायालय में अथवा कम-से-कम दस वर्ष के लिये दो या अधिक ऐसी ही न्यायालयों में अधिवक्ता रह चुका हो अथवा राष्ट्रपति की राय में वह एक प्रतिष्ठित विधिवेत्ता हो।

5. निम्नलिखित में से कौन-सा/से युग्म सुमेलित है/हैं?

| (अधिकार क्षेत्र) | | (उच्च न्यायालय) |
|---|---|---|
| 1. पुदुच्चेरी | – | मद्रास |
| 2. लक्षद्वीप | – | कर्नाटक |
| 3. मणिपुर | – | गुवाहाटी |

# 21 श्रम, कौशल विकास और रोज़गार (Labour, Skill Development and Employment)

1. प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-
   1. यह श्रम एवं रोज़गार मंत्रालय की फ्लैगशिप स्कीम है।
   2. यह अन्य कार्यों के साथ-साथ, सॉफ्ट स्किल, उद्यमवृत्ति, वित्तीय और डिज़िटल साक्षरता में भी प्रशिक्षण उपलब्ध कराएगी।
   3. यह देश के अविनियमित कार्यबल की कार्यकुशलताओं को राष्ट्रीय कौशल योग्यता ढाँचा (नेशनल स्किल क्वालिफिकेशन फ्रेमवर्क) के साथ जोड़ेगी।

   उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

   (a) केवल 1 और 3 (b) केवल 2
   (c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

**उत्तर: (c)**

**व्याख्या:** प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना का क्रियान्वयन कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय के दिशा-निर्देश में राष्ट्रीय कौशल विकास निगम द्वारा किया जा रहा है। यह युवाओं के प्रशिक्षण के लिये एक मुख्य योजना है। इन प्रशिक्षण केंद्रों में ऐसे उम्मीदवारों, जो स्कूल या कॉलेज छोड़ चुके हैं तथा बेरोज़गार हैं, को लघु अवधि प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इन प्रशिक्षण केंद्रों पर राष्ट्रीय कौशल प्रमाणन ढाँचे के अनुसार प्रशिक्षण प्रदान करने के अलावा सॉफ्ट स्किल, उद्यमिता, वित्तीय साक्षरता, डिजिटल साक्षरता आदि का प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इसका उद्देश्य देश के अनियमित कर्मचारियों की दक्षता की पहचान कर उन्हें राष्ट्रीय कौशल ढाँचे के साथ संलग्न करना है। अत: कथन 2 और 3 सही हैं।

2. 'राष्ट्रीय कौशल योग्यता फ्रेमवर्क' (NSQF) के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?
   1. NSQF के अधीन, शिक्षार्थी सक्षमता का प्रमाणपत्र केवल औपचारिक शिक्षा के माध्यम से ही प्राप्त कर सकता है।
   2. NSQF के क्रियान्वयन का एक प्रत्याशित परिणाम व्यावसायिक और सामान्य शिक्षा के मध्य संचरण है।

   नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये-

   (a) केवल 1 (b) केवल 2
   (c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: (b)**

**व्याख्या:** राष्ट्रीय कौशल योग्यता फ्रेमवर्क (NSQF) दिसंबर 2013 में मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा अधिसूचित किया गया था।

- NSQF के अधीन शिक्षार्थी सक्षमता प्रमाण-पत्र औपचारिक अनौपचारिक या गैर-औपचारिक सभी शिक्षा माध्यमों से प्राप्त कर सकता है। अत: कथन 1 गलत है।
- NSQF के अपेक्षित परिणाम-
  - व्यावसायिक और सामान्य शिक्षा के मध्य संचरण
  - कौशल प्रशिक्षण के लिये राष्ट्रीय मानकों के रूप में
  - NSQF के अंतर्राष्ट्रीय तुल्यता के माध्यम से भारत से कुशल कार्यबल की वैश्विक गतिशीलता आदि।
- उल्लेखनीय है कि इस फ्रेमवर्क का संचालन राष्ट्रीय कौशल विकास एजेंसी (National Skill Development Agency–NSDA) द्वारा किया जाता है, जो कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय के अधीन एक स्वायत्त निकाय है।

3. 'नेशनल कॅरियर सर्विस' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-
   1. नेशनल कॅरियर सर्विस, कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग, भारत सरकार, का एक उपक्रमण है।
   2. नेशनल कॅरियर सर्विस को देश के अशिक्षित युवाओं के लिये रोज़गार के अवसर के संवर्धन के लिये मिशन के रूप में प्रारंभ किया गया है।

   उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

   (a) केवल 1 (b) केवल 2
   (c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: (d)**

**व्याख्या:** 'नेशनल कॅरियर सर्विस' (NCS) परियोजना एक मिशन मोड परियोजना के रूप में भारत के श्रम और रोज़गार मंत्रालय द्वारा प्रारंभ की गई है।

- यह पोर्टल मुख्य रूप से युवाओं की आकांक्षाओं के साथ अवसरों को जोड़ने के लिये विकसित किया गया है। साथ ही, यह पोर्टल नौकरी चाहने वालों, नौकरी प्रदाताओं, कौशल प्रदाताओं, कॅरियर सलाहकारों आदि के पंजीकरण की सुविधा प्रदान करता है। अत: दोनों कथन गलत हैं।

4. राष्ट्रीय श्रमिक शिक्षा और विकास बोर्ड से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-
   1. राष्ट्रीय श्रमिक शिक्षा और विकास बोर्ड संगठित, असंगठित और ग्रामीण क्षेत्रों के श्रमिकों के लिये प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित करता है।
   2. दत्तोपंत ठेंगड़ी राष्ट्रीय श्रमिक शिक्षा और विकास बोर्ड की स्थापना 1968 में की गई थी।
   3. वी.वी. गिरी राष्ट्रीय श्रम संस्थान की स्थापना एक स्वायत्त संस्था के रूप में नोएडा में वर्ष 1984 में की गई थी।

# 22 जनसंचार
## (Mass Communication)

1. प्रसार भारती से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये–
   1. भारत के लोक सेवा प्रसारक 'प्रसार भारती' का गठन वर्ष 1987 में किया गया था।
   2. आकाशवाणी और दूरदर्शन, प्रसार भारती के दो घटक हैं।
   3. प्रसार भारती बोर्ड में एक अध्यक्ष तथा छः कार्यकारी सदस्य होते हैं।

   उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?
   (a) केवल 2 (b) केवल 3
   (c) केवल 1 और 2 (d) केवल 1 और 3

**उत्तरः (a)**

**व्याख्याः** प्रसार भारती (ब्रॉडकास्टिंग कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया) भारत का लोक सेवा प्रसारक है। इसके दो घटक हैं- आकाशवाणी और दूरदर्शन।
- 23 नवंबर, 1997 को प्रसार भारती का गठन किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य रेडियो और दूरदर्शन पर सार्वजनिक प्रसारण सेवाओं का आयोजन एवं संचालन कर लोगों को सूचित, शिक्षित और उनका मनोरंजन करना है।
- प्रसार भारती निगम, प्रसार भारती बोर्ड द्वारा चलाया जाता है जिसमें एक अध्यक्ष, एक कार्यकारी सदस्य (जिसे मुख्य कार्यपालक अधिकारी के नाम से भी जाना जाता है), सदस्य (वित्त), सदस्य (कार्मिक), छह अंशकालिक सदस्य, सूचना और प्रसारण मंत्रालय का एक प्रतिनिधि तथा आकाशवाणी और दूरदर्शन के महानिदेशक पदेन सदस्यों के रूप में शामिल होते हैं।

2. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये–
   1. भारतीय फिल्म संस्थान को 1974 में भारतीय फिल्म एवं टेलीविज़न संस्थान में बदल दिया गया।
   2. ब्रॉडकास्ट इंजीनियरिंग कंसल्टेंट्स इंडिया लिमिटेड की स्थापना का उद्देश्य निजी प्रसारणकर्त्ताओं को राष्ट्रीय प्रसारणकर्त्ताओं की विशेषज्ञता उपलब्ध कराना था।
   3. सत्यजीत रे फिल्म एवं टेलीविज़न संस्थान (SRFTI) राष्ट्रीय स्तरीय फिल्म प्रशिक्षण संस्थान है।

   उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?
   (a) केवल 1 और 2 (b) केवल 2 और 3
   (c) केवल 3 (d) 1, 2 और 3

**उत्तरः (d)**

**व्याख्याः** भारतीय फिल्म संस्थान की स्थापना 1960 में की गई थी। 1974 में टेलीविज़न शाखा खोलने के बाद इसे 'भारतीय फिल्म एवं टेलीविज़न संस्थान' नाम दिया गया।
- ब्रॉडकास्ट इंजीनियरिंग कंसल्टेंट्स इंडिया लिमिटेड (BECIL) लाभ अर्जित करने वाला एक सार्वजनिक उपक्रम है, जिसकी स्थापना 1995 में हुई थी। इसका उद्देश्य निजी प्रसारणकर्त्ताओं को राष्ट्रीय प्रसारणकर्त्ताओं की विशेषज्ञता उपलब्ध कराना था।

3. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये–
   1. आकाशवाणी के उद्देश्यों में कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में कार्य के विस्तार सहित विकास से संबंधित गतिविधियों से जुड़े कार्यक्रमों का निर्माण और प्रसारण करना है।
   2. आकाशवाणी के विविध भारती मनोरंजन चैनल पर विज्ञापनों का प्रसारण वर्ष 1957 से आरंभ हुआ।
   3. चुनावों से पूर्व राजनीतिक पार्टियों का पहला प्रसारण आकाशवाणी के स्टेशनों से 1977 से शुरू हुआ।

   उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?
   (a) केवल 2 (b) केवल 1 और 3
   (c) केवल 1 और 2 (d) 1, 2 और 3

**उत्तरः (b)**

**व्याख्याः** आकाशवाणी कई वर्षों से त्रिस्तरीय प्रणाली का उपयोग राष्ट्रीय, क्षेत्रीय और स्थानीय प्रसारण में कर रहा है।
- वह अपने स्टेशनों के ज़रिये महाद्वीपीय आयाम और बहुलवादी समाज में श्रोताओं की सूचना, शिक्षा और मनोरंजन संबंधी ज़रूरतें पूरी करता है।
- ये स्टेशन 23 भाषाओं और 176 बोलियों में समाचार, संगीत, बोले गए शब्द और अन्य कार्यक्रम पूरे देश की जनसंख्या तक पहुँचाने की कोशिश करते हैं, जो एक बिलियन से अधिक हो चुकी है।
- आकाशवाणी का 'विविध भारती' नामक मनोरंजन चैनल 3 अक्तूबर, 1957 को शुरू हुआ और इस चैनल पर 1 नवंबर, 1967 से विज्ञापनों का प्रसारण होने लगा।
- पहला रेडियो संगीत सम्मेलन 1954 में आयोजित किया गया और उसके बाद से यह हर साल आयोजित होने लगा।
- 1 अप्रैल, 1976 को दूरदर्शन को आकाशवाणी से अलग कर दिया गया।
- चुनावों से पूर्व राजनीतिक पार्टियों का पहला प्रसारण आकाशवाणी के विविध स्टेशनों से 1977 से शुरू हुआ।

4. देश में जनसंचार साधनों से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये–
   1. दूरदर्शन प्रसारण की शुरुआत मुंबई में सितंबर 1957 से प्रादेशिक तौर पर हुई।
   2. भारतीय संस्कृति और धरोहर को प्रमाणिकता के साथ संरक्षित रखने और उसे जनता के समक्ष प्रस्तुत करने के लिये दूरदर्शन डीडी इंडिया चैनल संचालित कर रहा है।
   3. भारत में राष्ट्रीय प्रसारण एवं मल्टीमीडिया अकादमी (NABM) को टीवी चैनलों द्वारा प्रसारित की जा रही सामग्री की निगरानी का कार्य सौंपा गया है।

# 23 आयोजना
## (Planning)

1. चौदहवें वित्त आयोग के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?
   1. इसने केंद्रीय विभाज्य पूल में राज्यों को मिलने वाला हिस्सा 32 प्रतिशत से बढ़ाकर 42 प्रतिशत कर दिया है।
   2. इसने विशेष तौर पर सेक्टरों से जुड़े (सेक्टर- स्पेसिफिक) अनुदानों से संबंधित सिफारिशें की हैं।

   नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये-
   (a) केवल 1 (b) केवल 2
   (c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

**उत्तरः (a)**

**व्याख्याः** 14वें वित्त आयोग द्वारा 2015–16 से 2020–21 की अवधि के लिये की गई प्रमुख सिफारिशें निम्नलिखित हैं-

- केन्द्रीय विभाज्य पूल में राज्यों का हिस्सा वर्तमान 32 प्रतिशत से बढ़ाकर मूलत: 42 प्रतिशत किया जाए। अत: कथन 1 सही है।
- आयोग ने राज्यों के बीच विभाज्य पूल में राज्य हिस्से के वितरण के लिये नए क्षैतिज सूत्र का भी सुझाव दिया है। 13वें वित्त आयोग की अपेक्षा 14वें वित्त आयोग ने दो नए परिवर्तनीय कारक जोड़े हैं- 2011 की जनसंख्या और वन क्षेत्र तथा राजकोषीय अनुपालन कारक को निकाल दिया गया है।
- 14वें वित्त आयोग ने 13वें वित्त आयोग के विपरीत सेक्टर विशिष्ट अनुदानों से संबंधित कोई सिफारिश नहीं की है। अत: कथन 2 सही नहीं है। कई अन्य प्रकार के अंतरणों का सुझाव दिया गया है, जिनके अंतर्गत ग्रामीण और शहरी स्थानीय निकायों को अनुदान, आपदा राहत के लिये अनुदानों सहित निष्पादन अनुदान और राजस्व घाटे से संबंधित सुझाव सम्मिलित हैं। 2015–20 की अवधि के लिये ये अंतरण कुल मिलाकर लगभग ₹5.3 लाख करोड़ के हैं।

2. बारहवीं पंचवर्षीय योजना का मुख्य उद्देश्य क्या था?
   (a) समावेशी विकास और गरीबी न्यूनीकरण
   (b) समावेशी एवं धारणीय विकास
   (c) बेरोज़गारी घटाने हेतु धारणीय एवं समावेशी विकास
   (d) तीव्रतर, धारणीय एवं ज़्यादा समावेशी विकास

**उत्तरः (d)**

**व्याख्याः** बारहवीं पंचवर्षीय योजना (2012-17) का मुख्य उद्देश्य इसके दृष्टिकोण प्रपत्र के अनुसार, 'तीव्र, अधिक समावेशी और धारणीय विकास' था।

- 11वीं पंचवर्षीय योजना का मुख्य लक्ष्य था- 'तीव्रतर और अधिक समावेशी विकास की ओर'। उल्लेखनीय है कि 11वीं पंचवर्षीय योजना में आर्थिक वृद्धि की दर 7.9 प्रतिशत रही, जो लक्ष्य 9 प्रतिशत से कम व 10वीं पंचवर्षीय योजना में प्राप्त 7.6 प्रतिशत की वृद्धि दर से थोड़ी ज़्यादा रही।

3. भारत सरकार ने नीति (NITI) आयोग की स्थापना निम्नलिखित में से किसका स्थान लेने के लिये की है?
   (a) मानवाधिकार आयोग (b) वित्त आयोग
   (c) विधि आयोग (d) योजना आयोग

**उत्तरः (d)**

**व्याख्याः** भारत सरकार ने **'योजना आयोग'** को समाप्त कर उसके स्थान पर नीति (National Institution for Transforming India–NITI) आयोग नामक नया संस्थान बनाया है। यह संस्थान सरकार के थिंक टैंक के रूप में सेवाएँ प्रदान करने के साथ उसे निर्देशात्मक एवं नीतिगत गतिशीलता प्रदान करेगा।

**उद्देश्य**

- विकास प्रक्रिया में निर्देश एवं रणनीतिक परामर्श देना;
- राज्यों के साथ सतत् आधार पर संरचनात्मक सहयोग की पहल और सहयोगपूर्ण संघवाद को बढ़ावा देना;
- विकास के एजेंडे के कार्यान्वयन में तेज़ी लाने के क्रम में अंतर-क्षेत्रीय और अंतर-विभागीय मुद्दों के समाधान के लिये एक मंच प्रदान करना;
- कार्यक्रमों और नीतियों के क्रियान्वयन के लिये प्रौद्योगिकी उन्नयन एवं क्षमता निर्माण पर ज़ोर देना आदि।

4. ग्यारहवीं पंचवर्षीय योजना में निरूपित समावेशी विकास निम्नलिखित में से किस एक को सम्मिलित नहीं करता?
   (a) गरीबी में कमी लाना
   (b) रोज़गार अवसरों का विस्तार करना
   (c) पूंजी बाज़ार का सशक्तीकरण करना
   (d) लिंग असमानता में कमी लाना

**उत्तरः (c)**

**व्याख्याः** विकल्प (c) सही है।

5. मेंटर इंडिया कार्यक्रम के संदर्भ में सत्य कथन का चयन कीजिये-
   (a) यह शैक्षणिक समुदाय और भारत सरकार के बीच भागीदारी के लिये पथ-प्रवर्तक पहल है।
   (b) यह राज्य और केंद्र सरकार के बीच भागीदारी के लिये एक पहल है।
   (c) यह शैक्षणिक समुदाय और उद्योग जगत के बीच भागीदारी के लिये एक पथ प्रवर्तक पहल है।
   (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं।

**उत्तरः (c)**

**व्याख्याः** अटल नवाचार मिशन द्वारा शुरू किया गया मेंटर इंडिया कार्यक्रम, शैक्षणिक समुदाय और उद्योग जगत के बीच भागीदारी के लिये एक पथ प्रवर्तक पहल है।

# 24 ग्रामीण विकास
## (Rural Development)

1. 'राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन' ग्रामीण क्षेत्रीय निर्धनों के आजीविका विकल्पों को सुधारने का किस प्रकार प्रयास करता है?
   1. ग्रामीण क्षेत्रों में बड़ी संख्या में नए विनिर्माण उद्योग तथा कृषि व्यापार केंद्र स्थापित करके।
   2. 'स्वयं सहायता समूहों' को सशक्त बनाकर और कौशल विकास की सुविधाएँ प्रदान करके।
   3. कृषकों को नि:शुल्क बीज, उर्वरक, डीज़ल पंपसेट तथा लघु सिंचाई संयंत्र देकर।

   निम्नलिखित कूट के आधार पर सही उत्तर चुनिये–
   (a) केवल 1 और 2
   (b) केवल 2
   (c) केवल 1 और 3
   (d) 1, 2 और 3

**उत्तर: (b)**

**व्याख्या:** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (वर्तमान नाम–दीनदयाल अंत्योदय योजना–राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन) को 2011 में शुरू किया गया था। इसका लक्ष्य ग्रामीण निर्धन परिवारों तक पहुँच स्थापित करनी है। इसमें प्रत्येक परिवार से एक महिला सदस्य को शामिल करते हुए महिला स्वयं सहायता समूह का गठन किया जाता है। साथ ही ग्राम स्तर और उससे उच्चतर स्तरों पर इन सहायता समूहों के परिसंघ बनाए जाते हैं।

- इस योजना के प्रमुख घटकों में–निर्धनों के संस्थानों को प्रोत्साहित करना, प्रशिक्षण क्षमता निर्माण और कौशल निर्माण, स्वयं सहायता समूहों तक समुदाय निवेश सहायता निधि की पहुँच तथा अवसंरचना निर्माण और विपणन सहायता आदि शामिल हैं।

2. निम्नलिखित में से कौन 'महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोज़गार गारंटी अधिनियम' के अंतर्गत लाभ प्राप्त करने पात्र हैं?
   (a) केवल अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के परिवारों के वयस्क सदस्य
   (b) गरीबी रेखा से नीचे के (BPL) परिवारों के वयस्क सदस्य
   (c) सभी पिछड़े समुदायों के परिवारों के वयस्क सदस्य
   (d) किसी भी परिवार के वयस्क सदस्य

**उत्तर: (d)**

**व्याख्या:** 'महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोज़गार गारंटी अधिनियम' को यह नाम 2 अक्तूबर, 2009 को मिला। इसके पूर्व यह नरेगा के नाम से जाना जाता था जिसकी शुरुआत 2 फरवरी, 2006 को की गई थी। यह योजना भारत में बिना वर्गीय भेदभाव किये प्रत्येक ग्रामीण परिवार को वित्तीय वर्ष में कम-से-कम 100 दिवसों की गारंटीशुदा मज़दूरी/रोज़गार प्रदान करती है।

3. ग्रामीण परिवारों को निम्नलिखित में से कौन सीधी ऋण सुविधा प्रदान करता है/करते हैं?
   1. क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक
   2. कृषि और ग्रामीण विकास के लिये राष्ट्रीय बैंक
   3. भूमि विकास बैंक

   नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये–
   (a) केवल 1 और 2 (b) केवल 2
   (c) केवल 1 और 3 (d) 1, 2 और 3

**उत्तर: (c)**

**व्याख्या:** क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों की स्थापना 1975 में की गई थी। इन्हें गठित करने का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करना और ग्रामीण एवं कृषि क्षेत्रों के लिये संस्थागत साख के विस्तार के लिये 'सहकारी साख संरचना' का सुदृढ़ चैनल विकसित करना है। यह ग्रामीण सीमान्त कृषकों व कृषि श्रमिकों को सीधी ऋण सुविधा प्रदान करता है।

- विकल्प (b) सही नहीं है, क्योंकि कृषि और ग्रामीण विकास के लिये राष्ट्रीय बैंक (NABARD) ग्रामीण परिवारों को सीधे ऋण प्रदान न कर सहकारी समिति, सूक्ष्मवित्तीय कंपनियों इत्यादि जैसे मध्यस्थों के माध्यम से ऋण प्रदान करता है। वैद्यनाथन समिति के सुझावों के आधार पर नाबार्ड ने केंद्रीय सहकारी बैंकों को धन देने के लिये अल्पकालिक बहुउद्देशीय साख उत्पाद का डिज़ाइन तैयार किया है।
- भूमि विकास बैंक भी ग्रामीण परिवारों एवं कृषकों को सीधी ऋण सुविधा प्रदान करता है। भूमि को समतल करने, भूमि संरक्षण उपायों को अपनाने तथा भूमि निम्नीकरण (Land Degradation) को दूर करने हेतु ग्रामीण कृषकों को भूमि विकास बैंक ऋण प्रदान करता है।

4. दीनदयाल अंत्योदय योजना– राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये–
   1. यह राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन का नया रूप है।
   2. इसमें प्रत्येक परिवार से एक महिला सदस्य को शामिल करते हुए महिला स्वयं सहायता समूह का गठन किया जाता है।
   3. इसमें ग्रामीण निर्धन परिवारों की शत्-प्रतिशत कवरेज सुनिश्चित करने के लिये निर्धन परिवारों की पहचान सामाजिक-आर्थिक एवं जातिगत जनगणना-2011 (एसईसीसी-2011) और भागीदारीपूर्ण प्रक्रिया के ज़रिये की जाती है।

   उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?
   (a) केवल 1 और 2 (b) केवल 2 और 3
   (c) केवल 3 (d) उपर्युक्त सभी

**उत्तर: (d)**

**व्याख्या:** उपर्युक्त सभी कथन सही हैं।

# 25 वैज्ञानिक और प्रौद्योगिकीय विकास (Scientific and Technological Developments)

1. एक नाभिकीय रिएक्टर में भारी जल का क्या कार्य होता है?
   (a) न्यूट्रॉन की गति को कम करना
   (b) न्यूट्रॉन की गति को बढ़ाना
   (c) रिएक्टर को ठंडा करना
   (d) नाभिकीय क्रिया को रोकना

**उत्तरः (a)**

**व्याख्याः** भारी जल (Heavy Water) ($D_2O$) का निर्माण हाइड्रोजन के समस्थानिक ड्यूटेरियम ($^2_1H$) का ऑक्सीजन की अभिक्रिया से होता है।
- नाभिकीय अभिक्रियाओं को नियंत्रित अवस्था में चलाने के लिये न्यूट्रॉन की गति को नियंत्रित रखना आवश्यक होता है जिसके कारण श्रृंखला अभिक्रिया (Chain Reaction) नियंत्रित रहती है।
- भारी जल ($D_2O$) का प्रयोग मंदक के रूप में न्यूट्रॉन की गति को नियंत्रित करने में किया जाता है।
- इसके अतिरिक्त दाबित भारी जल रिएक्टर (PHWR) में $D_2O$ का प्रयोग रिएक्टर को ठंडा करने में भी किया जाता है। परंतु $D_2O$ का प्राथमिक कार्य न्यूट्रॉन की गति को मंद करना ही है। अतः विकल्प (a) सर्वश्रेष्ठ उत्तर है।

2. नाभिकीय रिएक्टर (Nuclear Reactor) में स्व-पोषित श्रृंखला अभिक्रिया (Self–sustained Chain Reaction) संभव है, क्योंकि-
   1. प्रत्येक विखंडन अभिक्रिया में अपेक्षाकृत अधिक न्यूट्रॉन निर्मुक्त होते हैं।
   2. न्यूट्रॉन विखंडन प्रक्रियाओं में तुरंत हिस्सा लेते हैं।
   3. द्रुत न्यूट्रॉन ग्रेफाइट द्वारा धीमे किये जाते हैं।
   4. विखंडन प्रक्रियाओं में निर्मुक्त हर न्यूट्रॉन आगे और विखंडन की शुरुआत करता है।

   उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं?
   (a) 1, 2 और 3 (b) केवल 1 और 3
   (c) केवल 2 और 4 (d) 2, 3 और 4

**उत्तरः (b)**

**व्याख्याः** कथन 1 और 3 सही हैं। अतः विकल्प (b) सही है।

3. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-
   1. भारतीय सर्वेक्षण विभाग विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अधीन कार्य करता है।
   2. भारतीय सर्वेक्षण विभाग देश का सर्वेक्षण करने तथा डिजिटल मानचित्रण करने वाला राष्ट्रीय संगठन है।

   उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?
   (a) केवल 1 (b) केवल 2
   (c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

**उत्तरः (c)**

**व्याख्याः** विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अधीन भारतीय सर्वेक्षण विभाग की स्थापना 1767 में की गई थी और यह देश का सर्वेक्षण करने तथा मानचित्र तैयार करने वाला राष्ट्रीय संगठन है।
- राष्ट्र की प्रमुख मानचित्रण एजेंसी के रूप में इसे जो भूमिका दी गई है, उसके अनुसार भारतीय सर्वेक्षण विभाग पर यह सुनिश्चित करने का विशेष दायित्व है कि देश के भू-भाग का सर्वेक्षण कर उसके सटीक मानचित्र बनाये जाए ताकि तीव्र एवं एकीकृत विकास के लिये आधार मानचित्र तैयार हो सके।

4. वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद् (सीएसआईआर) के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?
   1. सीएसआईआर की स्थापना 1942 में हुई, यह एक स्वायत्तशासी संस्था है।
   2. सीएसआईआर पूरे देश के लिये द्रव्यमान, दूरी, समय, तापमान, प्रवाह आदि मापने के मानकों का निर्धारण करता है।
   3. इसरो का अध्यक्ष ही सीएसआईआर का भी अध्यक्ष होता है।

   कूटः
   (a) केवल 1 और 2 (b) केवल 2 और 3
   (c) केवल 3 (d) 1, 2 और 3

**उत्तरः (a)**

**व्याख्याः** वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद् (CSIR) 1942 में स्थापित की गई स्वायत्तशासी संस्था है, जो विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के विभिन्न क्षेत्रों में अपनी अत्याधुनिक आरएंडडी जानकारी के लिये विख्यात है।
- पूरे देश के लिये द्रव्यमान, दूरी, समय, तापमान, प्रवाह आदि को मापने के मानकों का ध्यान भी सीएसआईआर ही रखता है।
- भारत के बौद्धिक संपदा आंदोलन का अगुआ सीएसआईआर, आज अपने पेटेंट के ज़ख़ीरे को समृद्ध कर रहा है, ताकि चुनिंदा प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में देश को वैश्विक प्रतिष्ठा मिल सके।

5. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन असत्य है?
   (a) फास्ट ब्रीडर रिएक्टर में 'सोडियम' को 'कूलेंट' के लिये उपयोग किया जाता है।
   (b) फास्ट ब्रीडर रिएक्टर जितने ईंधन की खपत करते हैं उससे ज़्यादा ईंधन का उत्पादन करते हैं।
   (c) भारतीय परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम के तीसरे चरण का उद्देश्य वाणिज्यिक विद्युत उत्पादन हेतु थोरियम का ईंधन के रूप में प्रयोग करना है।
   (d) दुनिया में यूरेनियम का भंडार अधिक होने के कारण इसे 'भविष्य का ईंधन' भी कहते हैं।

# 26 परिवहन
## (Transport)

1. निम्नलिखित में से कौन-सा बंदरगाह ज्वारनदमुख पर स्थित है?
(a) कांडला (b) मोरमुगाओ
(c) कोलकाता-हल्दिया (d) तूतीकोरिन

**उत्तर: (b)**
**व्याख्या:** विकल्प (b) सही है।

2. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये-

| (राष्ट्रीय राजमार्ग) | | (इससे जुड़े शहर) |
|---|---|---|
| 1. NH4 | : | चेन्नई और हैदराबाद |
| 2. NH6 | : | मुंबई और कोलकाता |
| 3. NH15 | : | अहमदाबाद और जोधपुर |

उपर्युक्त में से कौन-सा/से युग्म सुमेलित है/हैं?
(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 3
(c) 1, 2 और 3 (d) इनमें से कोई नहीं

**उत्तर: (d)**
**व्याख्या:** उपर्युक्त में से कोई भी राष्ट्रीय राजमार्ग और उससे जुड़े शहरों का युग्म सुमेलित नहीं है। NH–4 थाणे (मुंबई) को चेन्नई से जोड़ता है। इस राष्ट्रीय राजमार्ग से जुड़े शहरों का सटीक क्रम है: थाणे-पुणे-बेलगाम-हुबली-बंगलूरू-रानीपेट-चेन्नई।
- NH–6 हजीरा (गुजरात) को कोलकाता से जोड़ता है। इससे जुड़े शहरों का सटीक क्रम है: हजीरा-सूरत-धूले-नागपुर-रायपुर- संभलपुर-बहारागोरा-कोलकाता।
- NH–15 पठानकोट (पंजाब) को समाखियाली (गुजरात) से जोड़ता है। इससे जुड़े शहरों का क्रम है: पठानकोट-अमृतसर-भटिंडा-गंगानगर-बीकानेर-जैसलमेर-बाड़मेर-समाखियाली।

3. राष्ट्रीय राजमार्गों के विकास और रख-रखाव के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-
1. वर्ष 2004 से चलाई जा रही यह परियोजना देश की सबसे बड़ी राजमार्ग परियोजना है।
2. 2022 तक राष्ट्रीय राजमार्गों से रेलवे क्रॉसिंग हटा दिये जाएंगे और रेलवे ओवरब्रिज तथा अंडरपास बनाए जाएंगे।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: (d)**
**व्याख्या:** सरकार राष्ट्रीय राजमार्ग विकास परियोजना कार्यान्वित कर रही है।
- वर्ष 2000 से चलाई जा रही यह परियोजना देश की सबसे बड़ी राजमार्ग परियोजना है।
- एक अन्य कार्यक्रम 'सेतु भारतम' है, जिसका उद्देश्य सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करना है। इसके तहत 2019 तक सभी राष्ट्रीय राजमार्गों से रेलवे क्रॉसिंग हटा दिये जाएंगे और रेलवे ओवरब्रिज तथा अंडरपास बनाये जाने का निर्णय लिया गया था।

4. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिये तथा नीचे दिये गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिये-

| सूची-I (ज़ोन) | सूची-II (मुख्यालय) |
|---|---|
| A पूर्वी रेलवे | 1. मुंबई |
| B पश्चिमी रेलवे | 2. नई दिल्ली |
| C उत्तरी रेलवे | 3. कोलकाता |
| D दक्षिणी रेलवे | 4. चेन्नई |

कूट:

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 1 | 2 | 4 |
| (b) | 1 | 3 | 4 | 2 |
| (c) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (d) | 3 | 2 | 1 | 4 |

**उत्तर: (a)**
**व्याख्या:** विकल्प (a) सुमेलित है।

5. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-
1. जहाज़रानी उद्योग सबसे अधिक वैश्वीकृत उद्योगों में से एक है।
2. विश्व के जहाज़ पुनरावर्तन उद्योग में भारत की हिस्सेदारी 25 से 30 प्रतिशत है।
3. बड़े बंदरगाह केंद्र सरकार के प्रत्यक्ष प्रशासनिक नियंत्रण में हैं और संविधान की 7वीं अनुसूची में आते हैं।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन असत्य है/हैं?
(a) केवल 1 और 3 (b) केवल 1 और 2
(c) केवल 3 (d) इनमें से कोई नहीं

**उत्तर: (d)**
**व्याख्या:** जहाज़रानी उद्योग सबसे अधिक वैश्वीकृत उद्योगों में से एक है।
- जहाज़रानी उद्योग विशेषकर निर्यात-आयात व्यापार में भारत की अर्थव्यवस्था के परिवहन क्षेत्र में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है। देश के व्यापार की कुल मात्रा का 95 प्रतिशत और मूल्य की दृष्टि से 68 प्रतिशत का व्यापार समुद्री मार्ग से होता है।
- विश्व के जहाज़ पुनरावर्तन उद्योग में भारत की हिस्सेदारी 25 से 30 प्रतिशत है।
- बड़े बंदरगाह केंद्र सरकार के प्रत्यक्ष प्रशासनिक नियंत्रण में हैं और संविधान की 7वीं अनुसूची में आते हैं।

# 27 जल संसाधन
## (Water Resources)

1. निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन राष्ट्रीय जल मिशन से संबंधित है/हैं?
   1. राष्ट्रीय जल मिशन एनएपीसीसी (NAPCC) के अंतर्गत तय किये गए मिशनों में से एक है।
   2. एनडब्ल्यूएम (NWM) वेब पोर्टल राष्ट्रीय जल मिशन का एक स्वतंत्र वेब पोर्टल है।
   3. राष्ट्रीय जल मिशन का प्रमुख लक्ष्य जल का संरक्षण, उसकी बर्बादी में कमी लाना है।

   कूट:
   (a) केवल 1 (b) केवल 3
   (c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

**उत्तर: (d)**

**व्याख्या:** जलवायु परिवर्तन और संबंधित मुद्दों के समाधान को देखते हुए जलवायु परिवर्तन संबंधी राष्ट्रीय कार्ययोजना (NAPCC) के अंतर्गत जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभाव की चुनौतियों से निपटने के लिये आठ राष्ट्रीय मिशनों के ज़रिये सिद्धांत तय किये गए और अपनाई जाने वाली कार्यनीति की पहचान की गई। राष्ट्रीय जल मिशन एनएपीसीसी के अंतर्गत तय किये गए मिशनों में से एक है।

- राष्ट्रीय जल मिशन का प्रमुख लक्ष्य जल का संरक्षण, उसकी बर्बादी में कमी लाना और समेकित जल संसाधन विकास एवं प्रबंधन के ज़रिये राज्यों के बीच तथा किसी राज्य के भीतर जल का अधिक समानता पर आधारित वितरण सुनिश्चित करना है।
- **एनडब्ल्यूएम वेब पोर्टल:** यह राष्ट्रीय जल मिशन का एक स्वतंत्र वेब पोर्टल भी है। इस पोर्टल का लक्ष्य जल संसाधनों, संगठनों और जल संसाधनों के विभिन्न पहलुओं से संबंधित उनकी गतिविधियों के बारे में समस्त जानकारी एक ही बिंदु पर उपलब्ध कराना है।

2. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-
   1. देश में जल संसाधनों के संरक्षण, विकास और बेहतर प्रबंधन के लिये राष्ट्रीय जल नीति, 2012 अपनाई गई।
   2. राष्ट्रीय जल संसाधन परिषद् (NWRC) की स्थापना 1992 में की गई थी।
   3. 'नमामि गंगे' कार्यक्रम के अंतर्गत गंगा नदी की स्वच्छता और संरक्षण के सभी प्रयासों को एकत्रित किया गया है।

   उपर्युक्त मे से कौन-सा/से कथन सही नहीं है/हैं?
   (a) केवल 1
   (b) केवल 2
   (c) केवल 1 और 3
   (d) इनमें से कोई नहीं।

**उत्तर: (b)**

**व्याख्या:** देश में जल संसाधनों के संरक्षण, विकास और बेहतर प्रबंधन के लिये राष्ट्रीय जल नीति, 2012 अपनाई गई।

- **राष्ट्रीय जल संसाधन परिषद् (National Water Resources Council)**—राष्ट्रीय जल संसाधन परिषद् (NWRC) की स्थापना मार्च 1983 में की गई थी। प्रधानमंत्री इसके अध्यक्ष हैं और केंद्रीय जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण मंत्री परिषद् के उपाध्यक्ष हैं।
- **राष्ट्रीय जल बोर्ड (National Water Board)**—राष्ट्रीय जल बोर्ड की स्थापना 1990 में की गई थी। इसका उद्देश्य राष्ट्रीय जल नीति के कार्यान्वयन की समीक्षा करना और तत्संबंधी प्रगति की जानकारी समय-समय पर राष्ट्रीय जल संसाधन परिषद् को प्रदान करना है।
- 'नमामि गंगे' कार्यक्रम के अंतर्गत गंगा नदी की स्वच्छता और संरक्षण के सभी प्रयासों को एकीकृत किया गया है।

3. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन जलभृत (Aquifer) मापन और प्रबंधन योजना से संबंधित नहीं है?
   (a) जलभृत भू-जल की ऐसी प्राकृतिक चट्टानी परतें हैं, जो पानी को किफायती ढंग से भंडारित और संरक्षित करती हैं।
   (b) 12वीं पंचवर्षीय योजना में सीजीडब्ल्यूबी ने राष्ट्रीय जलभृत प्रबंधन परियोजना प्रारंभ की।
   (c) सीजीडब्ल्यूबी ने 9वीं पंचवर्षीय योजनाओं के दौरान भू-जल के कृत्रिम पुनर्भरण और वर्षा जल संग्रह योजनाएँ चलाईं।
   (d) इसके प्रमुख लक्ष्यों में प्राथमिकता क्षेत्रों में 1 : 50,000 स्केल पर **थ्री**-डी जलभृतों का सीमांकन करना है।

**उत्तर: (c)**

**व्याख्या: जलभृत मापन और प्रबंधन योजना (Aquifer Mapping and Management Plan)**- जलभृत भू-जल की ऐसी प्राकृतिक चट्टानी परतें हैं, जो पानी को किफायती ढंग से भंडारित और संरक्षित करती हैं। 12वीं पंचवर्षीय योजना में सीजीडब्ल्यूबी ने राष्ट्रीय जलभृत प्रबंधन परियोजना (एनएक्यूयूआईएम) प्रारंभ की।

- इसका उद्देश्य जलभृतों की पहचान, उनका सीमांकन, वर्गीकरण और कारगर प्रबंधन करना है ताकि भूमिगत जल संसाधनों की स्थिरता सुनिश्चित की जा सके।
- इस परियोजना के प्रमुख लक्ष्य हैं- (i) प्राथमिकता क्षेत्रों (मूल्यांकन यूनिटों की अतिदोहित, चिंताजनक और अर्द्ध चिंताजनक श्रेणियाँ और जलगुणवत्ता एवं अन्य समस्याग्रस्त/कमज़ोर क्षेत्र) में 1:50,000 स्केल पर थ्री-डी जलभृतों का सीमांकन करना, (ii) भू-जल की गुणवत्ता सहित जलभृतों का विस्तृत वर्गीकरण और (iii) जलभृत प्रबंधन योजनाएँ तैयार करना। इस परियोजना में स्थानीय स्तर पर भू-जल प्रबंधन के लिये निचले स्तर पर हितभागियों को शामिल करते हुए एक भागीदारीपूर्ण दृष्टिकोण भी अपनाया जाता है।

# 28 कल्याण (Welfare)

1. निम्नलिखित में से कौन-से 'राष्ट्रीय पोषण मिशन' (नेशनल न्यूट्रिशन मिशन) के उद्देश्य हैं?
   1. गर्भवती महिलाओं तथा स्तनपान कराने वाली माताओं में कुपोषण से संबंधी जागरूकता उत्पन्न करना।
   2. छोटे बच्चों, किशोरियों तथा महिलाओं में रक्ताल्पता की घटना को कम करना।
   3. बाजरा, मोटा अनाज तथा अपरिष्कृत चावल के उपभोग को बढ़ाना।
   4. मुर्गी के अंडों के उपभोग को बढ़ाना।

   नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये–

   (a) केवल 1 और 2 (b) केवल 1, 2 और 3
   (c) केवल 1, 2 और 4 (d) केवल 3 और 4

**उत्तर: (a)**
**व्याख्या:** 'राष्ट्रीय पोषण मिशन' गर्भवती महिलाओं तथा स्तनपान कराने वाली माताओं में कुपोषण संबंधी जागरूकता बढ़ाने एवं छोटे बच्चों, किशोरियों व महिलाओं में रक्ताल्पता को कम करने के उद्देश्य से प्रारंभ किया गया था।

2. 'राष्ट्रीय गरिमा अभियान' नामक एक राष्ट्रीय मुहिम चलाई गई है–
   (a) आवासहीन और निराश्रित लोगों के पुनर्वासन और उन्हें उपयुक्त जीविकोपार्जन के स्रोत प्रदान करने के लिये।
   (b) यौन-कर्मियों (सेक्स वर्कर्स) को उनके पेशे से मुक्त कराने और उन्हें जीविकोपार्जन के वैकल्पिक स्रोत प्रदान करने के लिये।
   (c) मैला ढोने की प्रथा को समाप्त करने और मैला ढोने वाले कर्मियों के पुनर्वासन के लिये।
   (d) बंधुआ मज़दूरों को उनके बंधन से मुक्त कराने और उनके पुनर्वासन के लिये।

**उत्तर: (c)**
**व्याख्या:** 'राष्ट्रीय गरिमा अभियान' मैला ढोने की प्रथा को समाप्त करने और मैला ढोने वाले कर्मियों के पुनर्वासन के लिये शुरू किया गया है।

3. भारत में दिव्यांग व्यक्तियों (Persons with Disabilities) की संख्या लाखों में है। वैधानिक स्तर पर उन्हें कौन-कौन से लाभ उपलब्ध हैं?
   1. सरकार द्वारा चलाए जा रहे स्कूलों में 18 वर्ष की आयु तक नि:शुल्क शिक्षा।
   2. व्यवसाय स्थापित करने के लिये वरीयता से भूमि का आवंटन।
   3. सार्वजनिक भवनों में ढाल का उपलब्ध होना।

   उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं?

   (a) केवल 1 (b) केवल 2 और 3
   (c) केवल 1 और 3 (d) 1, 2 और 3

**उत्तर: (d)**
**व्याख्या:** दिव्यांग व्यक्ति (समान अवसर, संरक्षण का अधिकार एवं पूर्ण भागीदारी) अधिनियम, 1995 के तहत निम्नलिखित प्रावधान किये गए हैं–
- केंद्र एवं राज्य सरकार का यह दायित्व है कि वे दिव्यांग बच्चों के लिये 18 वर्ष की आयु तक नि:शुल्क शिक्षा की व्यवस्था करें।
- उनको व्यवसाय स्थापित करने के लिये भूमि आवंटन में वरीयता दें।
- सार्वजनिक भवनों, शौचालयों आदि में ढाल (Ramp) की व्यवस्था करें ताकि यहाँ तक दिव्यांग व्यक्तियों की पहुँच सुनिश्चित हो सके, अत: कथन 1, 2 और 3 तीनों सही हैं।

**नोट:** वर्तमान में आधिकारिक तौर पर विकलांग के स्थान पर 'दिव्यांग' शब्द का प्रयोग किया जाता है।

4. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये–

| | | |
|---|---|---|
| 1. राष्ट्रीय विदेशी छात्रवृत्ति | – | 33 प्रतिशत छात्रवृत्तियाँ महिला उम्मीदवारों के लिये आरक्षित |
| 2. बाबू जगजीवन राम छात्रावास योजना | – | अनुसूचित जाति के छात्रों एवं छात्राओं दोनों के लिये छात्रावास की सुविधा |
| 3. राजीव गांधी राष्ट्रीय फेलोशिप | – | अनुसूचित जाति के छात्रों को अनुसंधान डिग्री के लिये वित्तीय सहायता |

   उपर्युक्त में से कौन-सा/से युग्म सही है/हैं?

   (a) केवल 1 और 2 (b) केवल 3
   (c) केवल 2 और 3 (d) उपर्युक्त सभी

**उत्तर: (c)**
**व्याख्या:** राष्ट्रीय विदेशी छात्रवृत्ति में 30 प्रतिशत छात्रवृत्तियाँ महिला उम्मीदवारों के लिये आरक्षित है।

5. भारत में दिव्यांग व्यक्तियों के लिये किये गए प्रावधानों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये–
   1. अनुच्छेद 41 दिव्यांगता से संबंधित प्रभावी प्रावधान बनाने के लिये राज्य को निर्देश देता है
   2. दिव्यांग व्यक्ति (समान अवसर, अधिकारों का संरक्षण और पूर्ण भागीदारी) अधिनियम, 1995 दिव्यांगता से पीड़ित व्यक्तियों के लिये सामाजिक सुरक्षा उपाय का प्रावधान करता है।
   3. दिव्यांग व्यक्तियों के लिये मुख्य आयुक्त कार्यालय का कार्य दिव्यांग व्यक्तियों के कल्याण के लिये राज्य आयुक्तों के साथ तालमेल, केंद्र द्वारा दी गई सहायता राशि के खर्च की निगरानी तथा दिव्यांगों की शिकायतों को देखना है।

# 29 युवा मामले और खेल
## (Youth Affairs and Sports)

1. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये–
   1. राष्ट्रीय युवा नीति को 2014 में लागू किया गया।
   2. इस नीति में 15 से 29 वर्ष के व्यक्तियों को युवा माना गया है।
   3. भारत दुनिया में सबसे अधिक युवा आबादी वाला देश है।

   उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?
   (a) केवल 1 और 2 (b) केवल 3
   (c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

**उत्तरः (d)**

**व्याख्याः राष्ट्रीय युवा नीति (National Youth Policy)**– 'राष्ट्रीय युवा नीति' को फरवरी 2014 में लागू किया गया था।
- इसे राष्ट्रीय युवा नीति, 2003 के स्थान पर लाया गया था।
- इस नीति में 15 से 29 वर्ष के व्यक्तियों को युवा के रूप में परिभाषित किया गया है।

2. राष्ट्रीय युवा और किशोर विकास कार्यक्रम के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये–
   1. यह कार्यक्रम 1 अप्रैल, 2008 से लागू किया गया।
   2. इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं और किशोरों के विकास के लिये सरकारी और गैर-सरकारी संगठनों को वित्तीय सहायता प्रदान करना है।

   उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन असत्य है/हैं?
   (a) केवल 1 (b) केवल 2
   (c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

**उत्तरः (d)**

**व्याख्याः राष्ट्रीय युवा और किशोर विकास कार्यक्रम (National Programme for Youth and Adolescent Development)**– राष्ट्रीय युवा और किशोर विकास कार्यक्रम (NPYAD) 1 अप्रैल, 2008 से लागू किया गया था।
- इसके अंतर्गत युवाओं और किशोरों के विकास से संबंधित कार्यकलापों के लिये सरकारी और गैर-सरकारी संगठनों को वित्तीय सहायता दी जाती है।

3. 'खेलो इंडिया' योजना के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये–
   1. इस योजना में राजीव गांधी खेल अभियान, शहरी खेल आधारभूत संरचना योजना एवं राष्ट्रीय खेल प्रतिभा खोज प्रणाली कार्यक्रम को समाहित किया गया है।
   2. खेलो इंडिया का मुख्य उद्देश्य खेलों का आधार व्यापक बनाना एवं खेलों में श्रेष्ठता हासिल करना है।

   उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?
   (a) केवल 1 (b) केवल 2
   (c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

**उत्तरः (c)**

**व्याख्याः खेलो इंडिया (Khelo India)**– 'खेलो इंडिया' एक नई समग्र योजना है जिसमें राजीव गांधी खेल अभियान (आरजीकेए), शहरी खेल आधारभूत संरचना योजना (यूएसआईएस) तथा राष्ट्रीय खेल प्रतिभा खोज प्रणाली कार्यक्रम (एनएसटीएसएसपी) जैसी वर्तमान में ज़ारी योजनाओं को समाहित किया गया है।
- इसे राष्ट्रीय खेल नीति, 2001 के दो लक्ष्यों को हासिल करने के उद्देश्य से शुरू किया जा रहा है।
- ये लक्ष्य हैं– खेलों का आधार व्यापक बनाना और खेलों में श्रेष्ठता हासिल करना।
- इससे देश में खेल संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा और खेलों के साथ-साथ बच्चों, युवाओं और समुदाय का विकास होगा।
- इसके अलावा लैंगिक समानता, स्वस्थ राष्ट्र, राष्ट्रीय गौरव और खेल विकास संबंधी आर्थिक अवसरों में बढ़ोतरी होगी।

4. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये–
   1. अर्जुन पुरस्कार पिछले चार साल के अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन के आधार पर मिलता है।
   2. द्रोणाचार्य पुरस्कार, एक वर्ष में अधिकतम 5 पुरस्कार दिये जा सकते हैं।
   3. अंतरविश्वद्यालयी प्रतियोगिताओं में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विश्वविद्यालयों को मौलाना अबुल कलाम आज़ाद ट्रॉफी प्रदान की जाती है।
   4. राष्ट्रीय खेल प्रोत्साहन पुरस्कार वर्ष 2009 से शुरू किया गया है।

   उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?
   (a) केवल 1 (b) केवल 1, 3 और 4
   (c) केवल 2, 3 और 4 (d) 1, 2, 3 और 4

**उत्तरः (d)**

**व्याख्याः अर्जुन पुरस्कार (Arjuna Award)**
- अर्जुन पुरस्कार की शुरुआत 1961 में की गई थी।
- इसके तहत किसी खिलाड़ी का पिछले चार साल के दौरान अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन होना चाहिये।
- इस पुरस्कार के तहत एक लघु प्रतिमा प्रमाण-पत्र, समारोह की ड्रेस और ₹5 लाख नकद दिये जाते हैं। हर साल अधिकतम 15 पुरस्कार दिये जा सकते हैं।

**द्रोणाचार्य पुरस्कार (Dronacharya Award)**
- द्रोणाचार्य पुरस्कार की शुरुआत 1985 में हुई थी।
- यह पुरस्कार उन प्रशिक्षकों को सम्मानित करने के लिये दिया जाता है जिनके द्वारा प्रशिक्षित खिलाड़ियों और टीमों ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उल्लेखनीय नतीजे दिये हों।

# बजट एवं आर्थिक सर्वेक्षण

# (BUDGET & ECONOMIC SURVEY)

# 1 बजट 2020–21 (Budget 2020-21)

1. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये–
   1. राजकोषीय घाटा सरकार की कुल उधार संबंधी आवश्यकताओं को दर्शाता है।
   2. राजस्व घाटे का अर्थ राजस्व प्राप्तियों की तुलना में राजस्व व्यय का अधिक होना है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

   (a) केवल 1 (b) केवल 2

   (c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

**उत्तरः (c)**
**व्याख्याः** राजकोषीय घाटा राजस्व प्राप्तियों जमा, ऋण-भिन्न पूँजी प्राप्तियों तथा कुल व्यय के बीच का अंतर है। यह सरकार की कुल उधार संबंधी आवश्यकताओं को दर्शाता है। राजस्व घाटे का अर्थ राजस्व प्राप्तियों की तुलना में राजस्व व्यय का अधिक होना है।

2. जीएसटी के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये–
   1. इससे समग्र कर मामलों में 10 प्रतिशत की कमी आई है।
   2. कम जीएसटी दरों के कारण औसत परिवार अब अपने मासिक खर्च में लगभग 4 प्रतिशत की बचत करता है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

   (a) केवल 1 (b) केवल 2

   (c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

**उत्तरः (c)**
**व्याख्याः** संरचनात्मक सुधारों में, वस्तु एवं सेवा कर (GST) हमारे देश में ऐतिहासिक रहा है। इसके कारण लगभग प्रत्येक वस्तु पर प्रभावी कर मामलों में काफी कमी आई है। और इससे समग्र कर मामलों में 10% की कमी आई है। कम जीएसटी दरों के कारण औसत परिवार अब अपने मासिक खर्च में लगभग 4% की बचत करता है।

3. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये–
   1. केंद्र सरकार का ऋण मार्च 2014 के 48.7 प्रतिशत से बढ़कर 2019 में 52.2 प्रतिशत हो गया।
   2. भारत के कर्ज़ तो बढ़े हैं, किंतु साथ ही 2006-2016 के बीच भारत 271 मिलियन लोगों को गरीबी से ऊपर उठाने में समर्थ रहा।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?

   (a) केवल 1

   (b) केवल 2

   (c) 1 और 2 दोनों

   (d) न तो 1 और न ही 2

**उत्तरः (a)**
**व्याख्याः** केंद्र सरकार का ऋण जो हमारे अर्थव्यवस्था के अनिष्ट का कारण रहा है, मार्च 2014 के 52.2% से घटकर मार्च 2019 में जीडीपी के 48.7% पर आ गया। इसके साथ ही 2006-16 के बीच 271 मिलियन लोगों को गरीबी से ऊपर उठाने में भारत समर्थ रहा।

4. केंद्रीय बजट 2020-21 किन महत्त्वपूर्ण विषयों के इर्द-गिर्द बना है?
   1. महत्त्वाकांक्षी भारत
   2. सबके लिये आर्थिक विकास
   3. समाज का संरक्षण

   नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये–

   (a) केवल 1 और 2 (b) केवल 2 और 3

   (c) केवल 1 और 3 (d) 1, 2 और 3

**उत्तरः (d)**
**व्याख्याः** विकल्प (d) सही उत्तर है।

5. पी एम कुसुम (KUSUM) योजना का लक्ष्य क्या है?

   (a) ऊर्जा संप्रभुता प्राप्त करना

   (b) अन्न संप्रभुता प्राप्त करना

   (c) कृषि प्रदूषण समाप्त करना

   (d) इनमें से कोई नहीं

**उत्तरः (a)**
**व्याख्याः** सरकार 2022 तक किसानों की आय दुगुनी करने के लिये प्रतिबद्ध है। इसी के तहत 'कुसुम' (KUSUM) के माध्यम से सरकार ने ऊर्जा संप्रभुता और परंपरागत कृषि विकास योजना के ज़रिये इनपुट मुहैया कराया है।

6. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये–
   1. फरवरी 2020 के बजट भाषण में पहली बार 'अन्नदाता' को 'ऊर्जादाता' बनाने पर बात हुई।
   2. अन्नदाता को ऊर्जादाता बनाने में 'कुसुम' योजना एक महत्त्वपूर्ण सहायक हो सकती है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

   (a) केवल 1

   (b) केवल 2

   (c) 1 और 2 दोनों

   (d) न तो 1 और न ही 2

**उत्तरः (c)**
**व्याख्याः** उपर्युक्त दोनों कथन सही हैं।

# 2 आर्थिक सर्वेक्षण 2019–20
## (Economic Survey 2019-20)

1. निम्न में से एडम स्मिथ की किताब 'द वेल्थ ऑफ नेशंस' (1776) की केंद्रीय थीम क्या नहीं है?
   (a) किसी राष्ट्र का धन, सोना और चांदी नहीं है, बल्कि वस्तुओं और सेवाओं की धारा है।
   (b) किसी भी राष्ट्र की उत्पादक क्षमता श्रम के विभाजन और पूँजी के संचय पर टिकी है।
   (c) देश की आय उसके पूँजी संचय पर निर्भर करती है और यह प्रणाली स्वचालित है।
   (d) ऐसी प्रणाली को समुचित तरीके से चलाने के लिये सरकार का असीमित होना ज़रूरी है।

**उत्तरः (d)**
**व्याख्याः** आर्थिक सर्वेक्षण 2019-20 का प्रारंभ एडम स्मिथ की प्रसिद्ध किताब "An Inquiry into the Nature and Causes of the Wealth of Nations" (1776 में 5 भागों में प्रकाशित) से हुआ है। अतः इसके बारे में जानना आवश्यक है। इस किताब को पूंजीवाद की वैचारिक आधारभूमि माना जाता है। एडम स्मिथ के अनुसार किसी राष्ट्र की संपत्ति सोना, चांदी एवं कीमती धातुएँ (बुलियनवाद) नहीं होती बल्कि वहाँ के लोगों द्वारा उत्पादित वस्तुओं एवं सेवाओं की धारा होती है। ऐसा करने के लिये मुक्त व्यापार की ज़रूरत होती है। व्यापार में हस्तक्षेप कम-से-कम होना चाहिये, उसे (राज्य) केवल कानून-व्यवस्था तक सीमित होना चाहिये। फलतः राज्य को न्यूनतम हस्तक्षेपकारी होना चाहिये। बाज़ार का नियमन बाज़ार के अदृश्य हाथों द्वारा किया जाता है। बाज़ार उत्पादक तभी होगा जब हस्तक्षेप कम हो, श्रम विभाजन एवं विशेषज्ञता पर ज़ोर हो और इससे अर्जित आय को पुनः ज़्यादा उत्पादक मशीनों पर निवेश किया जाए।

2. संपदा सृजन का विचार निम्नलिखित किस ग्रंथ से संबंध नहीं रखता है?
   (a) थिरुकुरल (b) अष्टाध्यायी
   (c) अर्थशास्त्र (d) इनमें से कोई नहीं

**उत्तरः (b)**
**व्याख्याः** संपदा सृजन का विचार थिरुकुरल और अर्थशास्त्र में तो उल्लिखित है परंतु पाणिनीकृत अष्टाध्यायी का संबंध मुख्यतः संस्कृत भाषा और उसके व्याकरण से संबंधित है।

3. व्यावहारिक अर्थशास्त्र के संबंध में निम्नलिखित में से क्या सही है?
   (a) व्यावहारिक अर्थशास्त्र का तात्पर्य है, अर्थशास्त्र के सिद्धांतों को व्यवहार में लाना।
   (b) व्यावहारिक अर्थशास्त्र के अनुसार लोगों का आर्थिक व्यवहार तर्कों और सिद्धांतों से बंधा होता है।
   (c) व्यावहारिक अर्थशास्त्र मानव जाति के अर्थशास्त्र पर नहीं, बल्कि अर्थशास्त्र के मानवीय पहलुओं पर काम करता है।
   (d) व्यावहारिक अर्थशास्त्र के अनुसार अर्थशास्त्र को व्यवहार में लाने के लिये सीमित बल-प्रयोग आवश्यक है।

**उत्तरः (c)**
**व्याख्याः** व्यावहारिक अर्थशास्त्र के क्षेत्र में अमेरिकी अर्थशास्त्री रिचर्ड थेलर को 2017 में नोबेल पुरस्कार मिल चुका है। व्यावहारिक अर्थशास्त्र जटिल और किताबी सिद्धांत की बजाय मानवीय जीवन से जुड़ता है। यह अर्थशास्त्र को मानवीय मनोविज्ञान से जोड़ने का अनूठा प्रयास करता है।

4. 'असेंबल इन इंडिया' के संदर्भ में कौन-सा कथन सही है?
   (a) यह पूंजी गहन उद्योग के निर्यात पर बल देती है।
   (b) यह जापान के निर्यात मॉडल से प्रभावित है।
   (c) अगले 10 वर्षों में 80 मिलियन रोज़गार सृजित करना इसका लक्ष्य है।
   (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं।

**उत्तरः (c)**
**व्याख्याः** श्रम गहन उद्योग निर्यात पर बल देने के लिये असेंबल इन इंडिया को 'मेक इन इंडिया' में समाकलित करने का प्रयास किया जा रहा है ताकि बड़े पैमाने पर रोज़गार सृजन एवं अर्थव्यवस्था का उन्नयन किया जा सके। साथ-ही-साथ यह चीन के निर्यात मॉडल से प्रभावित है।

5. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये–
   1. आर्थिक संप्रभुता किसी राष्ट्र की दक्षता और विश्वास को स्पष्ट करती है।
   2. आर्थिक संप्रभुता किसी राष्ट्र को प्राकृतिक रूप से ही प्राप्त होती है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
   (a) केवल 1 (b) केवल 2
   (c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

**उत्तरः (a)**
**व्याख्याः** आर्थिक संप्रभुता, संप्रभुता का ही एक प्रकार है। संप्रभुता का तात्पर्य है निर्णय लेने की सर्वोच्च शक्ति का होना और बाह्य दबाव में न होना। कोई देश यदि वैश्विक उदारीकरण के दौर में भी आर्थिक संप्रभु है, तो यह उसकी दक्षता और विश्वास को दर्शाता है। साथ ही यह संप्रभुता किसी राष्ट्र को अर्जित करनी पड़ती है, यह प्राकृतिक नहीं होती।

6. उदारीकरण के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये–
   1. उदारीकरण ने वैश्विक स्तर पर संपदा सृजन को बढ़ाने में एवं समवितरण में मदद की है।
   2. उदारीकरण के बाद भारत की जीडीपी एवं प्रतिव्यक्ति जीडीपी में उत्तरोत्तर वृद्धि हुई है।

# करेंट अफेयर्स
# (CURRENT AFFAIRS)

# 1 भारतीय संविधान एवं राजव्यवस्था (Indian Constitution and Polity)

1. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये
   1. 18वीं केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण (CAT) खंडपीठ चंडीगढ़ में स्थापित की गई है।
   2. केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण (CAT) खंडपीठ दो राज्यों के मध्य जल विवाद संबंधी मुद्दों के समाधान के लिये उत्तरदायी होती है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
   (a) केवल 1 (b) केवल 2
   (c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: (d)**

**व्याख्या:** जून 2020 में केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के लिये केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण (Central Administrative Tribunal–CAT) की 18वीं खंडपीठ का उद्घाटन किया गया। अत: कथन 1 सही नहीं है।

- इस प्रकार के अधिकरण को प्रशासनिक या न्यायिक कार्यों के साथ अदालतों के पदानुक्रम के बाहर एक निकाय के रूप में परिभाषित किया गया है। प्रशासनिक अधिकरण राज्य के विभिन्न अंगों के मध्य विवाद का निराकरण करता है, उदाहरण के लिये नागरिक तथा सरकारी एजेंसी का अधिकारी या कानून के किसी क्षेत्र में व्यक्तियों के बीच जहाँ सरकार ने कानून बनाया हो। अत: कथन 2 सही नहीं है।

2. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-
   1. जम्मू-कश्मीर का अधिवास प्रमाणपत्र उन लोगों को जारी किया जाएगा जो जम्मू-कश्मीर केंद्रशासित प्रदेश में 15 वर्ष की अवधि से रह रहे हैं।
   2. अधिवास प्रमाणपत्र जारी करने की कोई अधिकतम सीमा निर्धारित नहीं की गई है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
   (a) केवल 1 (b) केवल 2
   (c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: (a)**

**व्याख्या:** अप्रैल 2020 में केंद्र सरकार ने जम्मू और कश्मीर के लिये नए अधिवास नियम और प्रदेश में रोजगार के लिये पात्रता से संबंधित अधिसूचना जारी की थी।

- सरकार द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, अधिवास (Domicile) की परिभाषा में उन लोगों को शामिल किया गया है जो जम्मू-कश्मीर केंद्रशासित प्रदेश में 15 वर्ष की अवधि से रह रहे हैं अथवा 7 वर्ष तक वहाँ अध्ययन किया है और जम्मू-कश्मीर स्थित शैक्षणिक संस्थान में 10वीं तथा 12वीं कक्षा की परीक्षा में शामिल हुए हैं। अत: कथन 1 सही है।
- जम्मू-कश्मीर ग्रांट ऑफ डोमिसाइल सर्टिफिकेट (प्रोसीजर) रूल्स 2020 के अनुसार, अधिवास प्रमाणपत्र जारी करने के लिये अधिकतम 15 दिनों की अवधि निर्धारित की गई है। अत: कथन 2 सही नहीं है।

3. 'राष्ट्रीय सामाजिक रजिस्ट्री' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-
   1. 'राष्ट्रीय सामाजिक रजिस्ट्री' में नागरिकों की विस्तृत जानकारी होगी।
   2. 'राष्ट्रीय सामाजिक रजिस्ट्री' के माध्यम से नागरिकों की गतिविधियों को ट्रैक किया जा सकता है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
   (a) केवल 1 (b) केवल 2
   (c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: (c)**

**व्याख्या:** राष्ट्रीय सामाजिक रजिस्ट्री आधार से जुड़ा एक एकल डेटाबेस या एकीकृत डेटाबेस है। इसमें प्रत्येक नागरिक धर्म, जाति, आय, संपत्ति, शिक्षा, वैवाहिक स्थिति, रोज़गार, दिव्यांगता और पारिवारिक स्थिति के विवरण होंगे जिसको आधार संख्या का उपयोग करके तैयार किया जाएगा। यह वास्तविक समय में स्वत: अद्यतन हो जाएगा। अत: कथन 1 सही है।

- 'राष्ट्रीय सामाजिक रजिस्ट्री' के माध्यम से नागरिकों की गतिविधियों को ट्रैक किया जा सकता है। अत: कथन 2 सही है।

4. राजसभा के मनोनीत सदस्यों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-
   1. राजसभा के लिये सदस्यों का मनोनयन संबंधी प्रावधान कनाडा के संविधान से लिया गया है।
   2. राजसभा के मनोनीत सदस्य राष्ट्रपति के चुनाव में भाग लेते हैं परंतु महाभियोग में भाग नहीं लेते हैं।
   3. हाल ही में श्री रंजन गोगाई को राजसभा हेतु मनोनीत किया गया है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
   (a) केवल 1 (b) केवल 2
   (c) 1 और 2 दोनों (d) केवल 3

**उत्तर: (d)**

**व्याख्या:** राजसभा के लिये सदस्यों का मनोनयन संबंधी प्रावधान आयरलैंड के संविधान से लिया गया है। अत: कथन 1 सही नहीं है।

- संसद के दोनों सदनों के मनोनीत सदस्य जो राष्ट्रपति के चुनाव में भाग नहीं लेते परंतु महाभियोग में भाग ले सकते हैं। अत: कथन 2 भी सही नहीं है।
- मार्च 2020 में श्री रंजन गोगोई को राजसभा हेतु मनोनीत किया गया है। अत: कथन 3 सही है।

2

# भारतीय इतिहास एवं कला-संस्कृति
## (Indian History and Art-Culture)

1. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-
   1. हाल ही में 'वंदे उत्कल जननी' गीत को आंध्रप्रदेश का राज्यगीत घोषित किया गया है।
   2. 'वंदे उत्कल जननी' गीत की रचना कांतकवि लक्ष्मीकांत महापात्र द्वारा की गई थी।
   3. इस गीत को सर्वप्रथम वर्ष 1912 में उत्कल सम्मिलनी की बैठक में गाया गया था।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
   (a) केवल 2 और 3 (b) केवल 1 और 2
   (c) केवल 3 (d) 1, 2 और 3

**उत्तर: (a)**

**व्याख्या:** जनवरी 2020 में ओडिशा सरकार ने देशभक्ति गीत 'वंदे उत्कल जननी' को राज्यगीत का दर्जा दिया है। ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक की अध्यक्षता में आयोजित मंत्रिमंडल की बैठक में 'वंदे उत्कल जननी' गीत को सरकार मान्यता देने संबंधी निर्णय लिया गया है। अत: कथन 1 सही नहीं है।

- इस गीत की रचना कांतकवि लक्ष्मीकांत महापात्र द्वारा की गई थी। अत: कथन 2 सही है।
- यह गीत सर्वप्रथम वर्ष 1912 में उत्कल सम्मिलनी (Utkal Sammilani) की बैठक में गाया गया था और तभी से यह उत्कल सम्मिलनी की सभी बैठकों में गाया जाता है। उत्कल सम्मिलनी स्वतंत्रता सेनानी मधुसूदन दास द्वारा स्थापित एक सामाजिक और सांस्कृतिक संगठन है। अत: कथन 3 सही है।

2. राष्ट्रीय आधुनिक कला संग्रहालय की स्थापना वर्ष 1954 में की गई थी और यह-
   (a) वर्ष 1850 से अब तक की आधुनिक कलाकृतियों को संकलित एवं संरक्षित करता है।
   (b) अपनी स्थापना से अब तक की आधुनिक कलाकृतियों को संकलित एवं संरक्षित करता है।
   (c) 20वीं शताब्दी से अब तक की आधुनिक कलाकृतियों को संकलित एवं संरक्षित करता है।
   (d) वर्ष 1857 से अब तक की आधुनिक कलाकृतियों को संकलित एवं संरक्षित करता है।

**उत्तर: (a)**

**व्याख्या:** इस संग्रहालय की स्थापना 29 मार्च, 1954 को प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू और गणमान्य कलाकारों एवं कला प्रेमियों की उपस्थिति में देश के उपराष्ट्रपति डॉ. एस. राधाकृष्णन द्वारा औपचारिक रूप से की गई थी।

- राष्ट्रीय आधुनिक कला संग्रहालय के मुख्य लक्ष्य एवं उद्देश्यों में वर्ष 1850 से अब तक की आधुनिक कलाकृतियों (आधुनिक कलात्मक वस्तुओं) को संकलित करना एवं उनका संरक्षण करना, देश और विदेशों में विशिष्ट प्रदर्शनियों का आयोजन, कला से संबंधित विभिन्न क्षेत्रों में उच्च शिक्षा को प्रोत्साहन देना शामिल है। अत: विकल्प (a) सही है।

3. अक्सर चर्चा में रहने वाले तिब्बती बौद्ध धर्म के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-
   1. तिब्बती बौद्ध धर्म में पंचेन लामा का पद दलाई लामा से बड़ा माना जाता है।
   2. लामा एक प्रकार का शीर्षक है, जो केवल कुछ तिब्बती बौद्ध भिक्षुओं को दिया जाता है।
   3. तिब्बती बौद्ध अवतार में विश्वास नहीं रखते हैं।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?
   (a) केवल 1 और 2 (b) केवल 1 और 3
   (c) केवल 3 (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

**उत्तर: (b)**

**व्याख्या:** उल्लेखनीय है कि पंचेन लामा तिब्बत में सबसे महत्त्वपूर्ण धार्मिक नेताओं में से एक है और इनका स्थान तिब्बती बौद्ध धर्म में दलाई लामा के पश्चात् आता है। अत: कथन 1 सही नहीं है।

लामा, बौद्ध धर्म का एक शीर्षक है जिसका अर्थ 'श्रेष्ठ' से है, इसे आधिकारिक तौर पर केवल कुछ चुनिंदा तिब्बती बौद्ध भिक्षुओं को दिया जाता है, जो आध्यात्मिकता के उच्चतम स्तर को प्राप्त करते हैं। अत: कथन 2 सही है।

तिब्बती बौद्ध पुनर्जन्म (अवतार) में विश्वास रखते हैं, इसीलिये तिब्बती मान्यताओं के अनुसार, दलाई लामा और पंचेन लामा समेत सभी लामाओं का निर्बाध पुनर्जन्म हो रहा है। अत: कथन 3 सही नहीं है।

4. हाल ही में चर्चा में रहे 'रामकिंकर बैज' निम्नलिखित किस क्षेत्र से संबंधित हैं-
   (a) शिक्षा (b) संगीत
   (c) चित्रकला (d) नृत्य

**उत्तर: (c)**

**व्याख्या:** 26 मई, 2020 को संस्कृति मंत्रालय के तहत राष्ट्रीय आधुनिक कला संग्रहालय (National Gallery of Modern Art–NMGA) द्वारा रामकिंकर बैज की 115वीं जयंती के अवसर पर आभासी यात्रा (वर्चुअल टूर) का आयोजन किया गया।

आधुनिक भारत के सबसे मौलिक कलाकारों में से एक रामकिंकर बैज एक प्रतिष्ठित मूर्तिकार और चित्रकार थे।

# 3 भूगोल एवं पर्यावरण-पारिस्थितिकी (Geography and Environment-Ecology)

1. हाल ही में चर्चित 'मागुरी-मोतापुंग आर्द्रभूमि' कहाँ स्थित है?
   (a) अरुणाचल प्रदेश (b) असम
   (c) मणिपुर (d) नगालैंड

**उत्तर: (b)**
**व्याख्या:** मागुरी-मोतापुंग असम राज्य में स्थित एक आर्द्रभूमि है। हाल ही में असम के तिनसुकिया ज़िले में स्थित ऑयल इंडिया लिमिटेड के एक संयंत्र में विस्फोट की घटना हुई। इसके प्रभावस्वरूप हुए अनियंत्रित गैस रिसाव का प्रभाव मागुरी-मोतापुंग पर भी पड़ने की आशंका है। अत: विकल्प (b) सही उत्तर होगा।

2. हाल ही में माली के प्रधानमंत्री ने इस्तीफा दे दिया। माली के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-
   1. माली की सीमा अल्जीरिया, नाइजर और नाइजीरिया से लगती है।
   2. माली की मुख्य नदी नील है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
   (a) केवल 1 (b) केवल 2
   (c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: (d)**
**व्याख्या:** माली के प्रधानमंत्री ने देश में बढ़ती हिंसा से निपटने और वहाँ हुए नरसंहार को लेकर आलोचनाओं के बाद अपनी सरकार के साथ इस्तीफा दे दिया।
- माली की सीमा अल्जीरिया, नाइजर एवं बुर्कीना फासो से लगती है। माली की मुख्य नदियों में से एक नाइजर नदी है। अत: कथन 1 और 2 दोनों सही नहीं हैं।

3. हाल ही में खबरों में रहा 'शिज़ोथोरैक्स सिकुसिरुमेन्सिस' (Schizothorax sikusirumensis) क्या है?
   (a) अरुणाचल प्रदेश में खोजी गई मछली की एक प्रजाति।
   (b) कोरोना वायरस के संभावित उपचार हेतु विकसित दवा।
   (c) अफ्रीकी जनजातियों का एक सामूहिक उत्सव।
   (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं।

**उत्तर: (a)**
**व्याख्या:** शिज़ोथोरैक्स सिकुसिरुमेन्सिस (Schizothorax sikusirumensis) हाल ही में अरुणाचल प्रदेश के ईस्ट सियांग ज़िले में में खोजी गई मछली की एक प्रजाति है। अत: विकल्प (a) सही उत्तर होगा।

4. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-
   1. हाल ही में 'कोलकाता पोर्ट ट्रस्ट' का नाम बदलकर 'श्यामा प्रसाद मुखर्जी पोर्ट ट्रस्ट' कर दिया गया है।
   2. कोलकाता बंदरगाह देश का एकमात्र नदी बंदरगाह है।
   3. वर्ष 2017 में गुजरात के 'कांडला बंदरगाह' का नाम बदलकर 'दीन दयाल बंदरगाह' कर दिया गया था।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
   (a) केवल 1 और 2
   (b) केवल 2 और 3
   (c) केवल 1 और 3
   (d) 1, 2 और 3

**उत्तर: (d)**
**व्याख्या:** भारत सरकार ने 'कोलकाता पोर्ट ट्रस्ट' (Kolkata Port Trust) का नाम बदलकर 'श्यामा प्रसाद मुखर्जी पोर्ट ट्रस्ट' (Syama Prasad Mookerjee Port Trust) कर दिया है। यह हुगली नदी पर स्थित है। इस नदी में कई तीव्र मोड़ होने के कारण इसे एक कठिन नौवहन मार्ग माना जाता है। अत: कथन 1 सही है।
- कोलकाता बंदरगाह देश का एकमात्र नदी बंदरगाह है जो समुद्र से 203 किमी. की दूरी पर स्थित है। इस नौवहन मार्ग को वर्ष भर नौवहन योग्य बनाए रखने के लिये यहाँ निष्कर्षण (Dredging) संबंधी गतिविधियाँ चलती रहती हैं। अत: कथन 2 सही है।
- वर्ष 2017 में गुजरात के 'कांडला बंदरगाह' का नाम बदलकर 'दीन दयाल बंदरगाह' कर दिया गया। यह गुजरात राज्य के कच्छ की खाड़ी में अवस्थित एक ज्वारीय पत्तन है। दीन दयाल बंदरगाह पाकिस्तान के कराची बंदरगाह से 256 समुद्री मील (दक्षिण-पूर्व में) एवं मुंबई बंदरगाह से 430 समुद्री मील (उत्तर-पश्चिम में) की दूरी पर अवस्थित है। अत: कथन 3 सही है।

5. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये-

| चक्रवात/तूफान | उत्पत्ति क्षेत्र |
|---|---|
| 1. अंफन | बंगाल की खाड़ी |
| 2. निसर्ग | अरब सागर |
| 3. क्रिस्टोबाल | दक्षिण चीन सागर |

   उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सुमेलित है/हैं?
   (a) केवल 1 और 2 (b) केवल 2
   (c) केवल 1 (d) 1, 2 और 3

**उत्तर: (a)**
**व्याख्या:** चक्रवाती तूफान 'अंफन' (Amphan) ने बंगाल की खाड़ी से तटीय राज्यों पश्चिम बंगाल तथा ओडिशा को प्रभावित किया है। अत: युग्म 1 सही है।
- चक्रवात 'निसर्ग' (Nisarga) से अरब सागर के तटीय राज्य महाराष्ट्र तथा गुजरात प्रभावित हुए हैं। अत: युग्म 2 सही है।

# 4 भारतीय अर्थव्यवस्था
## (Indian Economy)

1. 'गरीब कल्याण रोज़गार अभियान' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें-
   1. यह अभियान 6 राज्यों के प्रवासी मज़दूरों को आजीविका के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आरंभ किया गया है।
   2. इस अभियान हेतु ₹50,000 करोड़ की निधि निर्धारित की गई है।
   3. यह अभियान 15 विभिन्न केंद्रीय मंत्रालयों/विभागों का समन्वित प्रयास है।

   उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं?
   (a) केवल 1 और 2 (b) केवल 2 और 3
   (c) केवल 1 और 3 (d) 1, 2 और 3

**उत्तर : (a)**

**व्याख्या :** वापस आए प्रवासी श्रमिकों और गाँव के लोगों को सशक्त बनाने और आजीविका के अवसर प्रदान करने के लिये भारत सरकार ने एक व्यापक ग्रामीण सार्वजनिक कार्य योजना 'गरीब कल्याण रोज़गार अभियान' शुरू करने का निर्णय लिया। प्रधानमंत्री मोदी 20 जून, 2020 को इस अभियान की शुरुआत की। अत: कथन 1 सही है।

- 125 दिनों का यह अभियान मिशन मोड में चलाया जाएगा। ₹50 हज़ार करोड़ के फंड से एक तरफ प्रवासी श्रमिकों को रोज़गार देने के लिये विभिन्न प्रकार के 25 कार्यों का तीव्र और केंद्रित होकर क्रियान्वयन होगा, तो दूसरी तरफ देश के ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी ढाँचे का निर्माण किया जाएगा। अत: कथन 2 सही है।
- यह अभियान 12 विभिन्न मंत्रालयों/विभागों- ग्रामीण विकास, पंचायती राज, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग, खान, पेयजल और स्वच्छता, पर्यावरण, रेलवे, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस, नई और नवीकरणीय ऊर्जा, सीमा सड़क, दूरसंचार और कृषि का एक समन्वित प्रयास है। अत: कथन 3 सही नहीं है।

2. हाल में ख़बरों में रही केंद्रीय रोज़गार गारंटी परिषद (CEGC) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-
   1. यह मनरेगा अधिनियम, 2005 की धारा 10 (3) (d) के तहत गठित एक फोरम है।
   2. इस परिषद की अध्यक्षता केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री करते हैं।
   3. इस परिषद में आधिकारिक और गैर-आधिकारिक दोनों सदस्य शामिल होते हैं।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?
   (a) केवल 1 और 2 (b) केवल 2 और 3
   (c) केवल 1 और 3 (d) 1, 2 और 3

**उत्तर: (d)**

**व्याख्या:** केंद्रीय रोज़गार गारंटी परिषद (Central Employment Guarantee Council–CEGC), मनरेगा अधिनियम, 2005 (MGNREGA Act, 2005) की धारा 10 (3) (d) के तहत गठित एक फोरम है। अत: कथन 1 सही है।

- केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री 'केंद्रीय रोज़गार गारंटी परिषद' की बैठक की अध्यक्षता करते हैं। अत: कथन 2 सही है।
- इस परिषद के सदस्यों का कार्यकाल 1 वर्ष का होता है। इसमें आधिकारिक और गैर-आधिकारिक दोनों सदस्य होते हैं। यह परिषद मनरेगा के अंतर्गत होने वाले कार्यों के लिये केंद्रीय निगरानी एवं मूल्यांकन प्रणाली की भूमिका निभाती है। अत: कथन 3 सही है।

3. 'ग्लोबल इकोनॉमिक प्रॉस्पेक्ट्स' किस संस्थान द्वारा जारी किया जाता है?
   (a) अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (International Monetary Fund)
   (b) विश्व आर्थिक मंच (World Economic Forum)
   (c) विश्व बैंक (World Bank)
   (d) एशियाई विकास बैंक (Asian Development Bank)

**उत्तर: (c)**

**व्याख्या:** ग्लोबल इकोनॉमिक प्रॉस्पेक्ट्स रिपोर्ट, विश्व बैंक समूह की एक रिपोर्ट है जिसमें वैश्विक आर्थिक विकास एवं संभावनाओं की जाँच की जाती है, इसमें उभरते बाज़ार और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान दिया जाता है। यह वर्ष में दो बार जनवरी और जून में जारी की जाती है। हाल ही में विश्व बैंक (World Bank) ने 'ग्लोबल इकनॉमिक प्रॉसपेक्ट्स' (Global Economic Prospects–GEP) रिपोर्ट जारी की है। 'ग्लोबल इकनॉमिक प्रॉसपेक्ट्स' के अनुसार, COVID-19 महामारी के कारण आर्थिक विकास पर अल्पावधि और दीर्घकालिक दृष्टि से गंभीर प्रभाव पड़ने की उम्मीद है। रिपोर्ट के अनुसार, उभरते बाज़ार और विकासशील अर्थव्यवस्था (Emerging Market and Developing Economies–EMDEs) वाले देश स्वास्थ्य संकट, प्रतिबंध, व्यापार, निर्यात और पर्यटन में गिरावट, इत्यादि जैसी समस्याओं का सामना कर रहे हैं। अत: विकल्प (c) सही है।

4. ज़ीरो बजट नेचुरल फार्मिंग के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-
   1. यह रसायन मुक्त कृषि का एक रूप है जो कृषि की पारंपरिक भारतीय प्रथाओं पर आधारित है।
   2. आंध्र प्रदेश ज़ीरो बजट नेचुरल फार्मिंग की शुरुआत करने वाला देश का पहला राज्य है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
   (a) केवल 1 (b) केवल 2
   (c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

# 5 सामान्य विज्ञान एवं विज्ञान-प्रौद्योगिकी (General Science and Science-Technology)

1. हाल में खबरों में रही 'अल्ट्रा स्वच्छ डिसइंफेक्शन यूनिट' का संबंध है-
   (a) सेना की राशनिंग व्यवस्था से
   (b) स्वच्छ भारत अभियान से
   (c) COVID-19 महामारी संक्रमण की रोकथाम से
   (d) सरकारी अस्पतालों की स्वच्छता से

**उत्तर: (c)**

**व्याख्या:** भारत के 'रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन' (DRDO) द्वारा COVID-19 के संक्रमण को मद्देनज़र रखते हुए 'अल्ट्रा स्वच्छ' नाम से एक डिसइंफेक्शन यूनिट का निर्माण किया गया है। इस यूनिट में पीपीई सूट, कपड़े और इलेक्ट्रॉनिक्स आइटम को रखकर उन्हें वायरस मुक्त किया जा सकता है। इस यूनिट का इस्तेमाल सरकारी कार्यालयों में भी किया जा रहा है। अत: विकल्प (c) सही है।

2. 'थाड' (THAAD) क्या है?
   (a) COVID-19 हेतु एक परीक्षण
   (b) श्वसन संबंधी एक रोग
   (c) एक मिसाइल
   (d) भारतीय वायुसेना का एक विमान

**उत्तर (c)**

**व्याख्या:** थाड का पूरा नाम है 'टर्मिनल हाई एल्टीट्यूड एरिया डिफेंस' (Terminal High Altitude Area Defence) और यह विश्व की सर्वश्रेष्ठ मिसाइल रक्षा प्रणालियों में मानी जाती है। 'थाड' अंतरिक्ष-आधारित और ज़मीन-आधारित निगरानी स्टेशन से जुड़ा होता है। यह स्टेशन अपनी तरफ आने वाली मिसाइलों के बारे में 'थाड इंटरसेप्टर मिसाइल' (Thaad Interceptor Missile) को डेटा ट्रांसफर कर खतरे एवं उसके प्रकार के बारे में सूचित करता है। यह 200 किलोमीटर दूर तक और 150 किलोमीटर की ऊँचाई तक मार करने में सक्षम है। इसकी तकनीकी 'हिट टू किल' है यानी सामने से आ रहे हथियार को रोकना नहीं बल्कि नष्ट कर देना। अत: विकल्प (c) सही है।

3. हाल ही में चर्चा में रहा पद 'आदित्य' किसे संदर्भित करता है?
   (a) सौर ऊर्जा से संचालित अपशिष्ट प्रबंधन इकाई को
   (b) सौर ऊर्जा से संचालित नौका को
   (c) मेगा सोलर पार्क को
   (d) लद्दाख में स्थापित सौर दूरबीन को

**उत्तर: (b)**

**व्याख्या:** भारत की पहली सौर ऊर्जा संचालित नौका 'आदित्य' (Aditya) उन 12 नौकाओं में से एक है जिसे गुस्तावे ट्रोवे अवार्ड (Gustave Trouve Award) के लिये नामित किया गया है।

- यह नौका 20 मीटर लंबी, 7 मीटर चौड़ी और 3.7 मीटर ऊँचाई वाली है। यह 75 सीटों वाली एक नौका है जिसमें 78 सौर पैनल लगे हैं। अत: विकल्प (b) सही है।

4. 'GW190412' निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?
   (a) लड़ाकू विमान से
   (b) COVID-19 से निपटने हेतु एक टीके से
   (c) ब्लैक होल से संबधित घटना से
   (d) नौवहन पोत से

**उत्तर: (c)**

**व्याख्या:** हाल ही में लेज़र इंटरफेरोमीटर ग्रेविटेशनल-वेव ऑब्जर्वेटरी (LIGO) में स्थित गुरुत्वाकर्षण तरंग वेधशालाओं द्वारा दो असमान-द्रव्यमान वाले ब्लैक होल के विलय का पहली बार पता लगाया गया है।

- यह पहली ऐसी खोज है जिसमें असमान द्रव्यमान के दो ब्लैक होल शामिल हैं।
- इस घटना को GW190412 नाम दिया गया है। इस घटना का पता वर्ष 2019 में लगाया गया था। अत: विकल्प (c) सही है।

5. 'आयुष उद्यमिता विकास कार्यक्रम' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-
   1. 'आयुष मंत्रालय' द्वारा 'आयुष उद्यमिता विकास कार्यक्रम' की शुरुआत की गई है।
   2. इस कार्यक्रम के तहत आयुर्वेदिक उपचार तथा योग ख्याति प्राप्त विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में लोगों को प्रशिक्षित किया जाएगा।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
   (a) केवल 1 (b) केवल 2
   (c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: (b)**

**व्याख्या:** 'आयुष मंत्रालय' तथा 'सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय' द्वारा आयुष क्षेत्र को बढ़ावा देने हेतु 'आयुष उद्यमिता विकास कार्यक्रम' की शुरुआत की गई है। 'आयुष उद्यमिता विकास कार्यक्रम' के माध्यम से इस क्षेत्र में अनुसंधान तथा नवाचार को बढ़ावा मिलेगा। अत: कथन 1 सही नहीं है।

- इस कार्यक्रम के तहत भारतीय आयुर्वेद, होम्योपैथी, योग एवं सिद्ध पद्धतियों को बड़े पैमाने पर बढ़ावा दिया जाएगा, साथ ही उद्यमियों को विदेशों में क्लीनिक/आउटलेट खोलने हेतु प्रोत्साहित किया जाएगा ताकि आयुष क्षेत्र में निर्यात को बढ़ावा दिया जा सके। वैश्विक स्तर पर आयुर्वेदिक उपचार और योग की बढ़ती मांग को देखते हुए इस कार्यक्रम के तहत विशेष रूप से आयुर्वेदिक उपचार तथा योग ख्याति प्राप्त विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में लोगों को प्रशिक्षित किया जाएगा। अत: कथन 2 सही है।

# 6 विविध
# (Miscellaneous)

1. 'संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-
   1. हाल ही में भारत को एशिया-प्रशांत क्षेत्र से संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की गैर-स्थायी सदस्यता हेतु निर्वाचित किया गया है।
   2. भारत का कार्यकाल जनवरी 2021 से 2 वर्षों के लिये होगा।
   3. सुरक्षा परिषद के गैर-स्थायी सदस्य के रूप में यह भारत का आठवाँ कार्यकाल होगा।

   उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं?
   (a) केवल 1 और 2 (b) केवल 2 और 3
   (c) केवल 1 और 3 (d) 1, 2 और 3

**उत्तर : (d)**
**व्याख्या:** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की गैर-स्थायी सदस्यता हेतु जून 2020 में निर्वाचन आयोजित किये गए। इस निर्वाचन में भारत को एशिया-प्रशांत क्षेत्र के प्रतिनिधित्व हेतु चुना गया। अत: कथन 1 सही है।
- सुरक्षा परिषद के गैर-स्थायी सदस्य के रूप में यह भारत का आठवाँ कार्यकाल है। यह कार्यकाल जनवरी 2021 से आरंभ होकर दो वर्ष के लिये होगा। अत: कथन 2 व 3 सही हैं। विकल्प (d) सही उत्तर होगा।

2. हाल में खबरों में रहे 'कालापानी' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें-
   1. यह भारत-बांग्लादेश की सीमा पर स्थित दोनों देशों के मध्य एक विवादित क्षेत्र है।
   2. हाल ही में बांग्लादेश की संसद ने कालापानी को अपने नक्शे का भाग घोषित करने संबंधी एक विधि पारित की है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
   (a) केवल 1 (b) केवल 2
   (c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: (d)**
**व्याख्या:** कालापानी उत्तराखंड राज्य में भारत-चीन-नेपाल ट्राई-जंक्शन पर स्थित एक क्षेत्र है। इस पर नेपाल भी अपना दावा प्रस्तुत करता है। इस प्रकार यह क्षेत्र भारत-नेपाल के बीच सीमा विवाद का विषय है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- जून 2020 में नेपाल की संसद ने 'कालापानी' को नेपाल का भाग घोषित करने वाले नेपाल के मानचित्र को विधिक मान्यता प्रदान की। अत: कथन 2 सही नहीं है। विकल्प (d) सही उत्तर होगा।

3. नेशनल इंस्टीट्यूट रैंकिंग फ्रेमवर्क (NIRF) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-
   1. मानव संसाधन विकास मंत्रालय के तत्त्वावधान में यह फ्रेमवर्क 2015 में लॉन्च किया गया था।
   2. यह फ्रेमवर्क राष्ट्रीय स्तर पर संस्थानों की रैंकिंग हेतु कार्यविधि निर्धारित करता है।
   3. NIRF के आधार पर 2020 में जारी रैंकिंग में इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस, बेंगलुरू को ओवरऑल रैंकिंग में अखिल भारतीय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?
   (a) केवल 1 और 2 (b) केवल 2 और 3
   (c) केवल 1 और 3 (d) 1, 2 और 3

**उत्तर: (a)**
**व्याख्या:** नेशनल इंस्टीट्यूट रैंकिंग फ्रेमवर्क (NIRF) को मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा अनुमोदित किया गया था और मानव संसाधन विकास मंत्री द्वारा सितंबर 2015 में इसे लॉन्च किया गया था। अत: कथन 1 सही है।
- NIRF देश भर के संस्थानों को रैंक करने के लिए एक कार्यविधि की रूपरेखा तैयार करता है। अत: कथन 2 सही है।
- NIRF के तहत 2020 में जारी रैंकिंग में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मद्रास को ओवरऑल रैंकिंग में अखिल भारतीय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। अत: कथन 3 सही नहीं है।

4. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये-

| **पोर्टल** | **संबंधित मंत्रालय** |
|---|---|
| 1. राष्ट्रीय कैरियर सेवा पोर्टल | केंद्रीय संचार मंत्रालय |
| 2. राष्ट्रीय कृत्रिम बुद्धिमत्ता पोर्टल | केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय |
| 3. ई-बिज़ पोर्टल | केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय |

   उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सुमेलित है/हैं?
   (a) केवल 1 और 2 (b) केवल 2 और 3
   (c) केवल 3 (d) 1, 2 और 3


**उत्तर: (b)**
**व्याख्या:** राष्ट्रीय कैरियर सेवा 20 जुलाई, 2015 को प्रधानमंत्री द्वारा शुरू की गई एक पंचवर्षीय मिशन मोड परियोजना है। यह परियोजना 'केंद्रीय श्रम एवं रोज़गार मंत्रालय' के महानिदेशालय द्वारा कार्यान्वित की जा रही है। हाल ही में रोज़गार चाहने वाले पंजीकृत उम्मीदवारों के लिये 'मुफ्त ऑनलाइन कैरियर कौशल प्रशिक्षण' की शुरुआत की गई है। अत: युग्म 1 सुमेलित नहीं है।
- भारत में AI से संबंधित संसाधनों के साझाकरण करने हेतु भारत में AI से संबंधित विकास के लिये एक 'स्टॉप डिजिटल प्लेटफॉर्म' के रूप में केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (Union Ministry for Electronics and IT) ने www-ai-gov-in नामक भारत का राष्ट्रीय कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) पोर्टल लॉन्च किया है।

Think IAS

दृष्टि The Vision

Think Drishti

## दृष्टि पब्लिकेशन्स की प्रमुख पुस्तकें





विस्तृत जानकारी के लिये कॉल करें 8448485516, 87501-87501, 011-47532596

# प्रिलिम्स प्रैक्टिस सीरीज़ की पुस्तकें

(यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा पर केंद्रित)


1





2





3




4




5




6




Drishti Publications

641, Ist Floor, Dr. Mukherji Nagar, Delhi-9
Ph.: 011-47532596, 87501 87501
**Website:** www.drishtipublications.com, www.drishtiias.com
**E-mail:** booksteam@groupdrishti.com

ISBN 978-81-945474-1-9
9 788194 547419

मूल्य : ₹ 280